जबलपुर रविवार 28 जून 2026 > शक संवत 1948, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी

वर्ष 32 अंक 04 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।



अब हर रोज दर्पण » 3

**मौसम**

अधिकतम तापमान 38.4°C

न्यूनतम तापमान 27.4°C

सूर्योदय - 5.27 | सूर्यास्त - 7.00



माता-पिता की मेहनत रंग लाई, शिवी मिश्रा की » 2



वाराणसी के सभी बड़े एक्शन सीक्वेंस पूरे » 7



मध्यप्रदेश पुलिस का सेफ क्लिक 2.0 अभियान » 9

# महाराष्ट्र : परीक्षा से एक दिन पहले लीक हुआ टीईटी पेपर

मुंबई

महाराष्ट्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लाखों उम्मीदवारों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। सूबे के ठाणे जिले में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) का पेपर लीक होने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। हैरान करने वाली बात यह है कि यह परीक्षा रविवार 28 जून को आयोजित होने वाली थी, लेकिन एग्जाम से ठीक एक दिन पहले ही पेपर लीक हो गया। इस खबर के सामने आते ही शिक्षा विभाग से लेकर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के बीच हड़कंप मच गया है। महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद, पुणे ने 28 जून 2025 को आयोजित होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। परिषद ने रविवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में

## स्थगित हुई परीक्षा, जांच में जुटा शिक्षा विभाग




बताया कि परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक होने की आशंका सामने आने के बाद यह फैसला लिया गया है। परिषद के अनुसार, 27 जून की सुबह गोपनीय सूचना के आधार पर भिवंडी में पुलिस ने छापेमारी की। जांच के दौरान महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया। प्रारंभिक जांच में संदिग्धों के पास मौजूद कुछ प्रश्न टीईटी 2025 के प्रश्नपत्र से मेल खाते पाए गए। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भिवंडी पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। परिषद ने कहा कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित कराना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए पूरे मामले की गहन जांच पूरी होने तक 28 जून 2025 को प्रस्तावित शिक्षक पात्रता परीक्षा को स्थगित किया जा रहा है। महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा से जुड़ी सभी आधिकारिक और अद्यतन जानकारी केवल परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर ही देखें। नई परीक्षा तिथि की घोषणा जांच पूरी होने के बाद की जाएगी।

### यह युवाओं के भविष्य की चोरी है

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि देश की शिक्षा और परीक्षा प्रणाली को वसूली का तंत्र बना दिया गया है। यह परीक्षा रविवार को होनी थी। एक और पेपर लीक। एक और परीक्षा रद्द। इस बार महाराष्ट्र की टीईटी परीक्षा। कांग्रेस सांसद ने एक्स पर कहा देश के शिक्षा और परीक्षा सिस्टम को उगाही का जरिया बना दिया गया है, जिससे देश का हर युवा असुरक्षित महसूस कर रहा है। यह सिर्फ पेपर लीक नहीं है, बल्कि युवाओं के भविष्य की चोरी है।



### 4 लाख से अधिक छात्र देने वाले थे परीक्षा

बता दें कि कल होने वाली इस परीक्षा में करीब 4 लाख 28 हजार से अधिक छात्र परीक्षा में बैठने वाले थे। अब पेपर लीक होने की वजह से इन लाखों भावी शिक्षकों का भविष्य लटक गया है। बता दें कि इससे पहले भी साल 2025 में पेपर लीक हुआ था। साल 2025 में कोल्हापुर से टीईटी का पेपर लीक होने की घटना सामने आई थी।

### अभी नीट को लेकर नहीं थमा था विवाद

शिक्षा विभाग परीक्षा की ओर से पेपर को स्थगित करने का ऐलान किया गया है। वहीं, एग्जाम की नई तारीख की घोषणा जल्द कर दी जाएगी। अभी नीट परीक्षा में हुए पेपर लीक का मामला थमा नहीं था कि इसी बीच टीईटी का पेपर लीक होने की घटना ने शिक्षा विभाग की खराब कार्यप्रणाली को एक बार फिर उजागर कर दिया है।


### नहीं लिया जाएगा कोई शुल्क

उपायुक्त परीक्षा परिषद प्रिया शिंदे ने बताया कि पेपर लीक मामले के बाद किसी भी उम्मीदवार से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्हें दोबारा रजिस्ट्रेशन कराने की भी आवश्यकता नहीं होगी। जो भी लोग इस मामले में दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच पुलिस कर रही है।

## गाजा में बच्चों को खत्म करने की कोशिश : सोनिया

### दुनिया इजराइल से दूर जा रही और भारत पास

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने गाजा में इजराइल की सैन्य कार्रवाई पर मोदी सरकार के स्टैंड पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा, 'संयुक्त राष्ट्र की स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच आयोग की जून 2026 की रिपोर्ट बताती है कि इजराइल गाजा में फिलिस्तीनियों के अस्तित्व को खत्म करने के इरादे से बच्चों को निशाना बना रहा है। इतनी गंभीर रिपोर्ट आने के बाद भी मोदी सरकार चुप है।' सोनिया ने लिखा कि इस आयोग की अगुआई अब भारत के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस एस. मुरलीधर कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में जारी 94 पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल की कार्रवाई का मकसद गाजा में फिलिस्तीनियों के अस्तित्व को खत्म करना है और इसके लिए बच्चों को निशाना बनाया जा रहा है। गाजा में अब तक कम से कम 20 हजार बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि 44 हजार बच्चे घायल हुए हैं। इनमें से कई बच्चे पूरी जिंदगी के लिए विकलांग या गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बच्चों को निशाना बनाना कोई आकस्मिक घटना नहीं, बल्कि एक सुनियोजित रणनीति है। गाजा में मारे गए या घायल लोगों में 27 प्रतिशत बच्चे हैं। कई लड़कों के सिर और गर्दन में गोली लगने के निशान मिले। गाजा के 97 प्रतिशत स्कूल तबाह हो चुके हैं। बच्चों के अस्पतालों समेत स्वास्थ्य व्यवस्था भी नष्ट कर दी गई है। इसके कारण गर्भपात और प्रसव संबंधी जटिलताओं में 300 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। करीब ढाई साल पहले हमास ने इजराइल पर जो हमला किया था, वह बेहद भयावह, जघन्य और पूरी तरह अस्वीकार्य था। लेकिन इसके बाद इजराइली सेना और राजनीतिक नेतृत्व की जवाबी कार्रवाई अंधाधुंध क्रूरता और बर्बरता से भरी रही।



#### अकेली आवाज ने भी चुप्पी साधी

सोनिया गांधी ने कहा कि जब पूरी दुनिया में इजराइल के खिलाफ विरोध बढ़ रहा है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय गाजा में हुई तबाही को गंभीरता से देख रहा है, तब भारत सरकार अकेली ऐसी आवाज बन गई है, जिसने चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा कि जस्टिस एस. मुरलीधर की रिपोर्ट पर भी मोदी सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### पत्नी और दो बेटों की हत्या कर ट्रेन से कटा युवक

**मुरैना (वार्ता)।** मध्यप्रदेश में मुरैना जिले के माता बसइया थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में एक युवक ने कथित रूप से अपनी पत्नी और दो मासूम बेटों की कुल्हाड़ी से हत्या करने के बाद ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार यह घटना शुक्रवार देर रात की है। शनिवार सुबह जब परिवार के घर का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों ने बाउंड्रीवाल से झांककर देखा। घर के आंगन में महिला और दोनों बच्चों के शव पड़े होने पर पुलिस को सूचना दी गई। मृतकों की पहचान रविता, आरव और देवू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी बलराम सिंह कुशवाह ने वारदात को अंजाम देने के बाद शिकारपुर रेलवे फाटक पर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक आरोपी पत्नी के डांस वीडियो से नाराज था। बेटों ने ही मां का वीडियो उसे भेजा था, जिसके बाद विवाद बढ़ गया था।

### खड़ी कार का एयरबैग खुलने से युवक की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में एक खड़ी कार में अचानक एयरबैग खुलने से 25 साल के कार डीलर की मौत हो गई। युवक का नाम मोहित सोनी है। वह एक 15 साल पुरानी कार के अंदर बैठा था। तभी अचानक गाड़ी का सेफ्टी सिस्टम एक्टिव हो गया। एयरबैग इतनी तेजी से खुला कि उसके जोरदार झटके से उसकों गंभीर चोटें आईं। ज्यादा खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई।

### दिल्ली से कश्मीर तक भूकंप के तेज झटके

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में शनिवार शाम 7.04 बजे 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। इसका असर अफगानिस्तान समेत 8 देश भारत, पाकिस्तान, चीन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान और तुर्कमेनिस्तान में देखा गया। देश में जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर में भी झटके महसूस किए गए। लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अब तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। इसका केंद्र उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान में कलाफगान से करीब 81 किलोमीटर दूर था और गहराई 215 किलोमीटर थी।

## मुहर्रम जुलूस में दर्द की दवा बताकर बांटे जहरीले कैप्सूल

### पुलिस ने 14,900 कैप्सूल के साथ व्यक्ति को पकड़ा

मुंबई

मुंबई में मोहर्रम जुलूस के दौरान लोगों को जिंक फॉस्फाइड के जहरीले कैप्सूल बांटने का मामला सामने आया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, आरोपी फैयाज प्रेमजी 'दर्द से राहत' के नाम पर लोगों को ये कैप्सूल देने की कोशिश कर रहा था। मामला मुंबई के जेजे और भायखला इलाके का है। जूलूस के दौरान आरोपी ने कई लोगों को ये कैप्सूल दिए थे। इनमें से एक शख्स का पेट दर्द और उल्टी होने लगी। इसके बाद लोगों को कुछ शक हुआ तो पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस ने आरोपी को 14,900 कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया। उसने हर कैप्सूल में करीब एक ग्राम जहर भरा था। इसके लिए 50 किलो जिंक फॉस्फाइड मंगाया था। आरोपी करीब 30 हजार जहरीले कैप्सूल बनाने की तैयारी में था। जिंक फॉस्फाइड का इस्तेमाल चूहे मारने वाली दवा बनाने के लिए किया जाता है।



#### ईरान-इराक गया था आरोपी

फैयाज पुणे का रहने वाला है और पेंट का कारोबार करता है। डीसीपी जयंत मीणा ने बताया, पूछताछ में पता चला कि आरोपी मुहर्रम जुलूस को निशाना बनाना था। साल 2025 में ईरान और इराक गया था। इन यात्राओं का उद्देश्य क्या था और क्या इनका इस मामले से कोई संबंध है, इसकी भी जांच की जा रही है।

## सरकार आते ही सब संघ के हो गए...

### अफसरों के आरएसएस प्रेम पर कैलाश विजयवर्गीय का बड़ा कटाक्ष

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार के अफसरों और कर्मचारियों पर कैलाश विजयवर्गीय ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में हर अधिकारी-कर्मचारी खुद को राष्ट्रीय स्वयंसेवक का बताने की कोशिश करता है। भोपाल में कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, हम सरकार में हैं और जो भी अधिकारी आता है, वो कहता है- सर, मैं शाजापुर में था तो माखन सिंह जी जो शाखा लगाते थे, मैं उसमे जाता था। हमारी सरकार में जो भी अधिकारी आता है, कहता है, मैंने भी पट्टी बांधी है, मैंने भी बेल्ट बांधी है, चड्डी पहनी है। हर अधिकारी, हर कर्मचारी ऐसा सोचता है। सरकार आने के बाद सब संघ के हो गए। हर अधिकारी संघ का हो गया। एक अधिकारी ने मुझसे कहा कि मेरे पिताजी शाखा में जाते थे। दूसरे अधिकारी ने कहा कि मेरे पिताजी शाखा के अध्यक्ष थे। अध्यक्ष तो होते नहीं हैं, खैर... अब अपने-अपने तरीके से बहुत भीड़ हो गई है। इस भीड़ में अच्छे इंसानों की कमी होती जा रही है। संगठन बढ़ रहा है, कहने के लिए विचारधारा भी बढ़ रही है। लेकिन अगर अच्छे इंसान नहीं होंगे, तो इस विचारधारा का महत्व क्या है? इस पर चिंतन और मनन करना चाहिए। इससे पहले विजयवर्गीय तब चर्चा में आए थे, जब उन्होंने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि अगर कुछ मुसलमान दूसरे धर्मों के जन-प्रतिनिधियों को काफिर कहते हैं, तो उन्हें उनके बनाए रास्तों पर नहीं चलना चाहिए और लाड़ली बहना योजना जैसी योजनाओं का फायदा नहीं उठाना चाहिए।



## प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स के तीन दिवसीय दौरे पर

**विक्टोरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तीन दिवसीय दौरे पर सेशेल्स पहुंचे। राजधानी विक्टोरिया में राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं ने नेशनल बोटैनिकल गार्डन में एल्डाब्रा जाइंट कछुओं को पत्तियां खिलाईं। मोदी 29 जून को सेशेल्स के 50वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि भी होंगे। पीएम मोदी ने सेशेल्स दौरे पर कहा- सेशेल्स भारत का महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी और विजन महासागर का प्रमुख साझेदार है। इस साल भारत और सेशेल्स के बीच राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। दोनों देशों के संबंध आपसी विश्वास, लोकतांत्रिक मूल्यों, विविधता के सम्मान और लोगों के गहरे जुड़ाव पर आधारित हैं। फरवरी 2026 में राष्ट्रपति हर्मिनी की भारत यात्रा के बाद अब इस दौरे में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा होगी। दोनों देश हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा, समृद्धि और विकास को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगे। मैं सेशेल्स की नेशनल असेंबली को संबोधित करने वाला पहला भारतीय प्रधानमंत्री बनूंगा। यह अवसर दोनों देशों के मजबूत लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को दर्शाता है। सेशेल्स में बसे भारतीय समुदाय से मिलने का भी अवसर मिलेगा, जिसने पीढ़ियों से दोनों देशों की मित्रता को मजबूत किया है। मुझे विश्वास है कि यह यात्रा भारत-सेशेल्स संबंधों को और गहरा करेगी, हिंद महासागर में समुद्री सहयोग बढ़ाएगी और सुरक्षित, शांतिपूर्ण व समृद्ध हिंद महासागर क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगी।



## चंपत राय के इस्तीफे पर फैसला 11 जुलाई को

### हरिद्वार में 8 दिन पहले लिखी गई इस्तीफे की स्क्रिप्ट

अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने अपने पद से इस्तीफा दबाव में दिया। इसकी स्क्रिप्ट 8 दिन पहले हरिद्वार में लिखी गई। विश्व हिंदू परिषद की 18 और 19 जून को हरिद्वार में बैठक थी। इसमें अयोध्या से चंपत राय और गोपाल राव शामिल हुए थे। सूत्र बताते हैं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने दोनों से राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जानकारी ली। चढ़ावे के हिसाब-किताब में हेराफेरी को लेकर दोनों को फटकार लगाई थी। अब श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने शनिवार को चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे की पुष्टि कर दी। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा कि महामंत्री चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा से त्यागपत्र मिला है। हम अपनी 11 जुलाई को होने वाली बैठक में इस पर विचार करेंगे। हम उन भक्तों को आश्वस्त करते हैं, जिन्होंने चांदी की ईंटें और सोने-चांदी के आभूषण प्रभु श्रीराम की सेवा में अर्पण किए हैं। वे सभी वस्तुएं सुरक्षित हैं। हम विश्वास दिलाते हैं कि भविष्य में कोई दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति न बने, ऐसा सुनिश्चित करेंगे। अपराधियों को कड़ा दंड मिले, इसका आग्रह करेंगे। उधर, जेल सूत्रों ने मुताबिक, रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 आरोपियों को फैजाबाद जेल में पहली रात नींद नहीं आई। सभी करवटें बदलते रहे। इस कांड को लेकर सभी आपस में चर्चा करते और कहासुनी भी करते रहे। सोमवार को उन्हें दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस बीच, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने राम मंदिर में अरविंद केजरीवाल के वीआईपी ट्रीटमेंट पर सवाल उठाए हैं। 'एक्स' पर दो तस्वीरें शेयर कर पूछा- केजरीवाल के लिए कैमरे और विशेष छूट, लेकिन बाकियों के लिए कड़े नियम? कुछ दिन पहले जब मैंने दर्शन किए, तब व्यवस्था अलग थी। सरकार बताए कि ये रिश्ता क्या कहलाता है?



#### भगवान भी महादंड देंगे



इंडोनेशिया के जकार्ता में पं. धीरेंद्र शास्त्री भावुक हो गए। कहा- रावण तो ये भी हैं बस रूप बदल गए हैं। रावण ने तो केवल माता जानकी जी की चोरी की थी। राम मंदिर के दानपात्र से लाखों-करोड़ों लोगों की श्रद्धा और भरोसा चोरी हुआ। हमें खबर मिली है कि एफआईआर हुई है। अभी और जांच हो। पक्का है और पकड़े जाएंगे। उन्होंने कहा- सच तो सच है, जिसको बुरा लगता है उसे लगे। रावण ने माता जानकी जी की चोरी की थी, उसका परिणाम ये निकला कि उसका परिवार नाश हो गया। चढ़ावा चोरी करने वाले सरकारी दंड तो पाएंगे ही ही, भगवान भी महादंड देंगे।

#### दान चोरी को बताने घर-घर जाएगी कांग्रेस



दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर में दान चोरी के मामले को लेकर राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को भ्रष्ट बताते हुए उनके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की। साथ ही कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट का गठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है, इसलिए इसकी जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस राम मंदिर में दान चोरी के मुद्दे को गांव-गांव लेकर जाएगी। उन्होंने बताया कि उज्जैन जिले की 609 पंचायतों में कांग्रेस ने दल और मंडल स्तर पर समितियां बनाई हैं, जो घर-घर जाकर लोगों को इस मामले की जानकारी देंगी।

## केंद्रीय मंत्री ने अपने ही विभाग से ले ली 1 करोड़ की सब्सिडी

जयपुर। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी पर उनके ही विभाग से करीब 1 करोड़ रुपये की सब्सिडी लेने के आरोपों को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। विपक्ष लगातार इस मुद्दे को लेकर उन पर हमलावर है। अब इन आरोपों पर खुद केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने खुलकर अपनी बात रखी है और विपक्ष के आरोपों को पूरी तरह से खारिज किया है। भागीरथ चौधरी ने कहा कि वह बचपन से ही खेती से जुड़े हुए हैं और किसान वर्ग से आते हैं। उन्होंने कहा खेती हमारा पैतृक रोजगार है। राजस्थान डीडवाना-कुचामन जिले के पीह गांव में मेरी जमीन है। वहां पानी की भारी किल्लत है और भूमिगत जल लगभग समाप्त हो चुका है। ऐसे में मैंने वहां वर्षा जल संचयन के लिए 2 करोड़ लीटर क्षमता का एक फार्म पॉन्ड और पॉलीहाउस बनवाया है। सब्सिडी के सवाल पर स्पष्टीकरण देते हुए कृषि राज्य मंत्री ने बताया कि यह लाभ उन्हें किसी विशेष रियायत के तहत नहीं, बल्कि सरकारी नियमों के अनुसार मिला है। उन्होंने कहा कि पॉलीहाउस की कुल लागत पर 50 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान है, जो देश के हजारों किसानों को मिलता है। उन्होंने इसके लिए साल 2018 में ही आवेदन किया था और साल 2025 में पॉलीहाउस लगने व फसल खड़ी होने के 6 महीने बाद, बाकायदा फोटोग्राफी और सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने पर यह सब्सिडी जारी हुई है।



# ब्रांडेड कंपनी की बोरियों में भरकर बेची जा रही थी नकली डीएपी, जिला प्रशासन ने किया भंडाफोड़

### पाटन के ग्राम करौंदी का मामला, भारी मात्रा में सामग्री हुई जब्त



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कीटनाशकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे आकस्मिक जांच अभियान में कृषि अधिकारियों को बड़ी सफलता मिली है। कृषि अधिकारियों ने शनिवार को विकासखंड पाटन के ग्राम करोंदी में छापामार कार्यवाही कर बड़ी मात्रा में नकली डीएपी बनाने में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री और ब्रांडेड कंपनी की खाली बोरियां जब्त की हैं ।

#### भारी मात्रा में मिली नकली सामग्री

उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ इंदिरा त्रिपाठी के नेतृत्व में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पाटन पंकज श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पनागर पंकज शर्मा द्वारा की गई इस कार्यवाही में ग्राम करौंदी में 14 मील स्थित बहादुर सिंह राजपूत के घर से दानेदार सामग्री की 61 भरी और 100 खाली बोरियां तथा पीपीएल कंपनी के डीएपी के 56 खाली बैग बरामद किये गये। उन्होंने बताया कि दानेदार सामग्री का इस्तेमाल नकली डीएपी बनाने में किया जा रहा था। जबकि, खाली बोरियों पर पीपीएल कंपनी का नाम और लोगो स्थानीय स्तर छपवाया गया लग रहा था।

#### गोदाम को किया सील

उप संचालक कृषि ने बताया कि कार्यवाही के दौरान बहादुर सिंह राजपूत के निवास से तौल कांटा भी पाया गया। इसके अलावा पीपीएल ( पारादीप फास्फेट लिमिटेड की 31 भरी बोरियां भी जब्त की गई हैं। आशंका है कि ये बोरियां नकली डीएपी से भरी गई हैं। बहादुर सिंह राजपूत के निवास पर पायी गई ये सभी सामग्री को पंचनामा बनाकर जब्त कर लिया गया है।

उप संचालक कृषि के मुताबिक बहादुर सिंह राजपूत के निवास के साथ-साथ कृषि अधिकारियों की टीम ने विष्णु वराह कृषि केंद्र की भी जांच की। इस प्रतिष्ठान के संचालक बहादुर सिंह राजपूत ही हैं। जांच की कार्रवाई के दौरान इस प्रतिष्ठान से इमिडाक्लोप्रिड की 42 बोतलें, हेक्साकोनाजोल की 50 बोतलें, अटेन की 300 बोतलें तथा टीओपोमोज़ीम की 48 बोतलें बरामद की गईं। बिना प्रिंसिपल सर्टिफिकेट के बेचे जा रहे इन कीटनाशकों को भी पंचनामा बनाकर जप्त कर लिया गया है तथा प्रतिष्ठान के कीटनाशक गोदाम को भी सील कर दिया गया है।



# हवा उड़ा ले जा रही घने बादल, हल्की बारिश से आमजन को मिली राहत

### तापमान में आई ठंडक, जल्द शुरू होगा झमाझम बारिश का दौर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शनिवार को बादलों के बीच हल्की फुहारों को दौर जारी रहा हालाँकि संस्कारधानी सहित देश के कई राज्यों में मानसून का इंतजार लगभग खत्म ही हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून मध्य प्रदेश के जबलपुर में दस्तक दे चुका है। अभी शुरूआती टूर पर हल्की बरसात शुरू हो चुकी है। राहत की इस खबर के बीच, फिलहाल लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। शाम होते ही हल्की हवाओं का दौर शुरू हो जाता है पर थोड़ी देर बाद ही मौसम सामान्य और उमस से भरा जाता है।

#### ऐसा रहा तापमान

शनिवार का दिन धूप और गर्मी के साथ बादल और हल्की बरसात का रहा। अधिकतम तापमान जहां 38.4 तो वहीं न्यूनतम तापमान 27.4 रहा वहीं 0.3 मिलीमीटर बारिश भी दर्ज की गयी। शहर भले ही बादलों के कारण बेचैन करने वाली उमस की चपेट में रहा पर बारिश के कारण राहत मिली।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसून के आगमन से ठीक पहले इस तरह की भीषण उमस और तापमान में बढ़ोतरी एक सामान्य प्रक्रिया है। कुछ ही दिनों में आसमान पूरी तरह बादलों से ढकने वाला है।

# बाजना मठ वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

### 78 वृद्धजनों की हुई मुफ्त जांच, मिला डॉक्टरों का सहारा



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशानुसार और कलेक्टर के आदेश पर शनिवार, 27 जून को तिलवारा रोड स्थित वरिष्ठ आश्रम बाजनामठ में वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आश्रम के बुजुर्गों को उनके निवास स्थान पर ही बेहतर और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराना था। शिविर की शुरुआत में अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान और एपीएम संदीप नामदेव ने सभी वृद्धजनों का फल भेंट कर स्वागत किया। इस सेवा भावना से अभिभूत होकर बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान बिखर गई। इसके बाद विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सभी बुजुर्गों के स्वास्थ्य का परीक्षण शुरू किया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 78 वृद्धजनों का पंजीकरण कर उनकी विस्तृत जाँच की गई। साइंस हाउस लैब, जिला चिकित्सालय विक्टोरिया के सहयोग से मौके पर ही खून व अन्य लैब टेस्ट किए गए। जांच के दौरान डायबिटीज के 36, उच्च रक्तचाप के 25, नेत्र रोग के 6 और मनोरोग से संबंधित 5 मरीजों की पहचान कर उन्हें मुफ्त दवाइयां और जरूरी चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में डॉ. उषा दत्त, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. सारिका दुबे सहित नर्सिंग स्टाफ ने अपनी सेवाएं दीं।

# बिजली या अटैक, सवालों में घिरी किसान की मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



कुण्डम थाने में 45 वर्षीय दिनेश मार्को निवासी गनियारी ने सूचना दी कि वह खेती किसानी करता है और उसके 36 वर्षीय जीजा बाबूलाल मसराम लगभग 20 वर्ष पहले से अपने परिवार सहित उसके घर में रहते हैं एवं खेती किसानी करते थे। 26 जून की दोपहर बाबूलाल धान बोने के लिये हल एवं बैल लेकर अकेले खेत गये थे। शाम को बैल हल सहित घर वापस आ गये पर जीजा बाबूलाल नहीं आये , रात लगभग 8 बजे जीजा की तलाश आसपास एवं खेत तरफ की पता नहीं चला अगले दिन की सुबह उसकी बहन सुभद्रा हल, बैल लेकर खेत गयी देखी खेत में लगे महुआ के पेड़ के नीचे पेड़ से टिके हुये जीजा बाबूलाल पड़े हुये थे। बहन ने फोन कर उसे जानकारी दी वह गांव वालों के साथ जाकर देखा की उसके जीजा महुआ के पेड़ के नीचे पेड़ से टिके हुये मृत अवस्था में पड़े थे, सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। प्रारम्भिक जांच में आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होना पाया गया इसके साथ ही ह्रदय गति रुक जाना भी वजह हो सकता है।

# कल होगी नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश 108 परिक्रमा



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** चातुर्मास विश्राम के बाद हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश ,भगवान राधा कृष्णा, लड्डू गोपाल, तुलसी मैया के साथ 108 परिक्रमा संकीर्तन करते हुए 29 जून सोमवार जेठ पूर्णिमा सुबह 6 बजे आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दासजी महाराज एवं संकीर्तचार्य सुरेश विश्वकर्मा के सानिध्य की जाएगी। नर्मदा महाआरती के संस्थापक परिक्रमा के डॉ सुधीर अग्रवाल, सुषमा शंकर पटेल, श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान ,मनोज, दुर्गा पटेल, शिव कुमार पटेल, विनोद विश्वकर्मा, कैलाश विश्वकर्मा ने सभी श्रद्धालुजनो से जुड़ने की अपील की।

## आपस में भिड़े शराब पी रहे दोस्त

**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** पाटन थाने में 29 वर्षीय हर्ष रैकवार निवासी सैलवाड़ा ,तेंदुखेड़ा वर्तमान पता व्यास मैरिज गार्डन पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह व्यास मैरिज गार्डन में लगभग 7 माह से वेटर का काम करता है एवं वहीं पर रहता है। देर रात वह साथी मोहन ठाकुर के साथ व्यास मैरिज गार्डन में शराब पी रहा था। शराब के नशे में उसने मोहन ठाकुर से कुछ मजाक कर दिया, इसी बात पर मोहन ठाकुर उसके साथ गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो मोहन भड़क गया और मारपीट कर जमीन पर पटक और चोट पहुँचा दी।

# हिन्दू नाम रखकर मुस्लिम युवक पर युवतियों को प्रेमजाल में फंसाने का आरोप

### युवतियों की शिकायत के बाद हिंदू संगठनों ने किया जमकर हंगामा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मदन महल थाना क्षेत्र स्थित डेंटल स्क्वायर क्लीनिक में विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शनिवार की शाम हंगामा किया। बताया जा रहा है कि एक मुस्लिम युवक पर पहचान बदलकर डेंटिस्ट के रूप में काम करने और हिंदू युवतियों को प्रेम जाल में फंसाने का आरोप है। दो पीड़ित युवतियों के सामने आने के बाद यह मामला उजागर हुआ। आरोपों के मुताबिक पश्चिम बंगाल निवासी सैयद इशाक असरार नामक युवक क्लीनिक में राजकुमार नाम से डेंटिस्ट के तौर पर कार्यरत था। क्लीनिक संचालक डॉ. साकेत अग्रवाल ने उसे नौकरी पर रखा था।

शिकायतकर्ता डेंटिस्ट युवती ने बताया कि आरोपी पहले हैदराबाद में रहता था, जहां




उसने एक हिंदू महिला से दोस्ती की थी। इसके बाद वह कोलकाता गया, जहां उसकी मुलाकात इस पीड़िता से हुई और वे साथ रहने लगे। बाद में दोनों जबलपुर आए और



यहां एक गायत्री मंदिर में कथित तौर पर शादी कर ली, हालांकि युवक ने इसका कोई वैध दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया।

कई बार अपडेट किए दस्तावेज-पीड़िता का आरोप है कि युवक ने अपनी पहचान छिपाने के लिए कई बार अपने पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज अपडेट किए हैं, जिनमें से अधिकांश फर्जी हैं। यह भी आरोप है कि उसने इस तरह नाम बदलकर तीन हिंदू लड़कियों को अपने जाल में फंसाया है। मामले की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता क्लीनिक पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद पीड़िता और क्लीनिक संचालक मदन महल थाने पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ के कारण गहमागहमी का माहौल बन गया।

लोगों ने क्लिनिक संचालक पर भी दस्तावेज बिना सही से जांचे नौकरी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है और सभी दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है।

# रादुविवि स्टडी सर्किल ने आयोजित की हेरिटेज वॉक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



युवा आयाम प्रज्ञा प्रवाह महाकौशल विचार मंच महाकौशलरानी दुर्गावती विश्वविद्यालय स्टडी सर्किल की मझौली तहसील के इंद्राणा गांव स्थित जीविका आश्रम में हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। विंध्य पर्वत श्रृंखला की सुरम्य वादियों के बीच स्थित इस आश्रम में प्रतिभागियों ने भारतीय ग्रामीण जीवन, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का निकट से अनुभव प्राप्त किया। हेरिटेज वॉक के दौरान प्रतिभागियों ने विलुप्त होती लोककलाओं, पारंपरिक शिल्प, लोकसंगीत तथा ग्रामीण जीवनशैली का अवलोकन किया। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था, स्थानीय कारीगरों की कार्यशैली और भारतीय संस्कृति की जड़ों को समझने का अवसर मिला। आश्रम में लोहा, लकड़ी, हस्तशिल्प, नक्काशी एवं अन्य पारंपरिक ग्रामीण कलाओं का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने युवाओं को भारतीय लोक संस्कृति की समृद्ध विरासत से परिचय कराया। इस अवसर पर डॉ आशीष यादव ने कहा कि जीविका आश्रम का प्रवास उनके लिए आजीवन स्मरणीय अनुभव रहा, जहां उन्हें भारतीय ग्रामीण जीवनशैली, परंपराओं और संस्कृति को निकटता से देखने एवं समझने का अवसर मिला।

# लोकायुक्त कार्रवाई के बाद सहायक अभियंता हुए निलंबित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ %जीरो टॉलरेंस% की नीति अपनाते हुए मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने कार्यवाही कर कंपनी प्रबंधन ने दमोह वृत्त के हटा उपसंभाग में पदस्थ सहायक अभियंता राजेश कुमार सहाय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। यह कठोर कदम सहायक अभियंता राजेश सहाय को लोकायुक्त सागर की टीम द्वारा 25 जून को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किए जाने के बाद उठाया गया है। अधीक्षण अभियंता दमोह से प्राप्त रिपोर्ट और तथ्यों के आधार पर कंपनी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए निलंबन आदेश जारी किया। निलंबन की इस अवधि के दौरान सहाय का मुख्यालय मुख्य अभियंता कार्यालय तय किया गया है और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। विभाग में पारदर्शी, जवाबदेह और भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति बनाए रखना कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और ऐसे मामलों में आगे भी इसी तरह त्वरित और कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

# स्व. ईश्वरदास रोहाणी की जयंती पर होंगे विविध आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी की 80वीं जन्मजयंती के अवसर पर दादा रोहाणी सेवा समिति द्वारा 28 जून से 1 जुलाई तक चार दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य दादा के जनसेवा, राष्ट्रभक्ति और समर्पण के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना है। उत्सव की शुरुआत रविवार, 28 जून को सुबह शिवाजी ग्राउंड, सदर से दादा लीजेंडरी रन उत्सव 2026 के साथ होगी। इस फिटनेस और नशामुक्ति जागरूकता रन में शहर के हजारों युवाओं और नागरिकों की भागीदारी रहेगी। अगले दिन, 29 जून को महाकौशल महाविद्यालय में विशाल रक्तदान शिविर और रोजगार मेका ,तीसरे दिन, 30 जून को अंपायर चौक स्थित दादा रोहाणी पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी। इस चार दिवसीय गरिमामयी महोत्सव का समापन 1 जुलाई को मानस भवन में गौरव शिखर सम्मान समारोह के साथ होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शामिल होने की संभावना है।

# बिजली ग्रिडों पर होगा तीसरी आंख का पहरा

### एमपी ट्रांसको के सबस्टेशनों पर लगेंगे एचडी कैमरे

जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।

एमपी ट्रांसको ने प्रदेश के एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज सबस्टेशनों की सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन और ग्वालियर सहित राज्य के 417 सबस्टेशनों पर लगभग 8.15 करोड़ रुपये की लागत से हाई-परफॉर्मेंस एचडी सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। ड्रोन से लाइनों की निगरानी के बाद कंपनी का यह अगला बड़ा तकनीकी सुरक्षा कवच है। यह कदम 'कॉपर न्यूट्रल स्ट्रिप' की बढ़ती चोरी को रोकने के लिए उठाया गया है। ऊर्जा मंत्री के अनुसार, चोरों के



लिए मामूली दिखने वाली यह कॉपर स्ट्रिप ट्रांसफॉर्मर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होती है। इसकी चोरी से न केवल चोरों की जान को खतरा रहता है, बल्कि ट्रांसफॉर्मर पूरी तरह डैमेज हो सकता है। चूंकि ये विशेष ट्रांसफॉर्मर केवल ऑर्डर पर ही बनते हैं, इसलिए इनके खराब होने से प्रभावित इलाकों की बिजली आपूर्ति 3 से 4 महीने तक ठप हो सकती है।

#### 360 डिग्री कवरेज प्रदान करेंगे कैमरे

इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए लगाए जा रहे आधुनिक एचडी कैमरे सबस्टेशनों को 360 डिग्री कवरेज प्रदान करेंगे। इन कैमरों में नाइट विजन, मोशन डिटेक्शन और हाई-रिजॉल्यूशन रिकॉर्डिंग जैसी बेहतरीन तकनीकें शामिल हैं। तकनीक की सबसे खास बात यह है कि इन कैमरों का लाइव फीड सीधे सबस्टेशन प्रभारियों के मोबाइल पर उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही, ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क की मदद से जबलपुर स्थित शक्तिभवन मुख्यालय के केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से राज्य के सभी 417 सबस्टेशनों को जोड़ा जा रहा है।

# शिक्षक केवल ज्ञानदाता नहीं, जीवन का सच्चा मार्गदर्शक

**किसी भी व्यक्ति के जीवन की सफलता केवल उसकी प्रतिभा पर नहीं, बल्कि उसे सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक पर भी निर्भर करती है। माता-पिता के बाद यदि कोई व्यक्ति बच्चे के व्यक्तित्व, चरित्र और भविष्य के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो वह शिक्षक होता है। शिक्षक केवल पुस्तकों का ज्ञान नहीं देता, बल्कि अपने अनुभव, संस्कार और प्रेरणा से विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा प्रदान करता है। इसलिए भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर के समान सम्मान दिया गया है।**

### शिक्षक का वास्तविक स्वरूप

शिक्षक का कार्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना या परीक्षा की तैयारी कराना नहीं है। वह विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे विकसित करता है। एक आदर्श शिक्षक अपने विद्यार्थियों में अनुशासन, ईमानदारी, परिश्रम, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों का विकास करता है।




वह उन्हें केवल सफल विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनने की प्रेरणा देता है।

### प्रेरणा और आत्मविश्वास का स्रोत

जीवन में हर विद्यार्थी कभी न कभी असफलता, निराशा या भ्रम का सामना करता है। ऐसे समय में शिक्षक उसका मनोबल बढ़ाता है और उसे हार न मानने की सीख देता है। एक प्रेरणादायक शिक्षक अपने शब्दों और व्यवहार से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार करता है। इतिहास गवाह है कि अनेक महान व्यक्तियों की सफलता के पीछे उनके किसी शिक्षक का अमूल्य मार्गदर्शन रहा है।

### राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका

शिक्षक केवल एक विद्यार्थी का नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करता है। उसके द्वारा शिक्षित विद्यार्थी आगे चलकर डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, न्यायाधीश, अधिकारी, सैनिक और जनप्रतिनिधि बनते हैं। यदि शिक्षक अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करे, तो वह एक शिक्षित, संस्कारी और सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है। इसी कारण कहा जाता है कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है।

### आधुनिक युग में शिक्षक का महत्व

आज डिजिटल शिक्षा, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में ज्ञान के अनेक साधन उपलब्ध हैं, फिर भी शिक्षक का स्थान कोई नहीं ले सकता। तकनीक जानकारी दे सकती है, लेकिन सही निर्णय लेने की क्षमता, जीवन-मूल्यों की शिक्षा और मानवीय संवेदनाओं का विकास केवल एक शिक्षक ही कर सकता है। वह विद्यार्थियों की परिस्थितियों को समझकर उन्हें व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान करता है।

अंत में हम कह सकते हैं कि एक सच्चा शिक्षक विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं सिखाता, बल्कि उन्हें जीवन की हर परीक्षा में सफल होने योग्य बनाता है। वह ज्ञान, संस्कार और प्रेरणा का ऐसा दीपक है, जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रकाशित करता है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है कि वह अपने शिक्षकों का सम्मान करे, उनके आदर्शों को अपनाए और उनके बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल एवं सार्थक बनाए।



**मधुबाला, चौरसिया**
**शिक्षक**
**केसी हितकरिणी चिल्ड्रेन अकादमी जोंसगंज, जबलपुर**

# ज्वेलरी डिजाइनिंग देगी नई उड़ान, हीरे सी चमकेगी पहचान

ज्वेलरी डिजाइनिंग आज के समय का एक लोकप्रिय और रचनात्मक करियर विकल्प बन चुका है। यह ऐसा क्षेत्र है जिसमें कला, फैशन, तकनीक और व्यवसाय का अनूठा संगम देखने को मिलता है। ज्वेलरी डिजाइनर सोना, चांदी, हीरा, प्लैटिनम तथा विभिन्न बहुमूल्य रत्नों का उपयोग करके आकर्षक और आधुनिक आभूषणों की डिजाइन तैयार करते हैं। भारत दुनिया के सबसे बड़े आभूषण बाजारों में शामिल है, इसलिए यहां इस क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार दोनों की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। बदलते फैशन और ग्राहकों की पसंद के अनुसार नए-नए डिजाइन तैयार करना इस पेशे की सबसे बड़ी विशेषता है।

### कोर्स के लिए योग्यता

किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। कला, वाणिज्य या विज्ञान, किसी भी संकाय के विद्यार्थी इस क्षेत्र में प्रवेश ले सकते हैं। कई संस्थानों में 10वीं के बाद भी सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स उपलब्ध हैं।



### प्रमुख कोर्स

ज्वेलरी डिजाइनिंग में विद्यार्थियों को शुरुआती स्तर पर 6 माह से 1 वर्ष अवधि के सर्टिफिकेट कोर्स कराए जाते हैं, जिनमें डिजाइनिंग की मूलभूत जानकारी दी जाती है। इसके अलावा 1 से 2 वर्ष का डिप्लोमा इन ज्वेलरी डिजाइन लोकप्रिय कोर्स है, जिसमें डिजाइनिंग, जेमोलॉजी और निर्माण प्रक्रिया का अध्ययन कराया जाता है। जो विद्यार्थी पेशेवर स्तर पर करियर बनाना चाहते हैं, वे 4 वर्षीय बी.डिज (ज्वेलरी डिजाइन) कोर्स कर सकते हैं। वहीं एडवांस डिप्लोमा कोर्स के माध्यम से कैड और थ्री डी मॉडलिंग और प्रोडक्ट डेवलपमेंट जैसे आधुनिक विषयों का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया जा सकता है।

### कोर्स में क्या सिखाया जाता है

ज्वेलरी डिजाइनिंग के पाठ्यक्रम को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किया जाता है। इसमें विद्यार्थियों को ज्वेलरी स्केचिंग, डिजाइन कॉन्सेप्ट, जेमोलॉजी, डायमंड ग्रेडिंग, ज्वेलरी मैन्युफैक्चरिंग, कैड और कैम डिजाइनिंग, फैशन ट्रेंड्स तथा बाजार की मांग के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाती है। साथ ही प्रैक्टिकल प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता को विकसित किया जाता है।

### प्रमुख संस्थान

देश के कई प्रतिष्ठित संस्थान ज्वेलरी डिजाइनिंग की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं। इनमें इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी गांधीनगर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जेम्स एंड ज्वेलरी मुंबई, ज्वेलरी डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट, इंडियन डायमंड इंस्टीट्यूट सूरत, जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ अमेरिका, मुंबई जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, बेंगलुरु तथा आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस जयपुर प्रमुख हैं।

### करियर के अवसर

ज्वेलरी डिजाइनिंग का क्षेत्र विविध रोजगार अवसर प्रदान करता है। प्रशिक्षित उम्मीदवार ज्वेलरी डिजाइनर, कैड डिजाइनर, जेमोलॉजिस्ट, डायमंड ग्रेडर, प्रोडक्ट डेवलपर, मर्चेंडाइजर, ज्वेलरी कंसल्टेंट और फ्रीलांस डिजाइनर के रूप में कार्य कर सकते हैं। ज्वेलरी डिजाइनिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं के लिए रोजगार के कई विकल्प उपलब्ध हैं।

# सपनों की रफ्तार: भारत की पहली बुलेट ट्रेन के लिए 224 पदों पर भर्ती

**भारत का पहला बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट अब केवल आधुनिक परिवहन का सपना नहीं, बल्कि युवाओं के लिए सुनहरे करियर का अवसर भी बन गया है। नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने विभिन्न तकनीकी और प्रबंधन पदों पर 224 रिक्तियों के लिए भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। आवेदन की अंतिक तिथि 14 जुलाई 2026 है। आकर्षक वेतन, आधुनिक कार्य वातावरण और देश की सबसे महत्वाकांक्षी रेल परियोजना से जुड़ने का अवसर इस भर्ती को खास बनाता है।**




### कितने पदों पर होगी भर्ती?

नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार कुल 224 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।

- 209 पद नॉन-एग्जीक्यूटिव श्रेणी
- 15 पद एग्जीक्यूटिव श्रेणी

### ये हैं पद

- जूनियर इंजीनियर
- स्टेशन एवं ट्रेन मैनेजर
- ऑपरेशन कंट्रोलर
- आईटी विभाग के पद
- सेफ्टी विभाग के पद
- अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक पद

### क्या है शैक्षणिक योग्यता

अलग-अलग पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता और अनुभव अलग-अलग निर्धारित किए गए हैं। सामान्यत: इंजीनियरिंग, आईटी, प्रबंधन तथा संबंधित विषयों में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले अभ्यर्थी पात्र हो सकते हैं। विस्तृत योग्यता संबंधित पद के अनुसार नोटिफिकेशन में दी गई है।

### कितना होगा वेतन

पद के अनुसार वेतनमान अलग-अलग रहेगा। चयनित उम्मीदवारों को लगभग 25,000 से 1 लाख 25 हजार प्रतिमाह तक का वेतन एवं अन्य भत्तों का लाभ मिल सकता है।

### चयन प्रक्रिया

उम्मीदवारों का चयन विभिन्न चरणों के आधार पर किया जाएगा, जिनमें शामिल हो सकते हैं।

- कंप्यूटर आधारित परीक्षा
- कौशल/तकनीकी परीक्षण (यदि लागू हो)
- दस्तावेज सत्यापन
- मेडिकल परीक्षण

### आवेदन कैसे करें

इच्छुक अभ्यर्थी नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2026 है। आवेदन करने से पहले आधिकारिक अधिसूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ना आवश्यक है, ताकि पात्रता, आयु सीमा, शुल्क और अंतिम तिथि जैसी सभी जानकारी सही प्रकार से समझी जा सके।

# डिजिटल पोर्टफोलियो: आपकी प्रतिभा का ऑनलाइन परिचय



आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री ही नौकरी या इंटर्नशिप दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। नियोक्ता अब यह भी देखना चाहते हैं कि उम्मीदवार ने क्या सीखा है, किन परियोजनाओं पर काम किया है और उसके वास्तविक कौशल क्या हैं। ऐसे में डिजिटल पोर्टफोलियो आपकी योग्यता, अनुभव और रचनात्मकता को पेश करने का सबसे प्रभावी माध्यम बन गया है। यह एक ऑनलाइन प्रोफाइल या वेबसाइट होती है, जिसमें आपके कार्य, उपलब्धियां, प्रमाणपत्र और प्रोजेक्ट सुव्यवस्थित रूप से प्रदर्शित किए जाते हैं। यही कारण है कि आज डिजिटल पोर्टफोलियो हर छात्र और पेशेवर के लिए एक महत्वपूर्ण पहचान बनता जा रहा है।

क्या है डिजिटल पोर्टफोलियो

डिजिटल पोर्टफोलियो एक ऑनलाइन संग्रह है, जिसमें किसी व्यक्ति की शैक्षणिक उपलब्धियां, कार्य अनुभव, प्रोजेक्ट, सर्टिफिकेट, लेख, डिजाइन, फोटोग्राफी, वीडियो, शोध कार्य और अन्य कौशल से जुड़ी जानकारी शामिल होती है। इसे वेबसाइट, ब्लॉग या प्रोफेशनल प्रोफाइल के रूप में तैयार किया जा सकता है, ताकि कोई भी नियोक्ता या संस्थान आपके काम को आसानी से देख सके।

### डिजिटल पोर्टफोलियो क्यों जरूरी है

1. काम को दिखाता है। रिज्यूमे केवल जानकारी देता है, जबकि डिजिटल पोर्टफोलियो आपके काम और स्किल्स को दिखाता है।
2. बेहतर अवसर दिलाता है। कंपनियाँ इंटरव्यू से पहले ऑनलाइन प्रोफाइल देखती हैं, जिससे चयन की संभावना बढ़ती है।
3. कंटेंट राइटिंग, डिजाइन, वेब डेवलपमेंट, एडिटिंग जैसे क्षेत्रों में यह सबसे अच्छा परिचय होता है।
4. यह आपके स्किल का बेहतर प्रमाण है। प्रोजेक्ट और वर्क सैंपल से नियोक्ता आपके कौशल को आसानी से समझ सकते हैं।
5. यह आपकी प्रोफेशनल पहचान और आपकी विश्वसनीयता बढ़ाता है और करियर के नए अवसर खोलता है।

### क्या शामिल करें

- संक्षिप्त परिचय
- शैक्षणिक योग्यता
- प्रमुख स्किल्स
- प्रोजेक्ट और उनके विवरण
- इंटर्नशिप या कार्य अनुभव
- प्रमाणपत्र और उपलब्धियां
- पुरस्कार और सम्मान
- लेख, ब्लॉग, डिजाइन या अन्य कार्यों के नमूने

### इन बातों का ध्यान

- जानकारी हमेशा अद्यतन रखें।
- केवल गुणवत्तापूर्ण प्रोजेक्ट शामिल करें।
- भाषा सरल, स्पष्ट और त्रुटिरहित हो।
- मोबाइल और कंप्यूटर दोनों पर आसानी से खुलने वाला पोर्टफोलियो तैयार करें।

# आसमान छूने का सपना होगा साकार

## बेंगलुरु में शुरू हुआ बीटेक इन एयरोस्पेस इंजीनियरिंग कोर्स

अगर आप बचपन से हवाई जहाज, रॉकेट, सैटेलाइट और अंतरिक्ष की दुनिया को लेकर उत्साहित रहे हैं, तो अब आपका सपना हकीकत बन सकता है। देश के प्रतिष्ठित भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु ने पहली बार बीटेक (ऑनर्स) इन एयरोस्पेस इंजीनियरिंग कार्यक्रम शुरू किया है। यह कोर्स उन छात्रों के लिए बड़ी सौगात है जो भविष्य में विमान, अंतरिक्ष यान, ड्रोन और अत्याधुनिक रक्षा तकनीकों के विकास में योगदान देना चाहते हैं। इस कार्यक्रम में प्रवेश जेईई एडवांस के आधार पर होगा।




विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल भारत को वैश्विक एयरोस्पेस क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी।

### क्या है इस नए कोर्स की खासियत?

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस का यह चार वर्षीय बीटेक ऑनर्स पारंपरिक इंजीनियरिंग शिक्षा से आगे बढ़कर विद्यार्थियों को रिसर्च, इनोवेशन और अत्याधुनिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। पढ़ाई केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि प्रयोगशालाओं, डिजाइन प्रोजेक्ट्स और वास्तविक औद्योगिक समस्याओं पर काम करने का अवसर भी मिलेगा।

### किसे मिलेगा दाखिला?

इस कोर्स में प्रवेश केवल जेईई एडवांस में सफल अभ्यर्थियों को मिलेगा। इसके बाद निर्धारित काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन किया जाएगा। यानी देश के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग प्रतिभाओं को इस प्रतिष्ठित संस्थान में पढ़ने का मौका मिलेगा।

### क्या-क्या पढ़ेंगे छात्र?

कोर्स का पाठ्यक्रम उद्योग और अनुसंधान दोनों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें प्रमुख विषय शामिल हैं-

- एयरोडायनामिक्स और उड़ान का विज्ञान
- एयरक्राफ्ट एवं स्पेसक्राफ्ट डिजाइन
- जेट और रॉकेट प्रोप्लशन
- फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम
- एयरोस्पेस स्ट्रक्चर
- कम्प्यूटेशनल फ्लूड डायनेमिक्स
- ड्रोन और अनमैन्ड एरियल व्हीकल
- सैटेलाइट स्पेस टेक्नोलॉजी

### किन क्षेत्रों में बन सकता है करियर?

एयरोस्पेस इंजीनियरिंग आज दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। इस कोर्स के बाद छात्र अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थानों में वैज्ञानिक, विमान निर्माण कंपनियों में डिजाइन इंजीनियर, रक्षा एवं मिसाइल तकनीक विशेषज्ञ, ड्रोन टेक्नोलॉजी उद्योग, एविएशन कंपनियों, रिसर्च एवं उच्च शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्ट करियर बना सकते हैं।

***छात्रों के लिए सुनहरा अवसर***- यदि आपकी रुचि गणित, भौतिकी, डिजाइन और नई तकनीकों में है तथा आप अपने करियर को अंतरिक्ष और विमानन क्षेत्र से जोड़ना चाहते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

## विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना: प्रतिभाशाली युवाओं के वैश्विक सपनों को नई उड़ान

आज के वैश्विक युग में उच्च शिक्षा केवल देश की सीमाओं तक सीमित नहीं रह गई है। विश्व के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में अध्ययन करना आज लाखों विद्यार्थियों का सपना है। लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण अनेक प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएँ अपने इस सपने को साकार नहीं कर पाते। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ की है। इस योजना का उद्देश्य राज्य के मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना है।



***योजना का उद्देश्य***- विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना का मुख्य उद्देश्य योग्य विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें विश्वस्तरीय शिक्षा से जोड़ना है। इसके माध्यम से राज्य के युवा आधुनिक ज्ञान, नवीन तकनीक और अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। यह योजना केवल व्यक्तिगत सफलता का माध्यम नहीं, बल्कि राज्य और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देने का प्रयास है।

***पात्रता***- सामान्यत: आवेदक को मध्य प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए।

- योजना के अनुसार संबंधित आरक्षित वर्ग जैसे एसटी, एससी, ओबीसी से होना चाहिए।
- किसी मान्यता प्राप्त विदेशी विश्वविद्यालय में प्रवेश होने संबंधी पत्रक चाहिए।
- निर्धारित शैक्षणिक योग्यता का पालन करना चाहिए।
- परिवार की वार्षिक आय 10 लाख रूपए से कम होना चाहिए।

# जिले में 100 करोड़ से अधिक का चावल घोटाला!

## पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने कहा- हर्ष राइस मिल संचालक पर हो कार्रवाई





बालाघाट(स्वतंत्र मत)

बालाघाट एफसीआई गोदाम से छिंदवाड़ा स्थित एथेनॉल प्लांट भेजे जाने वाले चावल के मामले में पुलिस द्वारा एसआईटी गठित कर जांच शुरू किए जाने के बीच पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने पूरे मामले को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। शुक्रवार शाम सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने दावा किया कि जिले में 100 करोड़ रुपये से अधिक का चावल घोटाला हुआ हैं और इसकी निष्पक्ष जांच केवल सीबीआई ही कर सकती हैं। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने कहा कि एफसीआई गोदाम से करीब 200 ट्रक चावल छिंदवाड़ा के एथेनॉल प्लांट के लिए रवाना होना था, लेकिन आरोप है कि बड़ी मात्रा में चावल रास्ते में ही बालाघाट की राइस मिलों में खपा दिया गया। यहीं नहीं बासी एथेनॉल प्लांट पर भी आरोप लगाया हैं कि वहा भी सरकारी चावल खपाया गया हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कुछ ट्रकों को पकड़कर कार्रवाई की हैं और एथेनॉल प्लांट संचालक व कुछ वाहन चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, लेकिन मामले के मुख्य आरोपियों तक अभी कार्रवाई नहीं पहुंची हैं।

### खाद्य विभाग पर भी मिलीभगत के आरोप...

पूर्व सांसद ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में तत्कालीन खाद्य विभाग के अधिकारियों, पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे, हर्ष राइस मिल के संचालक कुमार कावरे तथा विनोद शर्मा की भूमिका की गहन जांच होनी चाहिए। उनका आरोप हैं कि जिले में चावल की अवैध हेराफेरी और सरकारी अनाज के दुरुपयोग में इनकी मिलीभगत रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि जांच निष्पक्ष हैं तो हर्ष राइस मिल के संचालक के खिलाफ अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। मुंजारे ने कहा कि एसआईटी से पूरे मामले का खुलासा होना संभव नहीं है, इसलिए इसकी जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए, ताकि करोड़ों रुपये के कथित घोटाले की सच्चाई सामने आ सके। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक पूर्व सांसद द्वारा लगाए गए इन आरोपों पर संबंधित पक्षों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं पुलिस की जांच जारी है और मामले में आगे और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही हैं।

### हाईकोर्ट की निगरानी में सीधे सीबीआई जांच हो

मुंजारे ने कहा कि एसआईटी निष्पक्ष नहीं है, यह लोकल की टीम हैं जो दबाव में काम कर रही हैं। इसमें हाईकोर्ट की निगरानी में सीधे सीबीआई जाचं होनी चाहियें। क्योकि यह मामला बालाघाट से लेकर देश-प्रदेश तक फैला हैं। मुंजारे ने कहा कि सड़ा चांवल एथेनॉल प्लांट के लिये दिया जाता हैं, जिससे शराब बनाई जाती है। उससे पेट्रोल वाला एथेनाल नही बन सकता, अन्यथा गाड़ीया खराब होने लगेगी। एक लीटर एथेनॉल ने लिये 03 किलो चांवल की खपत होती हैं। लेकिन सरकार ने पालिसी बदल दी हैं। अब एथेनॉल प्लांट के लिये गरीबों के हिस्से का खाने योग्य चांवल दिया जा रहा हैं। जो प्लांट तक नही पहुंचता बल्कि हेराफेरी करके राईस मिलर्स तक पहुंचा दिया जाता हैं, फिर वही चांवल मिलर्स एफसीआई गोदाम को धान के एवज में बनाकर भेज देते हैं। यह खेल सिर्फ राईस मिलर्स को फायदा पहुंचाने के लिये चलाया जा रहा हैं।

### हर्ष राईस मिल में होते थे दस्तावेज तैयार

पूर्व सासंद कंकर मुंजारे ने हर्ष राईस मिल पर आरोप लगाया हैं कि बालाघाट जिले की हर्ष राइस मिल मुख्य हैं, जहां दो ट्रक वहां भी पहुंचाये गये हैं। इसके अलावा 7-8 मिलो में चांवल पहुंचाया गया हैं। जिनके दस्तावेज हर्ष राइस मिल से तैयार होते हैं। अंततः मुंजारे ने कहा कि हमें लोकल एसआईटी पर भरोसा नही है, लगभग 100 करोड के इस चांवल घोटाले में सीबीआई जाचं होनी चाहिये, तभी निष्पक्षता से पूरे मामले का खुलासा हो पायेगा।

# मंगोली खुर्द में 96 ट्रॉली रेत के अवैध भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



जिले में अवैध खनिज के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज 27 जून को राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने किरनापुर तहसील के ग्राम मंगोली खुर्द में बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से भंडारित रेत का बड़ा जखीरा बरामद किया गया हैं।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि प्रशासनिक अमले को सूचना मिली थी कि मंगोली खुर्द क्षेत्र में अवैध रेत का भंडारण किया गया है। सूचना मिलते ही राजस्व और खनिज विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर छापा मारा। जांच के दौरान ग्राम मंगोली खुर्द के खसरा क्रमांक 113/1/1 की शासकीय भूमि पर भारी मात्रा में रेत का भंडारण पाया गया। मौके पर पहुंची टीम को लगभग 96 ट्रॉली रेत लावारिश अवस्था में मिली। जांच के दौरान वहां मौजूद किसी भी व्यक्ति ने रेत के वैध होने संबंधी कोई दस्तावेज या शासन से प्राप्त अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किया। खनिज के अवैध भंडारण की पुष्टि होने पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से उक्त रेत को अपने कब्जे में ले लिया है। वैधानिक अनुमति न पाए जाने पर प्रशासन ने म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत रेत को जब्त कर लिया है। सुरक्षा की दृष्टि से जब्त की गई रेत को स्थानीय ग्राम कोटवार की अभिरक्षा और देखरेख में सौंप दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब्त की गई रेत के संबंध में आगामी निवर्तन की कार्रवाई म.प्र. खनिज नियम 2022 के प्रावधानों के अनुरूप की जाएगी। अवैध खनिज माफियाओं के खिलाफ जिले में जारी इस सख्ती से हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ इस तरह की छापामार कार्रवाई जारी रहेगी।

# कटंगी में आप की अति आवश्यक बैठक संपन्न



**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** आम आदमी पार्टी की कटंगी विधानसभा स्तरीय अति आवश्यक बैठक कटंगी के आंबेडकर भवन में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश सह प्रभारी एवं छिंदवा?ा जोन प्रभारी संतोष पप्पू छिंलवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी की नीति-रीति और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई, साथ ही विधानसभा, मंडल और ग्राम स्तरीय कमेटियों के गठन पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में स्टेट कॉर्डिनेटर रजनीश नायडू, प्रदेश उपाध्यक्ष संत कुमार जंघेल फौजी भाई, प्रदेश संगठन मंत्री वीरेन्द्र विश्वकर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव प्रशांत मेश्राम, जिला अध्यक्ष शिव जायसवाल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मस्तराम डहारे सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश सह प्रभारी संतोष पप्पू छिंलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी का लक्ष्य कटंगी विधानसभा के हर बूथ तक पहुंचना है।

# 9वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## आवास कॉलोनी बूड़ी की घटना, दो विषयों में हुआ था अनुत्तीर्ण

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक-1 बूड़ी स्थित आवास कॉलोनी में एक 15 वर्षीय छात्र द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान यूनिक उर्फ साहिल उरकुडे (15 वर्ष) पिता संदीप उरकुडे के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, यूनिक कक्षा नवमी का छात्र था। वह दो विषयों में अनुत्तीर्ण हो गया था और हाल ही में उन विषयों की सप्लीमेंट्री परीक्षा भी दे चुका था। शुक्रवार 26 जून को उसके पिता संदीप उरकुडे वाहन चालक होने के कारण काम पर चले गए थे, जबकि यूनिक घर पर अकेला था। शाम के समय उसकी मां रिश्तेदारी से घर लौटीं तो मकान का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला। उन्होंने इसकी सूचना पति को दी, जिसके बाद वे करीब शाम 8 बजे घर पहुंचे।

मुख्य दरवाजा नहीं खुलने पर पीछे के दरवाजे से घर में प्रवेश किया गया, जहां कमरे में पंखे से बेडशीट का फंदा बनाकर यूनिक का शव लटका पाया गया, उसे तत्काल ही फंदे से नीचे उतरकर जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके पश्चात अस्पताल चौकी पुलिस को तहरीर मिलते ही शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित फ्रीजर में रखवा दिया गया। शनिवार 27 जून को सुबह करीब 11 बजे पंचनामा कार्रवाई के बाद परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया तथा शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि छात्र परीक्षा परिणाम को लेकर मानसिक रूप से परेशान था। हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

# कटंगी में चला सेफ क्लिक 2.0 साइबर सुरक्षा अभियान

कटंगी(स्वतंत्र मत)



बड़ते साइबर अपराधों पर रोक लगाने और आम लोगों को डिजिटल फ्रॉड से बचाने के उद्देश्य से कटंगी में सेफ क्लिक 2.0 साइबर सुरक्षा अभियान चलाया गया। पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत स्थानीय बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र में महिलाओं, बुजुर्गों और व्यापारियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों और बस स्टैंड में सेफ क्लिक 2.0 सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन' का बैनर लेकर लोगों को जागरूक किया। बैनर पर साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 और वेबसाइट की जानकारी भी अंकित थी। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं, स्थानीय नागरिक और पुलिसकर्मी शामिल हुए। महिला पुलिस अधिकारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सावधानी ही सुरक्षा है। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी-क्यूआर कोड किसी से शेयर न करें। लालच देने वाले मैसेज, लॉटरी, केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाले फ्रॉड से बचें। उन्होंने बताया कि 'सेफ क्लिक 2.0 मध्य प्रदेश पुलिस का राज्यव्यापी अभियान है जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक साइबर जागरूकता पहुंचाना है। पुलिस ने बताया कि किसी भी प्रकार का साइबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। गोल्डन आवर में शिकायत करने पर पैसा वापस मिलने की संभावना बड़ जाती है। फेसबुक, व्हाट्सएप पर अनजान लोगों से दोस्ती न करें। अपनी निजी फोटो-वीडियो शेयर करने से बचें। फर्जी कस्टमर केयर नंबर, बिजली बिल अपडेट, पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी से सावधान रहने की अपील की गई। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराधी सबसे ज्यादा महिलाओं और बुजुर्गों को अपना शिकार बनाते हैं, इसलिए विशेष सतर्कता जरूरी है। संजय वैद्य नाम के एक राहगीर ने कहा मोबाइल तो सब चलाते हैं, पर फ्रॉड के तरीके नहीं पता थे। पुलिस ने बहुत अच्छी जानकारी दी। अब किसी लिंक पर सोच-समझकर क्लिक करूंगा।

# 30 जून को जिला अस्पताल उमरिया में लगेगा विशाल निःशुल्क कैंसर जांच शिविर, शैल्बी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे जांच

उमरिया (स्वतंत्रमत)



कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय रहते पहचान और उपचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर एवं जिला रेड क्रॉस सोसायटी उमरिया के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 30 जून को जिला अस्पताल, उमरिया में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी शनिवार 27 जून को स्वर्णिम गार्डन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए शैल्बी हॉस्पिटल के डिप्टी एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर अंकित जैन ने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में शैल्बी कैंसर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (एससीआरआई) की वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉ. मालती भगत तथा टाटा मेमोरियल से प्रशिक्षित वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. प्रशांत कुमार जैन मरीजों की जांच कर निःशुल्क परामर्श देंगे,इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस समिति के सचिव राकेश शर्मा ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के खिलाफ जागरूकता और समय पर जांच ही सबसे प्रभावी हथियार है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न करें और इस निःशुल्क शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। विशेषज्ञों ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को शरीर में गांठ, मुंह का लंबे समय तक न भरने वाला छाला, असामान्य रक्तस्राव, अचानक वजन कम होना, लगातार खांसी अथवा कैंसर से जुड़े अन्य लक्षण दिखाई दें तो तत्काल जांच करानी चाहिए। विशेष रूप से गुटखा, पान, तंबाकू एवं बीड़ी का सेवन करने वाले लोगों से नियमित जांच कराने की अपील की गई,शिविर में आने वाले मरीजों से आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर साथ लाने का अनुरोध किया गया है, जिससे पंजीयन एवं जांच प्रक्रिया सुगमता से पूरी की जा सके। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जूनियर रेड क्रॉस समिति मध्यप्रदेश के प्रदेश संयोजक मानसिंह रेड क्रॉस सोसायटी उमरिया के सचिव राकेश शर्मा, रेड क्रॉस सोसाइटी सभापति अखिलेश त्रिपाठी,शैल्बी हॉस्पिटल के डिप्टी एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर अंकित जैन तथा कॉर्पोरेट डेवलपमेंट ऑफिसर डॉ. संजय जैन उपस्थित रहे।

# उमरिया के हॉकी खिलाड़ी करण गौतम को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जापान मे चल रही अंडर 18 बालक वर्ग एशियाड हॉकी प्रतियोगिता मे उमरिया शहर का उभरता सितरा करण गौतम निवासी विकटगंज उमरिया का बेटा ने स्वर्ण पदक जीतकार इतिहास रच दिया। करण गौतम को राज्य के मुखिया ने मुख्यमंत्री निवास मे तीन लाख रूपये की राशि से सम्मानित किया। इस उपलब्धि से नगर मे बहोत ही खुशी का माहौल है, और करण गौतम को शुभकामनायें प्रेषित किये है। बधाई देने वाले मे, सांसद हिमांद्री सिंह, पूर्व मंत्री ज्ञान सिंह, विधायक सुश्री मीना सिंह, विधायक शिव नारायण सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, समाज सेवी दीपक छतवानी, संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद बंसल, मिथलेश मिश्रा, मनीष सिंह ज्ञानवाती सिंह,दिलीप पाण्डेय, ज्ञानेंद्र सिंह, धनुषधारी सिंह. सुमित गौतम, नीतू सिंह सुजीत भदोरिया, सुनील खटीक, राजेंद्र कोल, शायोप्रश के समाजसेवी विजय जोशी,नम्रता यादव, शिवम सोंधिया, अतुल रजक, रामाधार चौधरी, आकाश बर्मन, सभी जेस्ट श्रेष्ठ खिलाड़ियों ने बधाई दी।

# बांधवगढ़ में युवक ने सड़क किनारे चीतल को खिलाया केला, आरोपी की तालाश जारी

उमरिया (स्वतंत्रमत)



बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में उमरिया-ताला मार्ग पर एक कार सवार युवक ने सड़क किनारे खड़े चीतल को केला खिला दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पार्क प्रबंधन अलर्ट हो गया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना शनिवार को हुई। एक कार (26 बीएच 4973) में सवार युवक ने सड़क किनारे घूम रहे चीतल को देखा और उसे पास बुलाकर केला खिलाने लगा। वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों और प्रत्यक्षदर्शियों ने युवक को ऐसा करने से मना भी किया और वन्यजीव नियमों का हवाला दिया, लेकिन वह नहीं माना। इसी बीच किसी ने इस पूरी हरकत का वीडियो बना लिया, जो बाद में वायरल हो गया। मामला सामने आते ही बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने तुरंत जांच के आदेश दे दिए हैं। बीटीआर के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच की जा रही है। कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर उसके मालिक और वाहन में सवार युवक की जानकारी निकाली जा रही है। क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने साफ तौर पर कहा कि आरोपी की पहचान होते ही उसके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होने बताया कि टाईगर रिजर्व या वन क्षेत्र में किसी भी वन्य जीव को बाहरी खाद्य पदार्थ खिलाना, उन्हे परेशान करना या उनसे संपर्क बनाने की कोशिश करना कानून और नियमों का गंभीर उल्लंघन है।

# पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की जिला स्तरीय बैठक तीन सत्रों में संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)



पर्यावरण संरक्षण गतिविधि महाकौशल प्रांत के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला उमरिया की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को मधुकर भवन, संघ कार्यालय, उमरिया में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य जिले में पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न आयामों को सशक्त बनाना, आगामी वर्ष की कार्ययोजना तैयार करना तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को पर्यावरण संरक्षण के अभियान से जोड़ने हेतु ठोस रणनीति तैयार करना था। बैठक में मुख्य रूप से महाकौशल प्रांत के प्रांत संयोजक रामकृष्ण जी एवं शहडोल विभाग के विभाग संयोजक डॉ. दिलीप तिवारी जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक विषय नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज के अस्तित्व से जुड़ा हुआ दायित्व है। यदि प्रकृति का संतुलन बनाए रखना है तो समाज के प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण, जल संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सदैव प्रकृति पूजक रही है। हमारे ऋषि-मुनियों ने वृक्ष, नदियों, पर्वतों एवं समस्त जीव-जंतुओं को पूजनीय माना है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि समाज में जनजागरण का कार्य कर रही है और प्रत्येक नागरिक को प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध करा रही है। बैठक का संचालन तीन अलग-अलग सत्रों में किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के विविध विषयों पर विस्तार से चर्चा एवं आगामी कार्ययोजना का निर्माण किया गया। प्रथम सत्र में पर्यावरण की मूल अवधारणा एवं संगठन का परिचय। द्वितीय सत्र में वार्षिक कार्ययोजना एवं लक्ष्य निर्धारण। तृतीय सत्र में एक जिला एक संकल्प एवं आगामी कार्ययोजना। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, युवा एवं महिला समूहों को अभियान से जोड़े तथा नियमित रूप से वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, बीजारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करे। बैठक में जिला संयोजक श्री अनुराग तिवारी ने जिले में संचालित पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए आगामी योजनाओं की रूपरेखा रखी। सह संयोजक श्री नागेंद्र मिश्रा सहित पेड़, पानी, प्लास्टिक आयाम, धार्मिक आयाम, शैक्षणिक आयाम, एनजीओ आयाम, नारी शक्ति आयाम, युवा आयाम के संयोजकों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की गतिविधियों एवं आगामी कार्यों की जानकारी साझा की।

# युवा कांग्रेस अध्यक्ष पर अवैध शराब परिवहन के लगे आरोप
# चागोंटोला थाने में दर्ज हुआ मामला, नेता हुआ फरार

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

जिला युवा कांग्रेस मंडला के अध्यक्ष संजु अहिरवार पर अवैध शराब परिवहन पर 34(2) का मामला दर्ज किया गया है। जिस पर उन्होंने अग्रिम जमानत भी न्यायालय से मांगी हुई थी जिसे निरस्त कर दिया गया है। जैसे ही यह खबर सोशल मीडिया में वायरल हुई तो कांग्रेस में हड़कंप मच गया। बता दें कि बालाघाट नैनपुर रोड रेलवे फाटक के पास ग्राम पादरीगंज लामता थाना चागोंटोला में मप्र आबकारी अधिनियम 1915 34(2) के तहत दर्ज मामले में संजु अहिरवार को आरोपी बनाया गया है। घटना 25 मार्च 2026 की बताई गई है अवैध शराब के साथ दो फोर व्हीलर वाहन भी जप्त किए गए थे। मुख्य आरोपी संदीप चौधरी निवासी नैनपुर वार्ड नंबर एक को गिरफ्तार कर लिया गया था और संजु अहिरवार फरार हो गए थे। पुलिस ने मामले की गहन छानबीन की पुलिस अधीक्षक बालाघाट के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी चागोंटोला ने विशेष टीम गठित कर मामले को सुलझा लिया है। इस मामले के साक्षीगणों के बयानों के आधार पर संजु अहिरवार जो कि पाठा सिहोरा नैनपुर के निवासी हैं






पर मामला दर्ज किया गया है। साक्षीगणों ने अपने बयान पर संजु अहिरवार के कहने पर अवैध शराब लाने की बात कहीं हैं। बता दें कि बालाघाट जिले के थाना चांगोटोला में बीते माह लाखों रूपए की अवैध शराब पुलिस के द्वारा पकड़ी गई थी इसी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया और एक आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने रेलवे फाटक के समीप कार्यवाही करते हुए करीब 134 लीटर अवैध अंग्रेजी एवं देशी शराब जब्त की है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार थाना चांगोटोला में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक मुन्नालाल पटले 25 मार्च 2026 को हमराह स्टाफ के साथ क्षेत्र में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों की पतासाजी के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक टवेरा वाहन एमएच31/सीआर 0313 तथा एक वेगनार कार एमपी51/सीए/1105 में अवैध शराब भरकर विक्रय हेतु पादरींज से नैनपुर की ओर ले जाई जा रही है सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने रेलवे फाटक के पास पाटादेह तिराहे पर घेराबंदी कर दी कुछ समय बाद दोनों संदिग्ध वाहन मौके पर पहुंचे जिन्हें रोक लिया गया। कार्यवाही के दौरान वेगनार कार का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर फरार हो गया जबकि टवेरा चालक को पुलिस ने पकड़ लिया पूछताछ में गिरफ्तार चालक ने अपना नाम संदीप चौधरी 36 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 6 नैनपुर बताया उसने स्वीकार किया कि दोनों वाहन एक साथ चल रहे थे और अवैध शराब के परिवहन में उपयोग किए जा रहे थे पुलिस ने दोनों वाहनों को थाना परिसर लाकर पंचों की उपस्थिति में तलाशी ली। टवेरा वाहन की डिक्की एवं बीच की सीट से कुल 15 पेटियां शराब बरामद हुईं। इनमें विभिन्न ब्रांडों की अंग्रेजी एवं देशी शराब शामिल थी मैकडॉवेल्स नंबर 1 रम की 7 पेटियां 336 पाव,मैकडॉवेल्स नंबर 1 व्हिस्की की 2 पेटियां 96 पाव,गोवा व्हिस्की की 1 पेटी 50 पाव,बकार्डी मैंगो चिली की 12 बोतल,बकार्डी लिमोन की 12 बोतल,ब्लैक बाय बकार्डी रम की 12 बोतल,सिग्नेचर व्हिस्की की 12 बोतल, देशी प्लेन मदिरा की 1 पेटी 50 पाव वहीं फरार चालक की वेगनार कार की तलाशी के दौरान एक कार्टन में ब्लैक डॉग, टीचर्स और ब्लेंडर्स प्राइड ब्रांड की तीन अंग्रेजी शराब की बोतलें भी बरामद हुईं। पुलिस के अनुसार दोनों वाहनों से कुल 134 लीटर 10 मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है। सभी शराब की पेटियों एवं नमूनों को विधिवत सीलबंद कर जब्ती पंचनामा तैयार किया गया। पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी ई.साक्ष्य एप के माध्यम से कराई गई अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त टवेरा वाहन एमएच31/सीआर 0313 एवं वेगनार वाहन एमपी51/सीए/1105 को पुलिस ने जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी संदीप चौधरी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34/2 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। बता दें कि जिले में अकसर कांग्रेस पार्टी शराब और रेत को लेकर आंदोलन चलाया करती हैं और अधिकांश बार उन्हीं के कार्यकर्ता इस कार्य में लिप्त पाए जाते हैं इस घटना से कांग्रेस में हड़कंप मच गया है। वहीं सूत्रों का कहना है कि हाल ही में मंडला आए कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के कार्यक्रम में भी उक्त पदाधिकारी दूर दूर तक नजर नही आए। सूत्रों का कहना है कि अध्यक्ष जी का मोबाईल बंद हो गया है और कार्यकर्ता उन्हें खोज रहे हैं।

### इनका कहना

सोशल मीडिया से मुझे जानकारी मिली है संबंधित कार्यकर्ता संजु का मोबाईल बंद है 15 दिनों से मेरी मुलाकात भी नही हुई है। मामले की जानकारी ले रहा हूं।

**डॉ. अशोक मर्सकोले, अध्यक्ष**
**जिला कांग्रेस कमेटी मंडला**



# जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नारायणगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत टिकरिया में समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व पर विस्तार से जानकारी देकर लोगों एवं विद्यार्थियों को जल बचाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी प्रदीप पांडे ने अपने संबोधन में जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल प्रकृति का अनमोल उपहार है। उन्होंने दैनिक जीवन में जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने जल की बर्बादी रोकने तथा वर्षा जल संरक्षण को अपनाने की अपील की। विद्यालय की प्राचार्य अर्चना नेमा ने उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को जल संरक्षण के व्यावहारिक उपाय बताए तथा प्रत्येक व्यक्ति से जल बचाने की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। इसके पश्चात डीसी सर ने जल है तो कल है विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल स्त्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जल संकट की गंभीरता से अवगत कराते हुए सभी से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सुरेश कुमार सोनी ने उपस्थित सभी लोगों से जल की रक्षा कौन करेगा हम करेंगे का जोशीला नारा लगवाकर जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मेंटर परिवार के सदस्यों एवं अन्य सहयोगियों की भी सक्रिय सहभागिता रही। अंत में वीरेंद्र अग्रवाल ने सभी अतिथियों शिक्षकों विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## बालक छात्रावास का निरीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** क्षेत्रीय संयोजक विष्णु सिंगौर द्वारा राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह उत्कृष्ट बालक छात्रावास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में स्वीकृत 50 सीटों के विरुद्ध मात्र 13 छात्र उपस्थित पाए गए। अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जुलाई माह से समस्त विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान छात्रावास भवन में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। इस संबंध में अधीक्षक को छात्रावास परिसर की समुचित साफ-सफाई कराने समस्त दरवाजों एवं खिड़कियों की आवश्यक मरम्मत कराने तथा वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों हेतु आवश्यक खाद्यान्न का पूर्व भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार कमल जोशी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा को जिला जेल का निरीक्षण किया गया तथा विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल मैनुअल के अनुसार बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पुरुष एवं महिला बैरकों का निरीक्षण कर साफ-सफाई, बंदियों के बिस्तरों तथा शौचालयों की स्वच्छता का अवलोकन किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता तथा विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

## समिति की बैठक सम्पन्न

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के संरक्षण पुनर्वास एवं कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने निर्देशित किया कि समिति के समक्ष आने वाले सभी बेसहारा, निराश्रित एवं बाल भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों के परिवारों की विस्तृत प्रोफाइल तैयार की जाए।

# सम्मानजनक वेतन दो वरना चूल्हा करेंगे बंद

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** स्कूलों में नौनिहालों को गरम-गरम खाना परोसने वाली रसोइयों के घर का चूल्हा खुद ठंडा पड़ा रहता है। रसोइया उत्थान संघ समिति के संस्थापक पीडी खैरवार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री और मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर 9 सूत्री लंबित मांगों का शीघ्र पूरा करने मांग की है। सरकार पर आरोप है कि पांच सालों से जून का मानदेय भी दबाकर बैठे हैं। रसोईयों से जून की तपते दिन में काम लेकर भी भुगतान नहीं किया जा रहा है संघ के जिला अध्यक्ष कुंवर सिंह मरकाम ने बताया कि रसोइयों को मार्च और अप्रैल 2026 का मानदेय आज तक नहीं मिला। ऊपर से वर्षों से लंबित जून माह का मानदेय भी नहीं दिया जा रहा। बच्चों को खाना खिलाएं या अपने बच्चों को उधारी में जिंदगी कट रही है। कर्मचारी का दर्जा वाली मांग पर संघ ने साफ कहा कि रसोइयों को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा देकर सम्मानजनक वेतन और समस्त शासकीय सुविधाएं दी जाएं। साथ ही चेतावनी दी कि आयु सीमा के अलावा किसी भी बहाने से रसोइयों को स्कूल से बाहर न किया जाए। ज्ञापन में गुस्सा इस बात पर भी है कि रसोइयों से मध्यान्ह भोजन बनाने के अलावा स्कूल की सफाई पानी भरने जैसे काम भी कराए जा रहे हैं। संघ ने कहा कि रसोइयों से सिर्फ खाना बनवाया जाए बंधुआ मजदूर न समझा जाए। समूह संचालकों का दर्द भी छलका। आरोप लगाया कि समूहों को जबरन आजीविका मिशन से जुड़कर कर्ज लेने का दबाव बनाया जा रहा है। संघ ने मांग की कि यह अनिवार्यता खत्म हो और समूहों को निर्धारित मानदेय का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए। चाहे जब विशेष भोज के फरमान से पहले अलग से बजट की भी मांग की गई है। इस मौके पर कुंवर सिंह मरकाम, जयंती अहिरवार, सुरेश बघेल, जयन्ती अहिरवार, कृष्णा धार्वैया, गंगोत्री विश्वकर्मा सहित सैकड़ों रसोईया शामिल रहे।

## देखभाल से स्वस्थ हुई कीर्ति

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** ग्राम छपारा विकासखंड नारायणगंज की रहने वाली 6 माह की नन्हीं कीर्ति उरेती के परिवार के लिए पिछले कुछ महीनों से चिंता का विषय उसका कमजोर स्वास्थ्य था। पर्याप्त पोषण नहीं मिलने के कारण कीर्ति का वजन उसकी उम्र के अनुसार काफी कम था और वह अति कुपोषण की श्रेणी में पहुंच गई थी। 23 मई को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सलाह पर कीर्ति को जिला चिकित्सालय मंडला स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र एनआरसी में भर्ती कराया गया। भर्ती के समय उसका वजन मात्र 3.615 किलोग्राम था। चिकित्सकों द्वारा जांच के दौरान पता चला कि बच्ची को पर्याप्त स्तनपान नहीं मिल पा रहा था जिसके कारण उसका शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा था। कहानी बताती है कि समय पर पहचान, उचित उपचार, माताओं की काउंसलिंग और पोषण संबंधी सही जानकारी से कुपोषण पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है तथा बच्चों को स्वस्थ जीवन की नई शुरुआत दी जा सकती है।

# विद्यार्थी परिषद की नगर कार्यकारिणी घोषित

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग मंडला पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस आरडीपीजी संपन्न में हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर किया गया।

नगर प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह वर्ग तीन सत्रो में आयोजित किया गया जिसमे कार्यपद्धित एवं दायित्व बोध विषय पर जिला संगठन मंत्री जितेंद्र यादव एवं कार्यकर्ता व्यवहार एवं परिसर कार्य विषय पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वागीश पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सत्र के उद्घाटन एवं प्रस्ताविक सत्र में विद्यार्थी



परिषद के जिला संगठन मंत्री जितेंद्र यादव,विभाग संयोजक प्रवीण ठाकुर एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वागीश पटेल उपस्थित रहे। अंतिम सत्र में सत्र 2026-27 की नगर कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष डॉ बी एल झरिया, नगर मंत्री उमंग राय, नगर उपाध्यक्ष प्रबल चौरसिया, जगदीश प्रजापति, अंशुल झारिया, नगर कोषाध्यक्ष अनुराग मिश्रा, नगर सह मंत्री आस्था सिंगरहा, अंकित वरकड़े, चिराग इसरानी, सविता उइके, नगर कार्यालय मंत्री कृष्ण बैरागी, नगर सेवार्थ विद्यार्थी प्रमुख राशि बरमैया, नगर विकासार्थ विद्यार्थी प्रमुख खुशबू बरमैया,नगर राष्ट्रीय कलामंच प्रमुख सोमती भावरे, नगर स्टडी सर्किल प्रमुख गजेंद्र पटेल, नागर महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख अविनाश, नगर विद्यालय कार्य प्रमुख आशुतोष तिवारी, नगर खेलो भारत प्रमुख संदीप नरेती, नगर कार्यकारणी सदस्य अंशु झरिया, निरंजन झरिया, चंचल नंदा, को दायित्व दिया गया।

## खाद बीज कीटनाशक निरीक्षण

**मण्डला।** खरीफ वर्ष 2026-27 के आगमन को देखते हुए किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद बीज एवं कीटनाशकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा जिले के विभिन्न कृषि सेवा केंद्रों एवं बीज भंडारों का औचक निरीक्षण किया गया। उप संचालक कृषि अश्वनी झारिया ने विभिन्न कृषि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर बिल बुक एवं विक्रय अभिलेखों का परीक्षण किया गया। निरीक्षण में सोहल कृषि केंद्र एवं सिद्धि विनायक कृषि सेवा केंद्र द्वारा भंडारित बीजों की पी.सी. प्रमाणीकरण संबंधी जानकारी अद्यतन नहीं पाए जाने पर संबंधित संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही तीन दिवस के भीतर समस्त भंडारित बीजों की पीसी दर्ज करने के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग ने सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि किसानों को केवल प्रमाणित एवं गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराएं तथा केंद्रों पर पेयजल एवं छाया जैसी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिले में खरीफ फसलों का रकबा लगभग 2.40 लाख हेक्टेयर निर्धारित किया गया है।

## वित्तीय साक्षरता अभियान

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई के निर्देशानुसार एवं सेंट्रल बैंक के सहयोग से समर्पित संस्था द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक वित्तीय साक्षरता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत संस्था के प्रतिनिधि गांव-गांव और हाट-बाजारों में पहुंचकर लोगों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेन-देन तथा वित्तीय सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारिया दे रहे हैं।

# स्कूल आंगनबाड़ी में साइबर जागरूकता



मण्डला (स्वतंत्रमत)।

पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत 27 जून को जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना नैनपुर में एसडीओपी मनीष राज एवं थाना प्रभारी निरीक्षक मंशाराम वगेन के नेतृत्व में आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं को साइबर अपराध डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लिंक निवेश एवं लोन फ्रॉड तथा सोशल मीडिया ठगी से बचाव की जानकारी दी गई। इसी प्रकार थाना खटिया आमाटोला थाना बिछिया चौरंगा एवं मुहाड़, थाना निवास पिपरिया एवं सिंगपुर, थाना मोहगांव कसोटा एवं बिलगांव, थाना महाराजपुर आंगनवाड़ी केन्द्र मलारा तथा चौकी हिरदेनगर सुकतरा एवं चौकी पांडीवारा पीपरदोन एवं सिलवानी में भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, महिलाओं एवं ग्रामीणजनों को साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। चौकी अंजनिया के संदीपनी स्कूल, चौकी मनेरी के पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल तथा रावतपुरा नर्सिंग कॉलेज महाराजपुर में छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं स्टाफ को जानकारी दी गई।




## सायबर क्राइम पर ग्रामीणों को जानकारी

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना बिछिया पुलिस द्वारा सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत ग्राम चौरंगा एवं ग्राम मुहाड़ के आंगनबाड़ी केंद्रों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव ओटीपी यूपीआई पिन बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करने फर्जी लिंक एवं ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई। थाना बिछिया पुलिस ने सभी उपस्थितजनों से स्वयं जागरूक रहने तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने अपील की।

# नैनपुर में स्टेशन यार्ड के पास लावारिस बैग में मिला 3 किलो से अधिक गांजा

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नैनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में एक बैग से पुलिस ने मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। एक अज्ञात बैग जो पटरियों के किनारे लावारिस हालात में पड़ा हुआ था जिससे 3 किलो से भी अधिक मात्रा में गांजा पाया गया। उक्त बैग जिसमे अमेरिकन लिखा हुआ था वह देर शाम जब गाड़ी को लॉक किया जा रहा था रेलवे स्टेशन नैनपुर में आरपीएफ थाने के आगे यार्ड के पास ट्रेन की पटरियों के बीच पाया गया। इसकी सूचना आरपीएफ थाने को दी गई। जब बैग चैक किया गया तो तेल और दैनिक जीवन के साम्रगी के साथ एक पैकेट मिला। जब पैकेट खोला गया तो उसमें मादक पदार्थ गांजा मिला। गांजा की जप्ती के साथ पंचनामा बनाया गया और तुलवाया गया तो 3 किलो के ऊपर का गांजा निकला। आर पी एफ पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही उपरान्त मामले को जी आर पी थाने को सौंपा।

जी आर पी पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार काले रंग का पिट्ठू बैंग में चैन में जप्ती पर्ची नायलोन बारीक केन रस्सी में आरपीएफ पोस्ट नैनपुर की सील चपड़ी से बंधी प्राप्त हुई। बैग को तौल करने पर कुल वजन 4.940 कि.ग्रा. निकला। आरपीएफ नैनपुर की जप्ती पत्रक के अनुसार बैग में से एक पैकेट खाकी टेप सघन रुप लिपटा हुआ है वजन 3.156 किग्रा. को खोलकर चेक करने पर सुगंध से संभावित गाजा पाया गया। जिसमे से सेम्पल लेकर उसकी सघन जांच की गई। मादक पदार्थ गांजे की पुष्टि होने पर वह सेम्पल पैकेट सहित 3.174 कि.ग्रा. बरामद किया गया। इसके अलावा बैग में एक नीले रंग जीस एवं काली शर्ट तथा साबुन, तेल भी जप्त किया गया। पुलिस इसकी अनुमानित कीमत एक लाख सतावन हजार आठ सौ रुपये आंक रही है। जी आर पी पुलिस इस मामले की सघन तहकीकात कर रही है। जिस जगह में यह बैग पाया गया वह स्टेशन में लगे सी सी टीव्ही कैमरों की जद से बाहर बताया जा रहा है। अत: प्रारंभिक जांच में अभी खुलासा नही हो सका है। नैनपुर रेलवे स्टेशन में घटित इस घटना से इस बात की पुष्टि हो गया है कि अवैध मादक पदार्थो खसकर गांजा की तस्करी नैनपुर रेल खण्ड में की जा रही है। जी आर पी पुलिस इस मामले में अपराध क्रमांक 00/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस अधिनियम में मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## समस्या निराकरण हेतु लगा शिविर

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार 27 जून को प्रत्येक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में समाधान शिविर लगाए गए। शिविरों में विभाग के अधीनस्थ कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों जैसे वेतनमान एरियर, महंगाई भत्ता डीए एरियर, लंबित वेतन, वेतन निर्धारण, वार्षिक वेतनवृद्धि इंक्रीमेंट तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित स्वत्वों से संबंधित आवेदनों को प्राप्त कर उनका त्वरित निराकरण करने की व्यवस्था की गई। विकासखंड स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण वहीं किया जाएगा, जबकि जिला कार्यालय से संबंधित प्रकरण सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, मंडला कार्यालय के माध्यम से निपटाए जाएंगे। वर्तमान में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से जिला कार्यालय स्तर पर कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।



## विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** एमएसएमई दिवस के अवसर पर ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के द्वारा कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को मोहनटोला स्थित न्यूट्रिजो मिलेट्स प्राइवेट लिमिटेड एवं सिद्ध बाबा राइस मिल का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों एमएसएमई की कार्यप्रणाली से व्यावहारिक रूप से परिचित कराना तथा कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ना रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्पादन, विपणन, वित्त एवं प्रबंधन से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस अवसर पर उद्योग संचालक परिवार से नमन पमनानी,तनिष्क पमनानी ने विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया और उद्योग की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। इस सफल कार्यक्रम की संकल्पना विद्यालय की शिक्षिकाओं नित्या चौरसिया एवं अर्चना पाठक ने की जबकि विद्यालय के निर्देशक निशांत शुक्ला ने सम्पूर्ण भ्रमण के प्रभावी आयोजन एवं प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

> शादी के बाद सास को खुश करना है तो उनकी हर बात मानें। सास चाहती है कि उसकी बहू उसकी हर बात माने, इसलिए वह अपनी बहू पर रौब झाड़ती है। वह ऐसा इसलिए भी करती है, क्योंकि वह भी कभी बहू रह चुकी होती है।

# दुनिया में अलग होता है सास-बहू का रिश्ता

**सास-बहू का रिश्ता दुनिया में सबसे अलग होता है। प्यार और खट्टी-मीठी तकरार से भरे इस रिश्ते में तालमेल बैठाना सबसे मुश्किल होता है। जहां सास-बहू का रिश्ता कड़वाहट से भरा होता है, वहीं कई बार इस रिश्ते में गहरा प्यार भी देखने को मिल जाता है। शादी के बाद सास का दिल जीतना लड़की के लिए सबसे मुश्किल काम होता है।**



### सास के साथ करें शॉपिंग

शादी के बाद अपनी सास को खुश रखने के लिए शॉपिंग का प्लान बनाती रहें। शॉपिंग पर दोनों का साथ जाना आपको और भी करीब लाएगा और आप दोनों एक-दूसरे को करीब से जान सकेंगी।

### बेझिझक लेना चाहिए सलाह

शादी के बाद हर किसी को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आप बेझिझक सास से सलाह लें। वह अपने अनुभव से आपको सलाह जरूर देंगी और इससे आपका रिश्ता भी गहरा होगा।

### सीरियल से जुड़ी डिस्कशन

सीरियल का क्रेज तो हर सास में देखने को मिलता है। ऐसे में आप भी अपनी सास से सीरियल से जुड़ी डिस्कशन जरूर करें, फिर चाहे आप हाउसवाइफ हों या वर्किंग। उनके दिल पर राज करने का यह एक अच्छा तरीका है।

### कुकिंग लव से खुश करें

हर सास चाहती है कि उसकी बहू अच्छी कुक भी हो। अगर आपको भी अपनी सास को खुश करना है तो पहले ही खाना बनाना सीख लें। अच्छा खाना बनाकर सास को इंप्रेस कर सकती हैं।

### समय-समय पर दें तोहफे

आपके लिए कोई गिफ्ट लाता है तो आपको कितना अच्छा लगता है। ऐसे ही अगर आप शॉपिंग पर जा रही हैं तो अपनी सास को खुश करने के लिए कुछ खरीदकर जरूर लाएं। यह उन्हें खुश करने का बेस्ट तरीका है।

### खुश करने के लिए बात मानें

शादी के बाद सास को खुश करना है तो उनकी हर बात मानें। सास चाहती है कि उसकी बहू उसकी हर बात माने, इसलिए वह अपनी बहू पर रौब झाड़ती है। वह ऐसा इसलिए भी करती है, क्योंकि वह भी कभी बहू रह चुकी होती है।

### पसंद-नापसंद के बारे में जानें

अगर आप अपनी सास से पहली बार मिलने जा रही हैं तो उनकी पसंद-नापसंद के बारे में अपने पार्टनर से सबकुछ जान लें। इसके अलावा अपनी सास के साथ ऐसी कोई बात न करें, जिससे आपके बीच बहस हो जाए।



# टैनिंग दूर करेगा होममेड शुगर स्क्रब

स्किन की जितनी मर्जी चाहे केयर कर लो, मगर फिर भी टैनिंग हो ही जाती है। टैनिंग होने पर चेहरा काला हो जाता है, जो व्यक्ति की खूबसूरती को खराब कर देता है।

### स्क्रब बनाने का सामान

आधा ताजा नींबू, आधा कप दानेदार चीनी, 1 टेबल स्पून ऑलिव ऑइल, 1 टेबल स्पून आर्गेनिक शहद।

### इस तरह बनाएं स्क्रब

सबसे पहले नींबू का रस लें। उसमें ऑलिव ऑइल डालकर मिक्स करें। अब इसमें शहद मिलाएं। इसके बाद चीनी डालकर सारी चीजों को अच्छे से मिक्स करें।

### नींबू कालापन कम करे

नींबू में विटामिन सी पाया जाता है, जो एजिंग स्पॉट्स और चेहरे के कालेपन को कम करने के लिए सहायक होता है।



### चीनी सुधारे रंगत

चीनी शरीर की सभी मृत कोशिकाओं को बाहर निकालने के साथ रंगत सुधारती है।

### ऑलिव ऑइल

ऑलिव ऑइल त्वचा को गहराई से पोषण पहुंचाने और साफ करने का काम करता है। यह एजिंग के निशान को दूर करता है।

### शहद त्वचा रखे हेल्दी

शहद में एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा को हेल्दी रखने का काम करता है।

### स्क्रब लगाने का तरीका

स्क्रब लगाने से पहले चेहरे को पानी से धो लें। अब धीरे-धीरे इस स्क्रब को सर्कुलर मोशन में रगड़कर 2-3 मिनट तक मसाज करें। फिर इसको कम से कम 5 से 7 मिनट के लिए ऐसे ही रहने दें। इसके बाद चेहरे को ठंडे पानी से धोकर चेहरा धो लें। अगर त्वचा पर ड्राईनेस महसूस हो रही है तो मॉश्चराइजर लगा लें।



## ऐसे चमकाएं घर का

# बदरंग फर्श

घर को सजाने के लिए महिलाएं एक से बढ़कर एक सामान मार्केट से खरीद कर लाती हैं। चाहे घर कितना ही सुंदर क्यों न सजा हो पर अगर फर्श गंदा हो तो कोई भी खूबसूरत चीज सुंदर नजर नहीं आती। घर गंदा लगने के साथ ही इससे कई सारी बीमारियां भी होती हैं। ऐसे में घर के फर्श को हमेशा चमकाकर रखना चाहिए। फ्लोर को चमकाने के लिए बाजार से कोई सामान लाने की जरूरत नहीं है। घर पर पड़े सामान से ही फ्लोर को चमकाया जा सकता है।



### सिरका

टाइल्स जल्दी गंदी हो जाती है। इनको साफ करने के लिए महंगे से महंगे प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल किया जाता है, मगर कोई फायदा नहीं होता। टाइल्स को चमकाने के लिए सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे पहले 1 कप सिरके को 1 बाल्टी पानी में मिला लें।

### गर्म पानी-साबुन

ब्लैक कलर के मार्बल को साफ करने के लिए अम्लीय चीजों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से फ्लोर खराब हो सकता है। ब्लैक मार्बल को साफ करने के लिए गुनगुने पानी में साबुन मिलाकर साफ करें। इस तरह साफ करने से फ्लोर चमक उठेगा।



### अमोनिया

अमोनिया से भी आसानी से घर के फर्श पर लगे दागों को साफ कर सकते हैं। 1 कप अमोनिया को 1 बाल्टी पानी में मिला लें। इस पानी से फर्श साफ करने पर घर की बदबू भी दूर होगी।

### नींबू

नींबू भी फर्श को चमकाने के काम आता है। 3 से 4 नींबू लें, उनको बाल्टी पानी में निचोड़ लें। इस पानी से घर की सफाई करें। इससे घर की सारी गंदगी साफ हो जाएगी।

### कवर करना

आजकल बाजार में फ्लोर को कवर करने के लिए खास किस्म की प्लास्टिक की मैट मिलती है, जिससे आप चाहें तो पूरे फर्श को कवर कर सकते हैं। इसे साफ करना भी बहुत आसान होता है।

# पुराने अखबारों से सजाएं अपना घर, बनाएं ये यूनिक और बजट-फ्रेंडली चीजें

हम सभी के घर में अखबार रोजाना आता है। ऐसे में घर का एक कोना जरूर होता है जहां पुराने अखबारों का ढेर लगा होत है। कुछ समय बाद इन्हीं पुराने अखबारों को लोग कबाड़ में बेच देते हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि इन्हीं पुराने अखबारों से आप घर के लिए खूबसूरत डेकोरेटवि आइटम्स भी बना सकती हैं जी हां, खास बात तो ये है कि आप कम खर्च में ही इनसे काफी सुंदर डेकोरेटवि पीस तैयार कर सकती हैं। तो अगर आपके यहां भी पुराने अखबारों का ढेर लगा हुआ है तो उन्हें कबाड़ में नकिालने के बजाय कुछ शानदार तरीकों से इस्तेमाल कर सकती हैं।

### स्टाइलिश पेन स्टैंड बनाएं




पुराने अखबारों से आप पेन स्टैंड भी बना सकती हैं। इसके लिए किसी खाली डिब्बे पर अखबार की रोल की हुई स्ट्रिप्स को चिपका दें। अब जब ये सूख जाए तो उस पर आप पेंट कर सकती हैं। इसे आप स्टडी टेबल या ऑफिस डेस्क पर रख सकती हैं। ये दखिने में बहुत ही सुंदर लगेगा।



### खूबसूरत फ्लावर वास

पुराने अखबारों से आप खूबसूरत सा फ्लावर वास बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए अखबारों को लंबी-लंबी स्ट्रिप्स में मोड़कर रोल बना लें। अब इन रोल्स को किसी पुरानी बॉटल या प्लास्टिक कंटेनर के चारों तरफ चिपका दें। ऊपर से आप अपनी पसंद का कोई कलर कर सकती हैं। इसमें आर्टिफिशियल फूल रख सकती हैं। ये दिखने में बिल्कुल हैंडमेड डिजाइनर पीस जैसा लगेगा। अगर आपके घर की दीवारें खाली हैं तो आप वहां पर अखबारों से वॉल हैंगगि बनाकर टांग सकती हैं। इसके लिए अखबार की पट्टियों को गोल या फूलों के शेप में मोड़कर चपिका दें। ऐसे ही कई छोटे-छोटे डजिाइन बना लें और उन्हें जोड़कर बड़ा सा पैटर्न तैयार कर लें। आप इसके ऊपर कलर, ग्लटिर या लेस लगाकर खूबसूरत लुक दे सकती हैं। अब इसे डोरी की मदद से वॉल हैंगगि बनाकर टांग सकती हैं।

### अखबार की टोकरी बनाएं



आजकल न्यूजपेपर बास्केट भी काफी लोग बना रहे हैं। इसके लिए अखबार की लंबी रोल्स बनाकर उन्हें बुनाई की तरह आपस में पिरोया जाता है। इससे छोटी टोकरी तैयार की जा सकती है। इसका इस्तेमाल आप चाबियां, रिमोट, मेकअप या छोटी चीजें रखने के लिए कर सकती हैं।

# घर की सब्जी को बनाना है सुपर टेस्टी, तो ट्राई करें ये आसान ट्रिक्स

मिताली जैन

हम सभी हर दिन घर में कोई ना कोई सब्जी जरूर बनाते हैं। लेकिन घर की सब्जी में अक्सर वह स्वाद नहीं आता है, जो हमें रेस्टोरेंट में मिलता है। ऐसे में हमें यह समझ नहीं आता है कि कहां गलती हो रही है। फीकी-फीकी सब्जी घर में किसी का भी खाने का मन नहीं करता है। हो सकता है कि आपके साथ भी अक्सर ऐसा होता हो। लेकिन आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। दरअसल, ऐसी कई छोटी-छोटी किचन ट्रिक्स होती हैं, जिसे अगर आप फॉलो करें, तो अपनी सिंपल सी सब्जी को भी बेहद ही टेस्टी बना सकती हैं। इन किचन ट्रिक्स को आजमाने के बाद आपके घर में लोग रेस्टोरेंट से सब्जी लाना छोड़ ही देंगे। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ आसान किचन ट्रिक्स के बारे में बता रहे हैं-

### भुना हुआ बेसन करें इस्तेमाल

अगर आपने सूखी सब्जी बनाई है और आपको उसमें वह स्वाद नहीं आ रहा है तो ऐसे में उसमें एक चम्मच हल्का भुना



हुआ बेसन डालना काफी अच्छा रहेगा। इससे ना केवल मसाले अच्छे से चिपकते हैं, बल्कि सब्जी का स्वाद भी बढ़ जाता है। खासकर अगर आप जौकी, टिंडा और तोरई जैसी सब्जियों को बना रहे हैं तो ऐसे में इस टिप्स को आजमाकर देखें।

### कसूरी मेथी का करें इस्तेमाल

अक्सर आपने नोटिस किया होगा कि होटल की सब्जी में बेहतरीन खुशबू आती है, जबकि घर की सब्जी के साथ ऐसा नहीं होता। इसके पीछे का राज कसूरी मेथी है। कसूरी मेथी सब्जी में खुशबू के साथ-साथ उसका स्वाद भी तुरंत बढ़ा देती है। बस आप इसे हाथ से हल्का मसलकर आखिर में डालें।

### सही समय पर डालें नमक


नमक के बिना कोई सब्जी नहीं बनती, लेकिन अगर आप इसे सही समय पर डालते हैं तो इससे टेस्ट लाजवाब आता है। जहां कई सब्जियों में शुरुआत में नमक डालना सही रहता है, वहीं कुछ सब्जियों जैसे भिंडी या मशरूम में बाद में नमक डालें। दरअसल, गलत समय पर नमक डालने से सब्जी पानी छोड़ देती है और स्वाद बिगड़ सकता है।

### ताजा हो अदरक-लहसुन का पेस्ट

अगर आप घर की सब्जी में बाजार जैसा स्वाद चाहते हैं तो इसके लिए बाजार वाला अदरक-लहसुन पेस्ट का इस्तेमाल करने से बचें। घर का ताजा पेस्ट सब्जी को ज्यादा खुशबूदार और स्वादिष्ट बनाता है।

## घर में लगाएं

# किचन गार्डन



जरूरी नहीं कि किचन गार्डन रसोईघर के पास हो। आप गार्डन की थोड़ी-सी जगह में भी किचन गार्डन बना सकते हैं। आप चाहें तो इसे घर के अंदर भी बना सकते हैं।

### ताजे हर्ब मिलना

घर में किचन गार्डन होने का एक फायदा यह भी है कि आपको आसानी से हर्ब्स मिल जाते हैं। तुलसी के पत्ते हो या पुदीना, इसके लिए आपको कहीं दूर नहीं जाना पड़ता। घर में तुलसी, धनिया और पुदीने जैसी चीजें उगाकर खाएं। इससे आप बीमारियों से भी बचे रहेंगे।

### फ्रेश सब्जियां

बाजार में मिलने वाली सब्जियां बासी होने के साथ-साथ केमिकल्स वाली भी होती हैं, क्योंकि इन्हें उगाने या स्टोर करने के लिए कई तरह की चीजों का इस्तेमाल किया जाता है।

### बजट मेंटेन होना

अक्सर बाजार से सब्जियां खरीदते समय आपके काफी पैसे खर्च हो जाते हैं। ऐसे में आप घर पर रोजाना इस्तेमाल होने वाली सब्जियां जैसे प्याज, टमाटर, लहसुन आदि उगाकर काफी पैसे बचा सकती हैं। इससे आपका बजट भी मेंटेन रहेगा और आपको ज्यादा पैसे भी नहीं खर्च करने पड़ेंगे।

### तनाव से मुक्ति

घर में गार्डन होने से आपको तनाव से मुक्ति मिलती है। इससे आपका दिमाग अच्छे कामों में लगा रहता है और आप इधर-उधर की बातें सोच नहीं पातीं।

### बजट में कमी

रसोई में रोज़मर्रा इस्तेमाल होने वाली सब्ज़ियों जैसे हरी मिर्च, धनिया, टमाटर आदि पर होने वाले खर्च को कम किया जा सकता है। मानसिक शांति पौधों की देखभाल करने से तनाव कम होता है और प्रकृति के करीब रहने का अनुभव मिलता है।

# मॉनसून में बालकनी बनेगी फूलों का गुलदस्ता, बस लगा लें ये पौधे

दिव्यांशी भदौरिया

मॉनसून सीजन में आने में अब ज्यादा समय बचा नहीं है। बारिश की बौछार की गर्मी से राहत देता है। बरसात के समय चारों तरफ वातावरण बेहद खुशनुमा होता है। ऐसे में आपके घर में लगे पौधे और भी खूबसूरत हो जाते हैं। अगर आप भी मॉनसून में अपने घर की बालकनी को पौधों से सजाना चाहते है, तो आप इन फूलों के पौधे जरुर लगाएं। बरसात के मौसम में कुछ ऐसे पौधे भी जिन्हें आप घर में लगाएंगे, तो आपकी बालकनी बहुत ज्यादा अट्रैक्टिव बन जाएगी। आइए आपको बताते हैं कुछे ऐसे खास पौधे जो आप अपने घर पर लगा सकते हैं।

### जीनिया

मॉनसून के समय आप अपने घर पर जीनिया का पौधा लगा सकते हैं। जीनिया पौधा दिखने में काफी ब्राइट कलर्स के होते हैं। इनमें लगे लाल, नारंगी, पीला, सफेद और बैंगनी जैसे फूल काफी प्यारे लगते हैं। इन फूलों को धूप काफी पसंद होती है



और इसे आप बीज से भी लगा सकते हैं। आप चाहे तो इस पौधे को इसकी कलम से भी लगा सकते हैं। एक 8 से 10 इंच के गमले में कम से कम दो जीनिया के पौधे लगा सकते हैं। इसको गमले में लगा दोंगे, तो दो अलग रंगों के फूल खिलते नजर आएंगे और बालकनी भी बहुत सुंदर लगती है।

### बाल्सम

बरसात के मौसम में अपने गार्डन को सुंदर बनाने के लिए बाल्सम पौधा सबसे अच्छा माना जाता है। यह छायादार बालकनी और गमलों के लिए बेहद उपयुक्त पौधा है। इस पौधा को आप मॉनसून में लगवा सकते हैं और इसकी ज्यादा देखभाल करने की कोई जरुरत नहीं है। असल में बाल्सम एक ऐसा पौधा है, जो नम, छायादार परिस्थितियों में अच्छी तरह पनपता है। इसी कारण से इस पौधे को मॉनसून में बढ़ने वाले पौधों में से एक माना जाता है। इसके रंग-बिरंगे बालकनी को और ज्यादा खूबसूरत दिखाते हैं।

### गेंदा

गेंदा एक ऐसा लोकप्रिय फूलदार पौधा है जो बरसात के मौसम में विशेष रूप से खूब फलता-फूलता है। हालांकि यह सालभर फूल देता रहता है, लेकिन मॉनसून के दौरान इसमें अधिक संख्या में रंग-बिरंगे फूल खिलते हैं, जिससे बालकनी और बगीचे की सुंदरता कई गुना बढ़ जाती है। इसके अलावा, इसकी खुशबू और गुणों के कारण इसे बरसात में आने वाले कई प्रकार के कीड़ों को दूर रखने के लिए भी लगाया जाता है। गेंदे में भी कई रंग और वैरायटी पाई जाती है और आप इसे मॉनसून में बीज से आसानी से ऊगा सकते हैं। इसके बीजों को गमले में डालकर बालकनी में रख दें और ये बारिश के पानी से बहुत जल्दी बढ़ने लगता है और इसमें बहुत से फूल खिलने लगते हैं।

### गुड़हल

गुड़हल का पौधा आप किसी भी मौसम में लगा सकते हैं, लेकिन इसे बरसात के समय लगना सही होता है। इसके लाल फूल काफी सुंदर लगते हैं। इस मौसम में गुड़हल के पौधा को आप दो तरीके से लगा सकते हैं, इसे आप कटिंग से लगाएं या फिर कम से कम 6 इंच डाल की जरुरत होगी। आप इसी से नया पौधा ऊगा सकते हैं और बालकानी को खूबसूरत बना सकते हैं।

गुड़हल का नया पौधा तैयार करने के लिए सबसे पहले एक साफ बर्तन में पानी भरें। इसके बाद गुड़हल की स्वस्थ कलम को इस तरह पानी में रखें कि उसका निचला हिस्सा पानी में डूबा रहे। बर्तन को ऐसी जगह रखें जहां सीधी धूप न आए और हल्की रोशनी मिलती रहे। लगभग 10 से 15 दिनों के भीतर कलम में नई जड़ें विकसित होने लगती हैं, जिसके बाद इसे मिट्टी में लगाकर आसानी से पौधे के रूप में उगाया जा सकता है।

# हम पीएम मोदी के बहुत बड़े प्रशंसक, भारत के साथ रिश्तों को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री ने की तारीफ




वॉशिंगटन

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत को एक प्रभावशाली वैश्विक शक्ति बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ की है। राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी और शीर्ष राजनयिक ने आगे कहा कि ट्रंप और पीएम मोदी के बीच बहुत करीबी संबंध हैं।व्हाइट हाउस में आईएएनएस को दिए एक खास इंटरव्यू में रुबियो ने कहा, भारत, अमेरिका का बहुत करीबी पार्टनर और सहयोगी है और प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के बीच संबंध इससे बेहतर नहीं हो सकते। मुझे लगता है कि कूटनीति में यह बहुत अहम है।

उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करता है और भारत को अमेरिका का सबसे करीबी रणनीतिक साझेदार माना जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा, हम प्रधानमंत्री मोदी और उनके किए गए कामों के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत जबरदस्त आर्थिक तरक्की कर रहा है और एक ऐसी वैश्विक ताकत के तौर पर उभर रहा है, जिसकी वैश्विक फैसले लेने में अब यादा अहमियत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया में भारत का बढ़ता प्रभाव नई दिल्ली और वॉशिंगटन के रिश्तों को मजबूत बना रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के साझा मूल्यों और हितों ने कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है।

उन्होंने कहा, ये दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र हैं। मुझे लगता है कि हमारी बहुत सी बातें एक जैसी हैं और हम मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत और अमेरिका अर्थव्यवस्था, सप्लाई चेन, अहम खनिजों, ऊर्जा, सुरक्षा और नेविगेशन की आजादी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं और कहा, ये सभी ऐसे मुद्दे हैं जो हमें एक-दूसरे से जोड़ते हैं। अमेरिकी राजनयिक ने यह भी कहा कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने उनके देश को समृद्ध बनाया है और भारत-अमेरिकी संबंधों को बढ़ाने में मदद की है। उन्होंने कहा, आपके यहां एक बहुत मजबूत भारतीय-अमेरिकी समुदाय भी है, जो हमारे देशों के बीच एक और कड़ी है। यह एक ऐसा समुदाय है जिसने हमारे देश को कई तरह से समृद्ध किया है।

## हिंसा का जवाब हिंसा से दिया जाएगा



**वाशिंगटन।** अमेरिका-ईरान के बीच हुए समझौते के बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में कमर्शियल जहाज पर हुए हमले को लेकर एक बार फिर दोनों देशों के बीच तनाव देखने को मिल रहा है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ईरान को चेतावनी दी है कि अगर हमला किया तो उसका जवाब हमले से दिया जाएगा। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चेतावनी देते हुए लिखा, अगर ईरान ने हिंसा किया तो हिंसा का जवाब हिंसा से ही दिया जाएगा। उन्होंने साफ लफ्जों में कहा कि अगर उन्हें समझौते के क्रियान्वयन को लेकर कोई असहमति है, तो वे फोन कर सकते हैं। लेकिन हिंसा का जवाब हिंसा से ही दिया जाएगा। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने कहा कि वाशिंगटन ने ईरान के साथ युद्धविराम समझौते का सम्मान किया है, लेकिन चेतावनी दी कि किसी भी तरह की और आक्रामकता का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा। ईरान की सेना IRGC ने कहा कि उसने ईरान पर हुए अमेरिकी हमलों के बदले खाड़ी में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर हमला किया है। ईरानी टीवी के अनुसार, IRGC ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका फिर से कोई सैन्य कार्रवाई करेगा तो ईरान का जवाब और भी सख्त होगा। उन्होंने कहा, अगर दोबारा हमला हुआ तो हमारा जवाब इससे भी बड़ा होगा। इसी के जवाब में अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने की प्रतिक्रिया आई है, जिसमें उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अगर ईरान हिंसा करेगा तो उसका जवाब हिंसा से दिया जाएगा। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में एक कामर्शियल जहाज पर हुए हमले के बाद अमेरिका ने ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर जवाबी हवाई हमले किए हैं। ईरानी अधिकारियों ने अमेरिका के नए हमलों की निंदा करते हुए अमेरिका पर सीजफायर उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

# राम मंदिर ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं की आस्था से किया खिलवाड़ : कांग्रेस

नयी दिल्ली, (वार्ता)



कांग्रेस ने कहा है कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े मामलों में शुरू से ही अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आते रहे हैं, लेकिन अब चढ़ावे और चंदे की चोरी का खुलासा होने से करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर गंभीर आघात हुआ है।

कांग्रेस प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के लिए गठित ट्रस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पसंदीदा लोगों को शामिल किया गया। ट्रस्ट ने वित्तीय जांच-पड़ताल के लिए एजेंसियां नियुक्त की थीं, जिन्होंने कई सुझाव दिये, लेकिन ट्रस्ट ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। उनका कहना था कि जब कथित चोरी के मामलों का खुलासा होने लगा और मंदिर के कैश काउंटिंग एजेंट महिपाल सिंह ने कई तथ्य सार्वजनिक किये तो उन्हें पद से हटा दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बाद जैसे-जैसे और खुलासे होने लगे, मंदिर परिसर से सीसीटीवी कैमरे हटा दिये गये और उनकी रिकॉर्डिंग डिलीट कर दी गयी। विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट के बाद कुछ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी, लेकिन उसमें केवल छोटे कर्मचारियों के नाम शामिल किये गये। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा के इस्तीफे की खबरें हैं, हालांकि बाद में कहा गया कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

श्री सिंह ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि पर निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही भूमि खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। सरकार ने जांच कराने की बात कही थी, लेकिन उस जांच का परिणाम आज तक सामने नहीं आया। इसके बाद मंदिर निर्माण में भ्रष्टाचार और अब चढ़ावे की चोरी के आरोप सामने आये हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में चंपत राय ने दावा किया था कि कोई उल्लेखनीय गड़बड़ी नहीं हुई है, लेकिन जैसे-जैसे मामले की परतें खुलती गयीं, ट्रस्ट के ही एक वरिष्ठ सदस्य ने इसे भ्रष्टाचार नहीं बल्कि 'डाका' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों भारतीयों ने भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धा और विश्वास के साथ दान दिया, लेकिन ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने श्रद्धालुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया और जमकर लूट की। कांग्रेस ने कहा कि वह पहले से ही ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती रही है, लेकिन उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया गया। पार्टी ने पूछा कि इतने बड़े मुद्दे पर श्री मोदी खामोश क्यों हैं और पूरे मामले की निष्पक्ष तथा पारदर्शी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।

## शोएब अख्तर के भाई के जनाजे में दिखे लश्कर के आतंकी, फिर खुली पाकिस्तान की पोल




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज शोएब अख्तर के बड़े भाई शाहिद अख्तर के अंतिम संस्कार को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैबा के राजनीतिक विंग के शीर्ष नेताओं और मुंबई हमले ( 26/11) के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के करीबियों को कतार में खड़े होकर प्रार्थना करते देखा गया। दरअसल, शोएब अख्तर के बड़े भाई शाहिद अख्तर को इस्लामाबाद के एच-8 कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया है। शाहिब जनाजे में खेल जगत और राजनीति जगत से जुड़े लोग भी मौजूद थे। इसको लेकर पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो ने पाकिस्तान में आतंकियों को मिलने वाले खुले संरक्षण को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंताएं बढ़ा दी हैं कि पाकिस्तान में आतंकवादियों को किस तरह सुरक्षित पनाहगाह मिल रही है।

पीएमएमएल के इस्लामाबाद प्रमुख इनाम-उर-रहमान कंबोह अंतिम संस्कार से सामने आई तस्वीरों में मौजूद था। इसके अलावा, पीएमएमएल के उप महासचिव अब्दुल्ला तूर, पीएमएमएल के क्षेत्रीय महासचिव हाफिज उमर, खिदमत समिति के अध्यक्ष अमजद भट्टी और अन्य लोग मौजूद थे। वीडियो में उन्हें कतार में खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए दिखाया गया।

बताते चलें कि पीएमएमएल पार्टी आतंकी हाफिज सईद के समर्थन से बनी पार्टी मानी जाती है। क्योंकि उसके संगठन लश्कर-ए-तैयबा पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार प्रतिबंध लग चुका है।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शाहिद अख्तर का तीन दिन पहले दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। अपने परिवार में आई इस दुखद घटना की पुष्टि करते हुए शोएब ने एक पोस्ट में कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मेरे प्यारे बड़े भाई शाहिद अख्तर अल्लाह सुभान व तआला के पास लौट गए हैं। नमाज-ए-जनाजा का समय और स्थान सुबह सूचित किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने अपने भाई के अंतिम संस्कार में लश्कर-ए-तैबा के प्रतिनिधियों की उपस्थिति को लेकर हो रही हालिया आलोचना का जवाब नहीं दिया है।

# जरूरतमंदों के इलाज और मकान की व्यवस्था कराएगी सरकार : योगी

गोरखपुर, (वार्ता)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय भरोसा देते हुए कहा कि जरूरतमंदों के इलाज और मकान की व्यवस्था सरकार कराएगी।

मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी होना चाहिए।



इस अवसर पर उन्होंने लोगों से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं पर संवेदनशीलता दिखाएं।

जनता दर्शन में एक महिला ने योगी से कहा कि उनके पास रहने के लिए अपना मकान नहीं है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि उन्हें सरकार की योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे।

मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। एम्स दिल्ली में इलाज कर रही महिला को योगी ने राहत कोष से आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। एक अन्य महिला की इलाज संबंधी समस्या सुनने के बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके इलाज की व्यवस्था गोरखपुर एम्स या बीआरडी मेडिकल कॉलेज में की जाए।जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया। मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि वे अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें।

## बरसाना में कठिन साधना को लेकर आकर्षण का केंद्र बना किशोर

**मथुरा, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिला स्थित राधारानी धाम बरसाना में 13 वर्षीय बालक आराध्या गुप्ता अपनी अद्भुत आस्था, दृढ़ संकल्प और कठिन साधना को लेकर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आगरा निवासी आराध्या ने करीब सात किलोमीटर लंबी बरसाना की पक्की परिक्रमा हाथों के बल पूरी करने का संकल्प लिया है। उद्देश्य अपनी दिवंगत दादी की स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ विश्व रिकॉर्ड स्थापित करना भी है। आगरा के प्रतीक विहार फेस-दो निवासी कमलेश गुप्ता और सीमा गुप्ता के पुत्र आराध्या बचपन से ही धार्मिक एवं आध्यात्मिक प्रवृत्ति का है। परिवार के अनुसार वह अपनी जुड़वां बहन के साथ बचपन से ही धार्मिक आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेता रहा है भगवान के प्रति उसकी विशेष आस्था रही है। आराध्या पिछले पांच वर्षों से, यानी आठ वर्ष की आयु से, हाथों के बल चलने का नियमित अभ्यास कर रहा है। बरसाना की पक्की एवं लगभग सात किलोमीटर लंबी परिक्रमा हाथों के बल पूरी करना अत्यंत कठिन माना जाता है।

# राम मंदिर चढ़ावा मामले को राजनीतिक मुद्दा बनाने का प्रयास कर रहे हैं अखिलेश : सिद्धार्थ नाथ

प्रयागराज, (वार्ता)

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे में कथित गड़बड़ी को लेकर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं योगी सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव इस मामले को राजनीतिक मुद्दा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में चढ़ावे से संबंधित कथित अनियमितताओं की जानकारी मिलने के बाद ट्रस्ट के अनुरोध पर ही राय सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। उन्होंने कहा कि एसआईटी की प्रारंभिक जांच में जिन लोगों की भूमिका सामने आई, उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई और आठ आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। मामले की विवेचना अभी जारी है। उन्होंने कहा कि स्वयं अखिलेश यादव ने भी इस मामले में एसआईटी जांच की मांग की थी। ऐसे में अब सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाना विरोधाभासी है। उनका कहना था कि जांच निष्पक्ष ढंग से चल रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सपा अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव अयोध्या और मथुरा नहीं जाते, लेकिन सरकार को बदनाम करने के लिए लगातार आरोप लगाते रहते हैं। उन्होंने अखिलेश यादव के लिए यदुमुल्ला शब्द का प्रयोग करते हुए कहा कि राम भक्त जब जांच करते हैं तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता है। उल्लेखनीय है कि अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने लिखा था, वे क्या करेंगे दूध का दूध और पानी का पानी, लालच ने मार दिया है जिनकी आंख का पानी।सिद्धार्थ नाथ सिंह ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा लगाए गए चंदा चोरी के आरोपों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने केजरीवाल को बरसाती मेंढक बताते हुए कहा कि वह राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से ऐसे आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर बाहर होने के कारण जनता उनकी बातों पर विश्वास नहीं करती। भाजपा विधायक ने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच जारी है और जांच रिपोर्ट आने तक सभी को इंतजार करना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार कार्य कर रही है और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, इसलिए किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## अखिलेश की लठैतवादी गैंग कर रही सस्ती राजनीतिः केशव मौर्य

**लखनऊ, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रसाद विवाद को लेकर सपा-कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों को राम मंदिर से स्वाभाविक चिढ़ है और अब उन्होंने इंडिया गठबंधन को भी इसमें घसीट लिया है। केशव मौर्य ने कहा, इस मुद्दे पर झूठ, भ्रम और जहर फैलाना इनका खास शगल बन गया है। पहले श्रीराम मंदिर का विरोध किया, और अब जांच पूरी होने से पहले ही प्रसाद को लेकर बेवजह विरोध कर रहे हैं।सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर सीधा निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव और उनकी लठैतवादी गैंग एक तरह से सस्ती राजनीति कर रहे हैं। श्री मौर्य ने बताया कि जांच और एफआईआर के बाद गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। यह तय है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। लेकिन सनातन विरोधी और राम विरोधी तत्व अपनी दुर्भावनापूर्ण मानसिकता उजागर करने से बाज नहीं आते। केशव प्रसाद मौर्य ने 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर दावा किया, उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि 2027 में फिर कमल खिलेगा।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## अर्थव्यवस्था पर भी दमदार फिल्म बन सकती है : चिन्मय मांडलेकर



निर्देशक चिन्मय मांडलेकर ने कहा है कि आर्थिक संकट जैसे विषय पर आधारित फिल्में बहुत कम बनती हैं और यही बात उन्हें गवर्नर– द साइलेंट सेवियर का निर्देशन करने के लिए सबसे अधिक आकर्षित कर गई।निर्देशक चिन्मय मांडलेकर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ अपनी दूसरी फिल्म गवर्नर– द साइलेंट सेवियर के निर्माण से जुड़े अनुभव साझा किए। सची घटना से प्रेरित यह फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है और दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। मांडलेकर ने बताया कि फिल्म का मूल विचार वर्ष 1990 के आर्थिक संकट से जुड़ा था। उन्होंने कहा कि इस कहानी की अवधारणा एक लेखक के पास थी, जिन्होंने इसे निर्माता विपुल शाह तक पहुंचाया। इसके बाद लगभग चार वर्षों तक फिल्म की पटकथा पर काम किया गया। वर्ष 2025 में यह परियोजना उनके पास आई, तब तक पटकथा काफी हद तक तैयार हो चुकी थी। बाद में उसमें दो-तीन दौर के संशोधन किए गए और फिल्म अंतिम रूप में तैयार हुई।उन्होंने कहा कि युद्ध, प्राकृतिक आपदा, महामारी, दंगों और सामाजिक घटनाओं पर आधारित फिल्में अक्सर बनती हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था जैसे विषय पर फिल्में बहुत कम देखने को मिलती हैं। यही वजह थी कि उन्होंने इस विषय पर फिल्म बनाने का निर्णय लिया। चिन्मय मांडलेकर ने कहा कि गवर्नर– द साइलेंट सेवियर को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया पूरी टीम के लिए उत्साहवर्धक है।

## प्रीतम एंड पेड्रो में फिर साथ आए राजकुमार हिरानी और अरशद वारसी





बॉलीवुड फिल्मकार राजकुमार हिरानी ने अपनी पहली ओटीटी सीरीज़ प्रीतम एंड पेड्रो को लेकर अभिनेता अरशद वारसी के साथ अपनी दो दशक पुरानी रचनात्मक साझेदारी के अनुभव साझा किए हैं।करीब 20 साल बाद दोनों प्रीतम एंड पेड्रो में फिर साथ आए हैं, जिसमें अरशद वारसी एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। इस सीरीज़ के जरिए राजकुमार हिरानी ओटीटी की दुनिया में कदम रख रहे हैं।

राजकुमार हिरानी ने कहा कि अरशद का अभिनय करने का तरीका बेहद अलग है और उनके इम्प्रोवाइजेशन ने मुन्ना भाई के कई यादगार दृश्यों को जन्म दिया।

राजकुमार हिरानी ने बताया कि मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस. की शूटिंग के पहले ही दिन उन्हें महसूस हुआ कि अरशद वारसी स्क्रिप्ट के अनुसार संवाद नहीं बोल रहे थे, बल्कि अपने अंदाज में बदलाव कर रहे थे। शुरुआत में उन्होंने अरशद से स्क्रिप्ट के मुताबिक संवाद बोलने को कहा, लेकिन दूसरा टेक पहले जितना प्रभावी नहीं लगा। तब उन्हें समझ आया कि अरशद का काम करने का अपना अलग और अनोखा तरीका है।

अरशद वारसी ने कहा कि राजकुमार हिरानी उनकी जिंदगी पर गहरा प्रभाव डालने वाले लोगों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों हमेशा संपर्क में रहे और जब हिरानी ने इस प्रोजेक्ट के लिए फोन किया तो उन्हें बेहद खुशी हुई।

हिरानी ने बताया कि प्रीतम एंड पेड्रो साइबर अपराध की दुनिया पर आधारित है और इसकी कहानी राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ अमित दुबे द्वारा साझा किए गए वास्तविक मामलों से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि सीरीज़ में साइबर अपराध की वास्तविक कार्यप्रणाली और उसकी जांच को दिखाने का प्रयास किया गया है।

अरशद वारसी ने बताया कि इस बार हिरानी की पटकथा इतनी सटीक थी कि उन्हें अपने प्रसिद्ध इम्प्रोवाइजेशन की बहुत कम जरूरत पड़ी। उन्होंने कहा कि हिरानी पहले से ही यह लिख चुके थे कि वह मौके पर क्या जोड़ सकते हैं।

राजकुमार हिरानी ने मुन्ना भाई के चर्चित हक्का नूडल्स वाले दृश्य का जिक्र करते हुए बताया कि यह संवाद अरशद की तत्काल सूझ का नतीजा था। इसके बाद ही तय किया गया कि सर्किट हर नए किरदार को कोई न कोई मजेदार निकनेम देगा।

अरशद वारसी ने कहा कि इस तरह का इम्प्रोवाइजेशन तभी संभव है जब निर्देशक कलाकार की सोच को समझता हो। उन्होंने मुन्ना भाई की कॉमेडी को बुद्धिमत्तापूर्ण हास्य बताते हुए कहा कि वह केवल जोकरपंती नहीं थी।

अविनाश अरुण के निर्देशन में बनी और राजकुमार हिरानी द्वारा निर्मित प्रीतम एंड पेड्रो तीन जुलाई से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

## वाराणसी के सभी बड़े एक्शन सीक्वेंस पूरे, सितंबर-अक्टूबर तक खत्म होगी शूटिंग : राजामौली



फिल्मकार एस.एस. राजामौली ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म वाराणसी की शूटिंग को लेकर बड़ा अपडेट देते हुए कहा है कि फिल्म के सभी बड़े और भव्य एक्शन दृश्य पूरे कर लिए गए हैं तथा पूरी शूटिंग सितंबर या अक्टूबर 2026 की शुरुआत तक समाप्त होने की उम्मीद है।राजामौली ने बताया कि फिल्म की शूटिंग का बड़ा हिस्सा पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा, हमने सभी प्रमुख और बड़े पैमाने के एक्शन सीक्वेंस शूट कर लिए हैं। फिलहाल छोटे और आपस में जुड़े दृश्यों की शूटिंग चल रही है। उम्मीद है कि सितंबर या अक्टूबर की शुरुआत तक पूरी शूटिंग पूरी हो जाएगी। राजामौली ने बताया कि फिल्म की योजना शुरू से ही आईमैक्स फॉर्मेट को ध्यान में रखकर बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी या दृश्य केवल आईमैक्स के लिए नहीं बदले गए, बल्कि उन्हें इस तरह फिल्माया गया है कि वे आईमैक्स और सिनेमास्कोप दोनों प्रारूपों में प्रभावशाली दिखाई दें। राजामौली ने बाहुबली फ्रेंचाइजी पर बन रही एनिमेटेड फिल्म बाहुबली– द इटरनल वॉर पर भी चर्चा की। बाहुबली की दुनिया पहले से स्थापित होने के कारण उसकी कहानी को आगे बढ़ाना स्वाभाविक है। उन्होंने निर्देशक ईशान शुक्ला की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बाहुबली के पात्रों और उसकी दुनिया को अछी तरह समझा है, जिससे उन्हें परियोजना पर पूरा भरोसा है। राजामौली ने कहा कि एनिमेशन माध्यम भारतीय पौराणिक कथाओं, भावनाओं और भव्यता को और अधिक प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर देता है। उनके अनुसार, मेरे लिए भावनाएं ही कहानी का बीज हैं और भव्यता उसी बीज से उगने वाला विशाल वृक्ष है। उन्होंने हैदराबाद में आईमैक्स थिएटरों की वापसी पर भी खुशी जताते हुए कहा कि तेलुगु भाषी रायों के दर्शक दुनिया के सबसे बड़े सिनेमा प्रेमियों में हैं और वे विश्वभर की फिल्मों का भरपूर आनंद लेते हैं।

# युवक कांग्रेस ने किया भू-माफियाओं का पुतला दहन

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

उज्जैन भूमि घोटाले के विरोध में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पटेल के नेतृत्व में गत दिवस सुभाष पार्क चौराहा में मध्यप्रदेश की भ्रष्ट सरकार व मोहन यादव एवं उनके परिवार सहित भू माफियाओं का पुतला दहन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री के खिलाफ व्यापक नारेबाजी की गई। इस मौके पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार को संरक्षण देकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं भ्रष्टाचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अनैतिकता से पद का दुरुपयोग कर पूरे कुनवा के नाम से जमीन ले ली। वहीं भगवान श्री



राममंदिर में चंदा और चढ़ावा की लूट की गई है। इनकी करनी और कथनी में भारी अंतर है महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है किंतु मुख्यमंत्री और भाजपा नेता लुट मचाए हुए है।उक्त मौके पर रुद्रेश तिवारी, अस्सू नेमा, बॉबी खान, मुकेश कटारे, आशीष राजवैद्य, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष धनीराम पटेल, विजय आज़ाद, अरविंद चौबे, बुद्धिप्रकाश विश्वकर्मा, अभय राय, छोटू त्रिवेदी, रजनीश सेन, बबलू भाईजान, मिक्की राय, विशाल राय, मयंक साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रोहित पटेल, अमित राय, जिला एन एस यू आई अध्यक्ष ईशान राय, प्रदेश सचिव जितेंद्र लोधी, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष शुभम ठाकुर, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, हेमराज ठाकुर, नितिन गोयल, अन्नी यादव, कैलाश नौरिया, विधानसभा उपाध्यक्ष महेंद्र लोधी, अनिल झारिया, रितेश राय, अंकित पटेल, पलाश पटेल, अंकुश भाटली, निखिल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन को सौंपी 50.31 लाख रुपये की समर्पण निधि

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आर्थिक सुचिता एवं संगठनात्मक स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए गए समर्पण निधि संकलन अभियान का जिले में सफल समापन हुआ। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने बताया कि नरसिंहपुर जिले के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक अभियान में भाग लेते हुए संगठन को 50 लाख 31 हजार 311 रुपये की समर्पण निधि प्रदान की।

विशेष बात यह रही कि संपूर्ण राशि कार्यकर्ताओं से चेक के माध्यम से प्राप्त की गई,जो संगठन की आर्थिक पारदर्शिता और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण है जिला अध्यक्ष श्री पाठक ने बताया कि विधानसभावार प्राप्त

## आर्थिक सुचिता और स्वावलंबन के लिए कार्यकर्ताओं का सहयोग सराहनीय : रामस्नेही पाठक

समर्पण निधि में नरसिंहपुर विधानसभा से 23 लाख 15 हजार 811 रुपये, गोटेगांव विधानसभा से 15 लाख 83 हजार 400 रुपये, गाडरवारा विधानसभा से 6 लाख 75 हजार रुपये तथा तेंदूखेड़ा विधानसभा से 4 लाख 57 हजार 100 रुपये की राशि एकत्रित की गई।उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन को अपना परिवार मानकर समर्पण भाव से योगदान देता है। कार्यकर्ताओं की इसी निष्ठा और सहभागिता के कारण संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने समर्पण निधि अभियान को सफल बनाने वाले सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भागीदारी संगठन की सबसे बड़ी ताकत है।

श्री पाठक ने बताया कि पिछले वर्ष जिले से 32 लाख 18 हजार रुपये की समर्पण निधि प्राप्त हुई थी, जबकि इस वर्ष कार्यकर्ताओं ने कहीं अधिक उत्साह और समर्पण का परिचय देते हुए 50 लाख 31 हजार 311 रुपये का योगदान दिया है। यह वृद्धि कार्यकर्ताओं के संगठन के प्रति विश्वास, निष्ठा और समर्पण का प्रमाण है।

# विराट ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता



नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

इंदौर में चल रहे राज्य स्तरीय रैंकिंग टूर्नामेंट मध्य प्रदेश बैडमिंटन लीग एमपीबीए स्पर्धा में अंडर 11 आयु वर्ग में नरसिंहपुर नगर के छात्र बैडमिंटन खिलाड़ी विराट ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कास्य पदक किया। विक्रम ठाकुर, वर्षा ठाकुर के सुपुत्र विराट भास्कर बाबू बैडमिंट एकेडमी हैदराबाद से हैदराबाद में प्रशिक्षित हैं। राज्य स्तरीय रैंकिंग टूर्नामेंट में नरसिंहपुर नगर का गौरव बढ़ाने पर विराट को खेल प्रेमियों खिलाड़ियों और अनेक संगठन ने बधाई देकर विश्वाश व्यक्त किया है वे निरंतर नगर का गौरव बढ़ते रहेंगे। विराट शियाल पब्लिल स्कूल का छात्र है।

# अंतिम दीदार के बाद ताजिये हुए विसर्जित, कर्बला शरीफ में नम आंखों से दी विदाई

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।** नगर में यौम ए आशूरा के बाद आज शनिवार मोहर्रम की 11 तारीख को शहीदाने कर्बला की याद में ताजियों को विधि-विधान से विसर्जित किया गया । सभी ताजिये शक्कर नदी स्थित कर्बला शरीफ पहुंचकर विसर्जन कुंड में समाहित हो गए। नम आंखों से जायरीनों ने इमाम हुसैन और 72 शहीदों को याद किया । नया बस स्टैंड बाबली अखाड़ा दरगाह के पास ताजिये एकत्रित हुए। यहां लोगो ने आखिरी बार ताजियों की जियारत की। काफी देर तक यहा मजमा लगा रहा । जगह जगह लंगर शरबत का वितरण किया गया

बाबली अखाड़ा से ताजियों का काफिला शक्कर नदी स्थित कर्बला शरीफ के लिए रवाना हुआ। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने ताजियों पर रेबड़ी, इत्र और लोबान पेश कर अंतिम दीदार किया। पूरे मार्ग पर या हुसैन, या हुसैन की पुरदर्द सदाएं गूंजती रहीं। कर्बला शरीफ पहुंचने पर सभी ताजियों को विधि-विधान से नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए विशेष विसर्जन कुंड में



एक-एक कर सभी ताजियों को विसर्जित किया गया। विसर्जन के समय जायरीनों की आंखें नम थीं। लोग इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद कर रहे थे । ताजिया ठंडे करने के पूर्व नियाज फातेहा की गई लोगो ने तबर्रुक लंगर तकसीम किया । स्थानीय प्रशासन , पुलिस विभाग और नगर पालिका ने पुख्ता इंतजाम किये थे ।विसर्जन के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने कहा कि गाडरवारा में हमेशा मोहर्रम शांति और भाईचारे के साथ मनाया जाता है। यही हमारी गंगा-जमुना तहजीब है। उन्होंने प्रशासन द्वारा दिये गये सहयोग के प्रति आभार जताया है ।

मध्यप्रदेश मुस्लिम त्योहार कमेटी के अब्दुल फिरोज खान, मेहमूद पहलवान, आशिक हुसैन, मुस्लिम त्योहार कमेटी के मुजीब खान, हसनी हुसैनी सोसायटी के लकी अली ने प्रशासन व नगर वासियो का शुक्र अदा किया । नौजवान कमेटी द्वारा बड़े वली इमामबाड़े पर लंगर का आयोजन किया जायेगा ।

# ग्रामीणों के मकान पर जंगली हाथी ने किया हमला

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर बफर परिक्षेत्र के गाटा गांव में गुरुवार देर रात एक जंगली हाथी ने ग्रामीण के मकान पर हमला कर दिया। घटना के समय घर में सो रहे परिवार के पांच सदस्य किसी तरह बाहर निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार, हाथी ने राजकुमार कुशवाहा के मकान का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके साथ ही घर के पास लगे केले और कटहल के पेड़ों को भी नुकसान पहुंचाया। मकान टूटने की आवाज से परिवार के लोग जाग गए और दूसरे दरवाजे से बाहर निकलकर गांव की ओर भागे। शोर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर



पहुंचे और आवाज लगाकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों की सूचना पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का वन अमला मौके पर पहुंचा और हाथी की गतिविधियों पर निगरानी शुरू कर दी। मानपुर परिक्षेत्र अधिकारी अंकित सोनी ने बताया कि वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है ताकि हाथी दोबारा गांव की ओर न आए। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त मकान के मुआवजे का प्रकरण तैयार कर भेज दिया गया है। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई है कि हाथी दिखाई देने पर तुरंत वन विभाग को सूचना दें और उससे दूरी बनाए रखें।

# आज पिलाई जाएगी पोलियो

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

जिले में 28 जून रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए दो बूंद जिंदगी की दवा पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने नन्हे-मुन्ने बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। अभियान का शुभारंभ 28 जून को बूथ दिवस के रूप में होगा। इस दिन जिले के सभी पोलियो बूथों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

# सुरभि गौ चिकित्सालय पहुंचे कथा व्यास गुरुचरणदास

हटा (स्वतंत्र मत)।

हटा में श्रीमद देवी भागवत कथा ब्यास गुरुचरणदास महाराज का सुरभि गौ चिकित्सालय गौ हॉस्पिटल में पावन आगमन हुआ। उनके आगमन से गौ चिकित्सालय परिसर भक्तिमय वातावरण से भर गया। पूज्य महाराज ने गौ माताओं के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा समस्त गौ सेवकों द्वारा श्रद्धा, प्रेम और समर्पण भाव से की जा रही गौ सेवा का अवलोकन किया।

गौ सेवकों की निस्वार्थ सेवा देखकर महाराज अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने सभी गौ सेवकों की हृदय से सराहना करते हुए कहा कि गौ सेवा सबसे श्रेष्ठ सेवाओं में से एक है जो मानव जीवन को पुण्य और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करती है। इस अवसर पर उन्होंने सभी को स्नेहपूर्ण आशीर्वाद देते हुए प्रेरणादायक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।



# जयसिंह राजा के भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु मेले में उमड़ी भारी भीड़

**हटा (स्वतंत्र मत)।** नगर के जवाहर वार्ड स्थित शिवशक्ति मंदिर में आयोजित शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा पुराण महाआयोजन के अंतर्गत शुक्रवार रात्रि भजन संध्या का आयोजन हुआ। प्रसिद्ध लोकगीत गायक जयसिंह राजा ने अपने मधुर देवी भक्ति गीतों और लोकभजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को देर रात तक मंत्रमुग्ध किए रखा। रात्रि लगभग 9 बजे प्रारंभ हुई भजन संध्या में जयसिंह राजा ने एक से बढ़कर एक देवी गीत और लोकभजन प्रस्तुत किए। विशेष रूप से जय जय सरकार की स्तुति पर पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया और श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडाल में डटे रहे। कार्यक्रम का निर्देशन अजबधाम के देव रामकोमार ने किया। मंदिर के महंत रामनुग्रह दास छोटे सरकार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने भजन संध्या का आनंद लेते हुए



गायक एवं सहयोगी कलाकारों का सम्मान और उत्साहवर्धन किया। आयोजकों के अनुसार शनिवार को प्रसिद्ध देवी गीत गायक मनीष अग्रवाल तथा रविवार को सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर की प्रस्तुतियां होंगी।

दोनों कार्यक्रमों में अत्यधिक भीड़ की संभावना को देखते हुए आयोजन समिति पंडाल की वैकल्पिक व्यवस्था और अतिरिक्त बैठने की तैयारी पर विचार कर रही है। धार्मिक आयोजन के साथ कथा पंडाल के समीप सोसायटी मैदान में विशाल मेले का भी आयोजन किया गया है।

मेले में विभिन्न दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं बच्चों और युवाओं ने झूलों का भरपूर आनंद लिया। मौत का कुआं भी लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। शुक्रवार को हाट बाजार होने के कारण देर रात तक मेले में भारी भीड़ रही। धार्मिक आयोजन और मेले के संयुक्त आकर्षण से पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

# खाद की कालाबाजारी की सूचना देने पर मिलेगा हजार रुपये का इनाम

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि खाद की कालाबाजारी देखते हुए सरकार ने खाद की कालाबाजारी की सूचना देने वाले को सूचना दाता प्रोत्साहन योजना के तहत एक हजार रुपये नकद इनाम देने की योजना लागू की है। यह योजना उमरिया में लागू की गई है। उन्होने कहा है कि योजना के तहत खाद की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, नकली या मिलावटी खाद की बिक्री और यूरिया के अवैध औद्योगिक उपयोग की सूचना देने पर एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि सीधे बैंक खाते में दी जाएगी। इस योजना के तहत राज्य एवं जिले का कोई भी नागरिक, किसान या व्यापारी अवैध गतिविधियों की शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत के लिए सरकार ने हेल्पलाइन नंबर 155-253 जारी किया है। सूचना देने वाले की पहचान भी गुप्त रखी जाएगी।

# जंगली सुअर का शिकार करने के दो आरोपी गिरफ्तार



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** वन परिक्षेत्र दमोह अंतर्गत ग्राम बांसनी में अवैध रूप से वन्यजीव जंगली सूअर के शिकार एवं मांस रखने के मामले में वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वन मंडल अधिकारी डीएफओ ईश्वर जरांडे और उपवनमंडल अधिकारी एमडी मानिकपुरी के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रम चौधरी के नेतृत्व में टीम ने 26 जून को ग्राम बांसनी स्थित आरोपियों के घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक कमरे से बर्तन व डिब्बों में रखा हुआ पका, उबला एवं भुना हुआ मांस बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने जंगली सूअर के शिकार और मांस रखने की बात स्वीकार की। आरोपियों की निशानदेही पर दोबारा तलाशी में खून लगा कुल्हाड़ी का बेंट, खून लगा हरिया हथियार, जंगली सूअर के बाल तथा मांस के टुकड़े भी जब्त किए गए। जब्त सामग्री का वैज्ञानिक परीक्षण के लिए नमूना सुरक्षित किया जा रहा है। इस प्रकरण में आरोपी पच्चू गोंड व गोकुल गोंड निवासी ग्राम बांसनी थाना दमोह देहात के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2 (6) 2 (20), 9, 39, 50 व 51 के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 704/26 पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ।

# शायोप्रस ने जरूरतमंद मजदूरों को वस्त्र एवं जूतों का किया वितरण

## लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी की झलक

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

सामाजिक सरोकारों के तहत शारदा योग प्राकृतिक शोध संस्थान (शायोप्रस) द्वारा जरूरतमंद एवं श्रमिक परिवारों के बीच पैंट, शर्ट, टी-शर्ट, लोअर, गर्म कपड़े तथा जूतों का नि:शुल्क वितरण किया गया। श्रमिकों की आवश्यकता को देखते हुए आयोजित इस सेवा कार्य से लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी।

इस अवसर पर शायोप्रस के विजय कुमार जोशी ने कहा कि हमारे घरों में उपयोग से बाहर हो







चुके कपड़े, जूते एवं अन्य उपयोगी सामग्री किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए अमूल्य साबित हो सकती है। ऐसे सामान का सही हाथों तक पहुँचना मानवता और परोपकार की सच्ची सेवा है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे अनुपयोगी लेकिन उपयोग योग्य वस्तुओं का दान कर जरूरतमंदों की सहायता करें।कार्यक्रम में राधे (ग्राम भगड़ा), मुन्ना (सिंगलटोला) एवं रामकिशोर (पिपरिया) सहित अनेक श्रमिकों को वस्त्र एवं जूते वितरित किए गए।

लाभार्थियों ने शायोप्रस का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की।इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह रघुवंशी, मनभरन, समय लाल, एचएमएस के नईम खान, रोशन, सूरज, अशोक सोनी, हृषिकेश शर्मा, प्रकाश गोयनका , किशोर अग्रवाल, सालिकराम अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार केके शुक्ला सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बारिश के बीच ताजियों और सवारियों की जियारत

## मुहर्रम पर जगह-जगह लंगर में भारी भीड़, कर्बला शरीफ में देर रात ठंडे हुए ताज़िए

कटनी (स्वतंत्रमत)।





बारिश के बीच शहर में मोहर्रम का पर्व मनाया गया। रिमझिम के व्यवधान के चलते दिलावर चौक से जुलूस शुरू होने में विलंब हुआ, लेकिन मिशन चौक से लेकर थाना तिराहा तक जगह-जगह लंगर में छबील, शरबत और भोजन का वितरण शाम से जारी रहा। इस बार बारिश की वजह से शहर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों से मेन रोड पर ताजिये और सवारियां लाने में थोड़ा वक्त लगा। इमामबाड़ों से ढोल ढमाकों के बीच उठे ताजियों के जुलूस में रिमझिम के बावजूद उत्साह देखते बन रहा था। मोहर्रम के जलसे में दीगर समाजों के लोगों और जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर कटनी शहर की गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखा। मिशन चौक पर मुहर्रम इंतजामिया कमेटियों के लंगर में भारी भीड़ देखने मिली। थोड़ी देर के लिए जाम की स्थिति भी बनी, लेकिन पुलिस के इंतजामों ने ज्यादा देर ट्रैफिक जाम नहीं होने दिया। इस बार मोहर्रम में बारिश की वजह से ताजियेदारों की मुश्किलें बढ़ गई, तथापि उत्साह में कोई कमी नहीं है। त्यौहार कमेटियां व्यवस्था बनाने में लगी हैं तो पुलिस भी पूरे जुलूस मार्ग पर नजर आई। परम्परानुसार ताजियों की जियारत को भी लोग मेन रोड पर पहुंचे। निर्धारित मार्ग पर गश्त के बाद तजिए कर्बला शरीफ में ठंडे किए जाएंगे।

मुस्लिम समाज के भाई अकील सिद्दीकी ने बताया दिन में मौसम बिल्कुल साफ था, इसलिए कुछ जगह ताजियों को सजाकर बाहर रखा था। अचानक बारिश शुरू हो गई, जिसके बाद तुरंत उन्हें इमामबाड़े के अंदर शिफ्ट किया गया। बाद में इन्हें पन्नी से ढककर जुलूस में ले जाया गया। मेन रोड पर बैंड दल और अश्व सवारों के साथ मोहर्रम जुलूस पहुंचा। इसके पहले अलग-अलग इमामबाड़ों से ताजिया और सवारी के जुलूस दिलावर चौक पहुंचकर इकट्ठे हुए। यहां से बारिश के बावजूद जुलूस आगे बढ़ा।

### लोग कहते हैं यहां होती हैं मन्नतें पूरी

कटनी में ताजिया बनाने वाले सलमान ने बताया बारिश की वजह से हमारे सामने चुनौती यह है कि ताजिया गीला हो गया। ताजिया बनाने में 1.5 से 2 लाख रुपए का खर्च आता है और इसे तैयार होने में दो महीने लगते हैं। लोग कहते हैं कि तजिए के दीदार और उसके नीचे से निकलने पर मन्नतें पूरी होती हैं। आज भी यह नजारा देखने मिला। हालांकि ताजियों को बारिश से बचाने पन्नी से कवर कर जुलूस में निकाला गया।

### आकर्षक साज सज्जा

मिशन चौक से लेकर नगर निगम और आजाद चौक तक आकर्षक साज सजावट की गई है। नगीना मस्जिद को भी सजाया गया है। जुलूर्स मार्ग पर झालर लगाकर रोशनी की गई है। इसके पहलेपर्व की तैयारियां दिन भर की जाती रहीं। पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की शहादत का मातमी पर्व मोहर्रम के जुलूस को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। जुलूस दिलावर चौक से यासीन होटल, रजा चौक, मौला चौक, नगर निगम के सामने से होता हुआ सुभाष चौक पहुंचा। वहां से कमानिया गेट पहुंचेगा और कमानिया गेट में लगभग 2-3 घंटे जुलूस रूककर वापिस होगा। वापिसी में जगह-जगह रूकता हुआ मेन रोड से होता हुआ वापिस मिशन चौक पहुंचेगा। आजाद चौक में लगभग रात्रि 2 बजे गाटरघाट व धाऊ चक्की कर्बला शरीफ के लिए रवाना होगा। रात्रि 2 बजे से 3 बजे के बीच जुलूस का समापन हुआ। उधर दोपहर बाद मोहर्रम पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा ताजिया जुलूसों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ताजिया जुलूस मार्गों का पैदल सघन निरीक्षण किया गया।

# मध्यप्रदेश पुलिस का सेफ क्लिक 2.0 अभियान

### कैल्डेरिस समूह के कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण



## कैल्डेरिस फैक्ट्री में गूंजा साइबर सुरक्षा का संदेश, सतर्कता ही साइबर अपराधियों के खिलाफ मजबूत सुरक्षा कवच

कटनी (स्वतंत्र मत)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्य स्तरीय विशेष साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के चौथे दिवस पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अभियान के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के मार्गदर्शन में जिलेभर में व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा अन्य प्रमुख स्थानों पर नागरिकों को साइबर अपराधों के नए-नए तरीकों एवं उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी देकर डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में कैल्डेरिस समूह में विशेष साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें फैक्ट्री के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराधी आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ लोगों की भावनाओं, भय, लालच तथा जल्दबाजी का फायदा उठाकर आर्थिक ठगी को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों के कर्मचारी भी साइबर अपराधियों के निशाने पर रहते हैं, इसलिए किसी भी अनजान कॉल, वीडियो कॉल, ई-मेल, लिंक अथवा मोबाइल एप पर बिना सत्यापन विश्वास नहीं करना चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों से अपने मोबाइल, ई-मेल एवं सोशल मीडिया खातों के लिए मजबूत पासवर्ड रखने, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करने तथा केवल अधिकृत वेबसाइट एवं मोबाइल एप के माध्यम से ही ऑनलाइन लेन-देन करने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करने अथवा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कर्मचारियों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों द्वारा सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने स्वयं जागरूक रहने एवं अपने परिवार, सहकर्मियों तथा समाज को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।



## आहना की समाज सेविकाओं ने स्कूल फीस जमा कर की बच्ची की मदद

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शिक्षा ही सबसे बड़ी ताकत है। इसी भाव के साथ जॉयंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना की समाज सेविकाओं ने जायंट्स अंतरराष्ट्रीय के प्रथम अध्यक्ष पदम नाना चुडासमा के जन्मदिन के अवसर पर जरूरत मंद बच्ची की स्कूल फीस जमा की। सरस्वती स्कूल में दूसरी कक्षा में पढने् वाली छात्रा की 2 साल की फीस जमा करके आहना की समाज सेविकाओं ने पुनीत कार्य किया। इस दौरान आहना ग्रुप की अध्यक्ष वाणी गट्टानी, निशा गुप्ता, स्वाति नायक, रश्मि राय, स्वाति जैन, शिखा गुप्ता, रश्मि गट्टानी, मुक्ता अग्रवाल, उपासना बजाज, चंचल, रेनुका गोयंका, कविता, रेनू मोर, मनीषा, शिवानी, राशी, सुनीता नायक, प्रिती, एकता और भव्या, उपासना बजाज शामिल रहीं।

# एग्जाम के लिए 75 प्रतिशत अटेंडेंस जरूरी

## स्कूल से छुट्‌टी लेना अब पड़ेगा भारी, सीबीएसई ने बनाई नई गाइडलाइन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने देशभर के सभी संबद्ध स्कूलों को बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं। 25 प्रतिशत तक की छूट सिर्फ गंभीर परिस्थितियों जैसे लंबे समय की बीमारी, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भागीदारी, या अन्य गंभीर कारण पर जरूरी दस्तावेजों के आधार पर दी जाएगी। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम छात्रों में नियमितता और अनुशासन लाने में मदद करेगा। साथ ही बीमारियों या अन्य गंभीर परिस्थितियों में समय पर प्रमाण पत्र देना छात्रों के हित में होगा। स्कूलों को दिए गए निर्देश सीबीएसई ने सभी स्कूलों से कहा है कि सत्र की शुरुआत में ही छात्रों और अभिभावकों को उपस्थिति नियम स्पष्ट कर दिए जाएं। बिना लिखित आवेदन के ली गई छुट्टी को अनधिकृत अनुपस्थिति माना जाएगा और छात्र को परीक्षा में बैठने से रोका जा सकता है। मेडिकल कारण से अनुपस्थिति होने पर तुरंत आवेदन और मान्यता प्राप्त सरकारी डॉक्टर का प्रमाणपत्र जमा करना होगा। रिकॉर्ड और निगरानी स्कूलों को रोजाना उपस्थिति रजिस्टर अपडेट करना होगा, जिसे क्लास टीचर और सक्षम प्राधिकारी हस्ताक्षरित करेंगे। ये रजिस्टर सीबीएसई निरीक्षण के लिए हर समय उपलब्ध रहने चाहिए।

**अभिभावकों को देनी होगी लिखित सूचना** - यदि छात्र की उपस्थिति कम है तो स्कूल को रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट या ईमेल के जरिए अभिभावकों को लिखित सूचना देनी होगी। सभी पत्राचार का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना




अनिवार्य है। सख्ती और समय सीमा सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि एक जनवरी तक की उपस्थिति के आधार पर कमी के मामलों को सात जनवरी तक क्षेत्रीय कार्यालय में भेजना होगा। निर्धारित समयसीमा के बाद कोई मामला स्वीकार नहीं होगा। एक बार कमी की रिपोर्ट भेजने के बाद में उपस्थिति पूरी होने का दावा मान्य नहीं होगा। कई निजी और सरकारी सीबीएसई स्कूलों ने इस निर्देश के बाद छात्रों और अभिभावकों को उपस्थिति के नए नियमों की जानकारी देना शुरू कर दिया है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि कई बार त्योहार, निजी कारण या लापरवाही से छात्रों की उपस्थिति घट जाती है, जिससे बोर्ड परीक्षा में बैठने का मौका खतरे में पड़ जाता है। इस बार सख्ती से नियम लागू होंगे।

**इन आधारों पर मिल सकती है छूट** - लंबे समय से गंभीर बीमारी टीबी, कैंसर, हृदय रोग, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भागीदारी, बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त सांस्कृतिक, शैक्षिक प्रतियोगिता, पारिवारिक आपात स्थिति जैसे निकट संबंधी की मृत्यु, अन्य विशेष परिस्थितियां, जिन पर स्कूल और बोर्ड सहमत हों तो उपस्थिति में छूट मिल सकती है। इसके लिए मान्यता प्राप्त सरकारी डॉक्टर का मेडिकल सर्टिफिकेट, खेल प्रतियोगिता में भागीदारी का आधिकारिक प्रमाणपत्र, पारिवारिक आपात स्थिति का प्रमाण स्कूल को समय पर लिखित आवेदन और अभिभावक के हस्ताक्षर से जमा करना होगा।

# कृषि उपज मंडी में गंदगी का अंबार, किसान-व्यापारी परेशान

### बारिश में अनाज खराब होने का खतरा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले की कृषि उपज मंडी में बारिश शुरू होते ही व्यवस्थाओं की हकीकत सामने आने लगी है। मंडी परिसर में जगह-जगह फैली गंदगी, कीचड़ और जल निकासी की बदहाल व्यवस्था से किसान, व्यापारी और हमाल रोजाना परेशान हो रहे हैं।

लाखों रुपये की कृषि उपज लेकर मंडी पहुंचने वाले किसानों को सुविधाएं मिलने के बजाय अव्यवस्थाओं से जूझना पड़ रहा है। पहली ही बारिश ने मंडी प्रशासन के रखरखाव और दावों की पोल खोलकर रख दी है। मंडी परिसर की कई नालियां कचरे और गाद से अटी पड़ी हैं, जिससे बारिश का पानी आसानी से नहीं निकल पा रहा। परिणामस्वरूप परिसर के कई हिस्सों में पानी जमा हो जाता है और कीचड़ फैल जाता है। ऐसे में किसानों को अपनी उपज लेकर फिसलन भरे रास्तों से गुजरना पड़ता है, जबकि हमालों और व्यापारियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर फैली गंदगी से दुर्गंध भी उठ रही है, जिससे मंडी आने वाले लोगों में नाराजगी है। सबसे चिंताजनक स्थिति मंडी के जर्जर शेडों की है। कई शेडों की टीन और छतें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं,



जिनसे बरसात का पानी सीधे नीचे रखी कृषि उपज पर टपक रहा है। यदि लगातार बारिश होती रही तो किसानों का अनाज भीगकर खराब हो सकता है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि पूरी मेहनत से तैयार की गई फसल को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी मंडी प्रशासन की है, लेकिन यहां बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। किसानों और व्यापारियों का आरोप है कि हर वर्ष बारिश से पहले मंडी में मरम्मत, सफाई और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर हालात जस के तस बने हुए हैं। बरसात शुरू होते ही अव्यवस्थाएं उजागर हो जाती हैं और सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को उठाना पड़ता है। उनका कहना है कि यदि समय रहते शेडों की मरम्मत, नालियों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो आने वाले दिनों में बड़ी मात्रा में कृषि उपज खराब होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। किसानों और व्यापारियों ने मंडी प्रशासन से तत्काल जर्जर शेडों की मरम्मत कराने, नियमित सफाई अभियान चलाने और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो बारिश के पूरे मौसम में किसानों को लगातार आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी मंडी प्रशासन की होगी।

# सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक पर कुठला पुलिस ने की कार्यवाही

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा समाज में भयमुक्त वातावरण स्थापित करने, आमजन को सुरक्षा प्रदान करने एवं नागरिकों के निर्बाध जीवन-यापन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में कुठला पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुठला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। अरमान द्विवेदी पिता अरुण द्विवेदी, उम्र 29 वर्ष, निवासी पन्ना मोड़, थाना कुठला, जिला कटनी के द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित की गई थी, जिससे शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना थी।

मामले की गम्भीरता को देखते हुए थाना कुठला पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया तथा उसके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। थाना प्रभारी कुठला अखलेश दाहिया ने बताया कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक, भड़काऊ अथवा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली सामग्री प्रसारित करना दण्डनीय अपराध है। सायबर सेल टीम द्वारा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत एवं कठोर कार्रवाई की जाएगी साथ ही थाना प्रभारी कुठला ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें।

किसी भी पोस्ट, फोटो, वीडियो या संदेश को बिना सत्यापन के साझा न करें तथा ऐसी कोई भी सामग्री पोस्ट न करें, जिससे सामाजिक सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित हो।

# बाकल में एसबीआई शाखा खोलने की मांग तेज

### 100 से अधिक गांवों के व्यापारियों और ग्रामीणों को होगी बड़ी राहत

कटनी (स्वतंत्रमत)। पठार क्षेत्र का प्रमुख व्यवसायिक केंद्र बाकल आसपास के लगभग 100 से अधिक गांवों के साथ-साथ दमोह जिले की सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक गतिविधियों का मुख्य केंद्र बन चुका है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी, किसान, मजदूर, कर्मचारी और ग्रामीण अपनी दैनिक जरूरतों की वस्तुओं की खरीदारी, कृषि उपज के व्यापार तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए पहुंचते हैं। इसके बावजूद क्षेत्र में एसबीआई की शाखा नहीं होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि वर्तमान में उन्हें बैंकिंग कार्यों के लिए दूसरे कस्बों पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं जहां बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है, वहां भी अक्सर लिंक फेल, सर्वर डाउन और नकदी की कमी जैसी समस्याएं बनी रहती हैं। कई बार घंटों इंतजार करने के बाद भी लेन-देन नहीं हो पाता, जिससे व्यापार प्रभावित होता है और ग्राहकों को भी असुविधा होती है। व्यापारियों ने बताया कि आज अधिकांश कारोबार ऑनलाइन भुगतान और बैंकिंग व्यवस्था पर आधारित है। ऐसे में समय पर भुगतान न होने से व्यापारियों की साख प्रभावित होती है। किसानों को फसल बिक्री की राशि निकालने, व्यापारियों को माल का भुगतान करने, विद्यार्थियों को फीस जमा करने, महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की राशि प्राप्त करने तथा आम नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं के लिए अनावश्यक रूप से दूसरे स्थानों की यात्रा करनी पड़ती है। इससे समय और धन दोनों की हानि होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाकल क्षेत्र लंबे समय से व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा है।

यहां लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार आसपास के सैकड़ों व्यापारियों और हजारों ग्रामीणों की आजीविका का आधार है। प्रतिदिन भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी और अन्य व्यावसायिक कार्यों के लिए यहां पहुंचते हैं। इतनी बड़ी आबादी और व्यापारिक गतिविधियों के बावजूद राष्ट्रीयकृत बैंक की प्रमुख शाखा का अभाव क्षेत्र के विकास में बाधा बन रहा है। व्यापारियों का मानना है कि यदि बाकल में एसवीआई की शाखा स्थापित की जाती है तो न केवल व्यापार को गति मिलेगी, बल्कि किसानों, छोटे व्यापारियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, महिलाओं और आम नागरिकों को भी आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां और अधिक सुदृढ़ होंगी। स्थानीय व्यापारी संगठन एवं नागरिकों ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार, जिला प्रशासन तथा एसबीआई प्रबंधन से मांग की है कि क्षेत्र की जनसंख्या, व्यापारिक महत्व और बैंकिंग आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बाकल में शीघ्र ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की पूर्ण शाखा स्वीकृत कर संचालित की जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही बैंकिंग समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके।

# पहली बारिश में तरबतर हुआ शहर, नगर निगम के दावों की खुली पोल

## बारिश का पानी सड़कों में जमा, राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें







कटनी (स्वतंत्रमत)। शुक्रवार को दिनभर तेज धूप और उमस ने लोगों को बेहाल किए रखा, लेकिन शाम होते मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान पर घने काले बादल छा गए और तेज आंधी के साथ मानसून ने शहर में दस्तक दी। इसके बाद करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई, जबकि देर रात तक कहीं तेज तो कहीं मध्यम बारिश का दौर जारी रहा। मानसून की पहली बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत तो दिलाई, लेकिन पहली ही बारिश ने नगर निगम की बारिश पूर्व तैयारियों की पोल भी खोलकर रख दी। पहली बारिश में ही शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों और कई रिहायशी इलाकों में पानी भर गया। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई सड़कों पर बारिश का पानी जमा हो गया। नालियां उफान पर आ गईं और उनका गंदा पानी कचरे के साथ सड़कों पर बह निकला। इससे वाहन चालकों, दोपहिया सवारों और पैदल राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर यातायात की रफ्तार धीमी पड़ गई और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में अतिरित समय लगा। बारिश के साथ चली तेज आंधी का असर भी शहर में देखने को मिला।

कई स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं, जबकि कुछ जगह बिजली आपूर्ति भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुई। मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली। वहीं बारिश का पानी शहर के कई वार्डों की निचली बस्तियों में भर गया, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ स्थानों पर घरों के आंगन और गलियों में पानी जमा होने से दैनिक जनजीवन प्रभावित हुआ। बारिश के दौरान नगर निगम की व्यवस्थाओं की भी हकीकत सामने आ गई। जिन नालियों की सफाई के दावे बारिश से पहले किए गए थे, उनका कचरा और गाद कई स्थानों पर सड़कों पर बहकर आ गया। इससे सड़कों पर गंदगी फैल गई और लोगों को आवाजाही में दिक्कत हुई। बाजार क्षेत्रों में भी पानी भरने से दुकानदारों और ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष मानसून से पहले नालियों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने और जलभराव से निपटने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली ही बारिश में ये दावे धराशायी होते नजर आए। जिन क्षेत्रों में हर साल पानी भरने की समस्या रहती है, वहां इस बार भी हालात में कोई खास सुधार नहीं दिखा। हालांकि बारिश के बाद मौसम पूरी तरह बदल गया। तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। बच्चों और युवाओं ने बारिश का आनंद लिया, वहीं किसानों ने भी मानसून की अच्छी शुरुआत को खेती के लिए शुभ संकेत माना। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी मानसून सक्रिय रहने और रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। पहली ही बारिश ने यह स्पष्ट कर दिया कि शहर में जल निकासी व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। नागरिकों ने नगर निगम से मांग की है कि जलभराव वाले क्षेत्रों में तत्काल पानी निकासी की व्यवस्था की जाए, नालियों की प्रभावी सफाई कराई जाए तथा बारिश के पूरे मौसम में नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि आने वाले दिनों में लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना

# फीफा विश्वकप : बेल्जियम ने न्यूजीलैंड को 5-1 से हराया

वैंकूवर (वार्ता)।

लिएंड्रो ट्रॉसार्ड के शुरुआती दो गोलों की बदौलत बेल्जियम ने शनिवार को फीफा विश्वकप 2026 के ग्रुप जी मुकाबले में न्यूजीलैंड को 5-1 से हराकर नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। बेल्जियम की ओर से लिएंड्रो ट्रोसार्ड ने दो, केविन डी ब्रूइन, रोमेलु लुकाकू और एलेक्सिस सालेमेकर्स ने एक-एक गोल दागा। न्यूजीलैंड का एकमात्र गोल एलियाज जस्ट ने किया। मैच की शुरुआत में 28वें मिनट में लिएंड्रो ट्रॉसार्ड ने गोलकर बेल्जियम को बढ़त दिलाई। हाफ-टाइम तक बेल्जियम 1-0 से आगे था और उस समय बस यही सवाल था कि बेल्जियम सिर्फ़ एक गोल से आगे क्यों है, क्योंकि उनका दबदबा बहुत ज़्यादा था। दूसरे हाफ में खेल खुला-खुला हो गया और न्यूजीलैंड ने अपनी उम्मीदें बनाए रखने का प्रयास की, लेकिन इससे बेल्जियम को अपनी जबरदस्त क्लास दिखाने का मौका मिला और दोनों टीमों के बीच का फर्क साफ नजर आया। दूसरे हाफ के बीच तक बेल्जियम ने तीन गोल की बढ़त बना ली और मैच को एकतरफा कर दिया था। ट्रॉसार्ड ने (50वें) मिनट और केविन डी ब्रूइन ने (66वें) मिनट गोलकर स्कोर 3-0 कर दिया। न्यूज़ीलैंड के



लिए एक गोल हुआ, जिसे एलियाज जस्ट ने (84वें) मिनट में दागा। इसके बाद बेल्जियम को बेंच से लुकाकू को मैदान पर उतारने का मौका मिला। लुकाकू ने दस मिनट के अंदर एक गोल किया और एक असिस्ट दिया, जिससे बेल्जियम ने 5-1 से जीत हासिल की और गोल अंतर के आधार पर ग्रुप जी में शीर्ष पर रही। न्यूजीलैंड का वर्ल्ड कप सफर चौथे स्थान पर रहने के साथ ही खत्म हो गया। बेल्जियम अब शीर्ष रैंकिंग वाली तीसरी पोजिशन की टीमों में से किसी एक के खिलाफ खेलेगी, जबकि मिस्र दूसरे स्थान पर रही और वह राउंड ऑफ 32 में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

## पनामा के दो खिलाड़ियों के बीच हुई झड़प

इंग्लैंड के साथ शनिवार को होने वाले विश्व कप के अपने आखिरी मुकाबले से पहले पनामा के दो खिलाड़ियों के बीच प्रशिक्षण के दौरान झड़प होने का मामला सामने आया है। मध्य अमेरिकी टीम पनामा अपने पहले दो मैच हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। वे मेटलाइफ स्टेडियम में थॉमस टुचेल की टीम के खिलाफ ग्रुप एल में अपना अभियान समाप्त करेंगे, लेकिन मैच से पहले के प्रशिक्षण सत्र में उनके दो खिलाड़ियों सेसिलियो वाटरमैन और जोस लुइस रोड्रिगेज के बीच झड़प हो गई। वीडियो में वाटरमैन को रोड्रिगेज को धक्का देते हुए दिखाया गया है और जब वह बहस जारी रखने की कोशिश कर रहा था तो उसके साथियों ने उसे रोक लिया। जिसके बाद टकराव जल्द ही समाप्त हो गया और प्रशिक्षण सत्र जारी रहा।



# भारत की नजरें सिर्फ और सिर्फ जीत पर

लंदन (वार्ता)।

भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को लंदन के मशहूर लॉर्ड्स में अपने आखिरी विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 ग्रुप एक मैच में नंबर 1 ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी, जिसमें सेमीफाइनल में जगह पक्की होगी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने अपने चारों मैच शानदार तरीके से जीतकर विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 सेमीफाइनल में लगभग जगह पक्की कर ली है। ऑस्ट्रेलिया विमेंस टीम का नेट रन रेट 4.724 है, जो इंडिया के 2.268 से दोगुने से भी ज़्यादा है।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया आगे बढ़ने की मजबूत स्थिति में है, लेकिन बंगलादेश के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की बड़ी जीत के साथ एक बहुत बड़ी हार भी एनआरआर को काम में ला सकती है। भारत, जो दुनिया की नंबर 3 टीम है, ग्रुप एक स्टैंडिंग में पाकिस्तान, नीदरलैंड्स और बंगलादेश पर जीत के बाद चार मैचों में छह पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है, जबकि उसे दक्षिण अफ्रीका से एकमात्र हार मिली है। इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम की ऑस्ट्रेलिया पर जीत से सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की हो जाएगी, चाहे बंगलादेश बनाम दक्षिण अफ्रीका का रिज़ल्ट कुछ भी हो। अगर इंडिया हार जाता है, तो हरमनप्रीत कौर की टीम को रेस में बने रहने के लिए दिन में पहले साउथ अफ्रीका को हराने के लिए बांग्लादेश की जरूरत होगी। इंडिया का बेहतर नेट रन रेट भी उन्हें प्रोटियाज ( 0.734) और बांग्लादेश (-0.849) पर काफी बढ़त देता है। यह मैच लॉर्ड्स में इंडिया का पहला विमेंस टी20 इंटरनेशनल मैच भी होगा। ऑस्ट्रेलिया ने पहले भी इस मशहूर जगह पर एक महिला टी20 खेला है, लेकिन 2023 में इंग्लैंड के खिलाफ हार गई थी। भारत के लिए, उप-कप्तान स्मृति मंधाना चार पारियों में 167 रन बनाकर सबसे सफल बैट्समैन रही हैं, जबकि बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी 12 विकेट लेकर टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वालों में टॉप पर हैं।

## स्पेन ने नॉकआउट में जगह पक्की की

एलेक्स बाएना के गोल की बदौलत स्पेन ने उरुग्वे पर 1-0 की रोमांचक जीत के साथ ग्रुप एच में पहला स्थान हासिल करते हुए नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। एस्टाडियो एक्रोन में शनिवार को एलेक्स बाएना का पहले हाफ का गोल निर्णायक साबित हुआ। स्पेन ने सात अंकों के साथ ग्रुप का समापन किया। उरुग्वे, जिसे क्वालीफाई करने के लिए सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत थी, केवल दो अंकों के साथ बाहर हो गया। स्पेन ने 42वें मिनट में बढ़त बनाई जब बाएना ने अनुभवी गोलकीपर फर्नांडो मुस्लेरा की एक बड़ी गलती का फायदा उठाया। मुस्लेरा के लिए वर्ल्ड कप अभियान का अंत निराशाजनक रहा और हाफ-टाइम



में उन्हें बदल दिया गया। स्टॉपेज टाइम के आखिरी पलों में उरुग्वे की उम्मीदें और कम हो गईं जब ऑगस्टिन कैनोबिओ को पाउ कुबारसी के खिलाफ खतरनाक तरीके से (स्टड्स-अप) टैकल करने के लिए सीधा रेड कार्ड दिखाया गया। मैदान से बाहर भेजे जाने के बाद रेफरी इस्माइल एल्फाथ से बहस करके इस फॉरवर्ड ने स्थिति और खराब कर दी। इस नतीजे के कारण उरुग्वे लगातार दूसरी बार वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से बाहर हो गया।

## मिस्र राउंड ऑफ 32 में पहुंचा

फीफा विश्वकप 2026 ग्रुप जी के आखिरी मुकाबले में शनिवार को ईरान के साथ रोमांचक 1-1 से ड्रॉ खेलकर मिस्र ने राउंड ऑफ 32 में अपनी जगह पक्की कर ली। जबकि स्टॉपेज-टाइम में किए गए विजयी गोल को वीएआर द्वारा रद्द किए जाने के बाद ईरान को अब दूसरी टीमों के मैच नतीजों का इंतजार करना होगा। यहां सिएटल स्टेडियम में पूरे समय की सीटी के साथ ही एक रोमांचक मुकाबला खत्म हुआ जिसमें दोनों टीमों के पास जीत हासिल करने के मौके थे। ईरान को लगा कि उन्होंने दूसरे हाफ के स्टॉपेज-टाइम के तीसरे मिनट में तीन अंक हासिल कर लिए हैं, जब शोजा खलीलज़ादेह ने गोलमाउथ स्क्रैम्बल के बाद गेंद को नेट के




ऊपरी हिस्से में जोरदार शॉट से पहुंचाया। हालाँकि, वीएआर रिव्यू के बाद, गोल को रद्द करार दिया गया, जिससे ईरानी खिलाड़ी निराश हो गए।

मिस्र ने बेहतर शुरुआत की और पांच मिनट के अंदर ही बढ़त बना ली। गोलकीपर अलीरेजा बेइरानवंद मोहम्मद सलाह के प्रयास को रोकने में नाकाम रहे, जिससे महमूद साबेर को गेंद को बॉटम-लेफ्ट कॉर्नर में फर्स्ट-टाइम फ़िनिश करने का मौका मिल गया।

# देविका सिहाग, रौनक चौहान और किंदाबी श्रीकांत यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

कैलिफोर्निया (वार्ता)।

भारतीय शटलर देविका सिहाग, रौनक चौहान और किंदाबी श्रीकांत ने अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कैलिफोर्निया के टाइटन जिम में खेले गये मुकाबले में देविका सिहाग ने जापान की पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन रिको गुंजी को हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 21 वर्षीय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने दबाव में भी संयम बनाए रखते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 22-20, 21-19 से हराया और बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 स्पर्धा के अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। बैडमिंटन रैंकिंग में 35वें स्थान पर मौजूद देविका सिहाग अब इस सीज़न के अपने तीसरे सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं; इससे



पहले उन्होंने इस साल की शुरुआत में थाईलैंड मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 खिताब और अज़रबैजान इंटरनेशनल जीता था। अगले दौर में सिहाग का मुकाबला डेनमार्क की दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी लाइन क्रिस्टोफरसेन से होगा, जिन्होंने भारत की तन्वी शर्मा को 21-16, 11-21, 21-11 से हराया। वहीं 18 वर्षीय रौनक चौहान और अनुभवी 33 वर्षीय किदांबी श्रीकांत भी अपने-अपने पुरुष सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में जीत हासिल कर अंतिम चार में पहुंच गए। बैडमिंटन रैंकिंग में 80वें स्थान पर मौजूद चौहान ने इज़राइल के वर्ल्ड नंबर 77 मिशा ज़िलबरमैन को सिर्फ़ 38 मिनट में 23-21, 21-11 से हराकर अपने करियर के पहले पुरुष एकल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 सेमीफाइनल में जगह बनाई। बाद में, पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के लियाओ झुओ-फू को 21-9, 12-21, 21-8 से हराया। श्रीकांत ने दूसरे दौर में पेरिस 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता मलेशिया के ली ज़ी जिया को हराया था। रौनक चौहान, जिन्होंने दूसरे दौर में चीनी ताइपे के वर्ल्ड नंबर 6 चाउ टिएन चेन को चौंकाते हुए हराया था, फाइनल में जगह बनाने के लिए चीनी ताइपे के आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सु ली यांग का सामना करेंगे, जबकि श्रीकांत का मुकाबला जापान के चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी युदाई ओकिमोतो से होगा। वहीं, महिला सिंगल्स के क्वार्टर-फ़ाइनल में रक्षिता श्री को कनाडा की रेचल चैन के हाथों 15-21, 21-16, 21-12 से हार का सामना करना पड़ा।

## भारत बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

यात्सुशिरो (वार्ता)।

भारतीय टीम ने शनिवार को यहां ग्रुप सी के अपने पहले मैच में कजाकिस्तान पर 2-0 की शानदार जीत के साथ बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। ग्रुप विनर तय करने के लिए चीनी ताइपे के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले को देखते हुए, भारत ने युगल में कुछ बदलाव किए। दुर्गा ईशा कंद्रपु और कीर्ति मंचला की गर्ल्स युगल जोड़ी ने एलिसा कुलेशोवा और डायना नामेनोवा पर 11-5 से जीत के साथ भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। पुनीत सुरेश और दीप्ति राज अदिति को मुस्तफा मलिकज़ान और कुलेशोवा से कड़ी टक्कर मिली, लेकिन वे 11-10 से जीत हासिल करने में कामयाब रहे और स्कोर 22-15 हो गया।

# भारतीय हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 7-1 से हराया

लंदन (वार्ता)।

एफआईएच प्रो लीग 2025-26 सीजन के अपने दूसरे आखिरी मैच में भारतीय हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 7-1 से करारी शिकस्त दी। लंदन के ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में शुक्रवार को खेले गये मुकाबले में हॉकी रैंकिंग में आठवें स्थान पर मौजूद भारत के सात खिलाड़ियों, सुखजीत सिंह (20वें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (26वें मिनट), हार्दिक सिंह (34वें मिनट), जुगराज सिंह (35वें मिनट), अभिषेक (41वें मिनट), राजकुमार पाल (44वें मिनट) और दिलप्रीत सिंह (54वें मिनट) - के गोल की बदौलत शानदार जीत हासिल की। दुनिया की 12वें नंबर की टीम पाकिस्तान ने कप्तान अबू बकर महमूद (13वें मिनट) के गोल से बढ़त बनाई थी। इस जीत के साथ भारत 15 मैचों में 17 अंकों के साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग स्टैंडिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। इतने ही मैचों के



बाद पाकिस्तान का खाता अभी तक नहीं खुला है और वह सबसे आखिरी स्थान पर है, जिससे अगले सीज़न में उसका एफआईएच नेशंस कप में डिमोशन तय है। भारत ने खेल की अच्छी शुरुआत की और शुरुआती दौर में तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन उनका पूरा फायदा नहीं उठा सका। पाकिस्तान ने खेल के प्रवाह के विपरीत बढ़त बनाई, जब अबू बकर महमूद ने पहले क्वार्टर के अंत में अपनी टीम के पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। कुछ मिनट बाद भारतीय हॉकी टीम ने बराबरी कर ली, जब सुखजीत सिंह ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पेनल्टी कॉर्नर को कुशलतापूर्वक गोल में बदल दिया। थोड़ी देर बाद भारतीय कप्तान ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को सीधे निचले कोने में मारकर हाफ-टाइम ब्रेक से पहले स्कोर 2-1 कर दिया। खेल फिर से शुरू होने के कुछ ही देर बाद हार्दिक सिंह ने भारत की बढ़त को और बढ़ा दिया। उन्होंने पेनल्टी स्ट्रोक को आसानी से गोल में बदला। यह स्ट्रोक तब मिला था जब संजय का शॉट एक पाकिस्तानी डिफेंडर से टकराकर डेंजर ज़ोन के अंदर गया था। इस गोल के बाद गोलों की झड़ी लग गई। जश्न अभी खत्म भी नहीं हुआ था कि जुगराज सिंह ने स्कोर 4-1 कर दिया। यह गोल दूसरी तरफ पाकिस्तान के पेनल्टी कॉर्नर को नाकाम करने के बाद बहुत तेज़ी से किए गए जवाबी हमले (काउंटर-अटैक) से हुआ।

अभिषेक के शानदार रिवर्स स्टिक फ़िनिश और हरमनप्रीत के ड्रैग फ़्लिक पर राज कुमार पाल के टैप-इन की बदौलत, तीसरे क्वार्टर के खत्म होने से पहले ही भारत 6-1 से आगे हो गया। दिलप्रीत सिंह ने आखिरी समय में गोल करके भारत के लिए स्कोर 7-1 कर दिया। भारत 2016 से अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पाकिस्तान के खिलाफ़ अजेय रहा है। भारत रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच के साथ अपने एफआईएच प्रो लीग 2025-26 अभियान का समापन करेगा।

# कोटक महिंद्रा बैंक का एमडी पद छोड़ेंगे अशोक वसवानी

मुंबई (वार्ता)।

निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने नये प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी की तलाश शुरू कर दी है। मौजूदा एमडी एवं सीईओ अशोक वसवानी ने बैंक के निदेशक मंडल को बताया है कि वह 31 दिसंबर 2026 को समाप्त हो रहे अपने मौजूदा कार्यकाल के बाद दोबारा इस पद पर नियुक्ति से इच्छुक नहीं हैं। इसके बाद निदेशक मंडल की शनिवार को हुई बैठक में उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। कोटक महिंद्रा बैंक ने आज शेयर बाजारों को बताया कि नये एमडी एवं सीईओ की नियुक्ति की प्रक्रिया नियामक समय-सीमा में पूरी कर ली जायेगी। कोटक महिंद्रा बैंक की स्थापना साल 2003 में हुई थी। इससे पहले यह कोटक महिंद्रा फाइनेंस लिमिटेड के नाम से एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में काम कर रहा था। केएमएफएल देश की पहली एनबीएफसी थी जिसे एक वाणिज्यिक बैंक के रूप में सूचीबद्ध किया गया।

# चावल कड़क, गेहूं, चीनी नरम, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। वहीं, गेहूं और चीनी के दाम गिर गये जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 61 रुपये बढ़कर 3,905 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं 25 रुपये सस्ता हुआ और 2,781 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 14 रुपये बढ़ गयी। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख रहा। चना दाल की औसत कीमत 69 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मूंग दाल में 47 रुपये और उड़द दाल में 28 रुपये की तेजी रही। तुअर दाल छह रुपये



महंगी हुई। वहीं, मसूर दाल का भाव 25 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। स्थानीय बाजार में पाम ऑयल की औसत कीमत 130 रुपये और मूंगफली तेल की 95 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। सूरजमुखी तेल 45 रुपये और सोया तेल 15 रुपये सस्ता हुआ। सरसों तेल नौ रुपये फिसल गया। वनस्पति में 82 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 21 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। चीनी भी 11 रुपये सस्ती हुई।सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव दाल चना 7771.36 रुपये, मसूर काली 8130.97 रुपये, मूंग दाल 10163.10 रुपये, उड़द दाल 10922.31 रुपये, तुअर दाल 11244.67 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं दड़ा 2781.01 रुपये और चावल 3904.69 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3254.64 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4362.23 रुपये और गुड़ 5109.01 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 19298.59 रुपये, मूंगफली तेल 19341.94 रुपये, सूरजमुखी तेल 17916.04 रुपये, सोया तेल 15357.26 रुपये, पाम ऑयल 13800.92 रुपये और वनस्पति 15351.19 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# 10 प्रतिशत से भी अधिक तेजी से बढ़ रहा न्यूट्रास्यूटिकल बाजार

**नई दिल्ली (वार्ता)।** केयरएज रेटिंग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार देश का न्यूट्रास्यूटिकल (पोषण-आधारित स्वास्थ्य उत्पाद) बाज़ार तीव्र वृद्धि के चरण में प्रवेश कर चुका है और यह वर्ष-प्रति-वर्ष लगभग 10.50 प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में इसका मूल्य लगभग 29-30 अरब डॉलर था, जिसके 2026 तक 37-38 अरब डॉलर तथा 2030 तक बढ़कर लगभग 55- 57 अरब डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है जो वर्ष-प्रति-वर्ष औसतन लगभग 10.50 प्रतिशित की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि तेज़ वृद्धि के बावजूद, न्यूट्रास्यूटिकल उद्योग को अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें लगातार बदलता नियामकीय ढांचा, उपभोक्ताओं में जागरूकता की कमी, उत्पादों से जुड़े भ्रामक दावे तथा कुछ उत्पादों के लिए पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाणों का अभाव शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का न्यूट्रास्यूटिकल उद्योग तेज़ी से विकसित हो रहा है। इस वृद्धि के प्रमुख कारण हैं, उपभोक्ताओं में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को लेकर बढ़ती चिंताएं तथा पर्याप्त पोषण की कमी।

# यूएई के लोग चखेंगे रीवा के सुंदरजा आम का स्वाद

**नई दिल्ली (वार्ता)।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लोग अब मध्यप्रदेश का जीआई टैग युक्त रीवा के सुंदरजा आम का स्वाद चखेंगे। रीवा का सुंदरजा आम अपनी असाधारण मिठास, समृद्ध सुगंध, रेशारहित गूदे और विशिष्ट स्वाद के लिए प्रसिद्ध है। पहली बार खाड़ी देश को इस आम का निर्यात किया गया है। इसमें वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीनस्थ कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने मदद की है। यह देश के विशिष्ट कृषि उत्पादों को वैश्विक बाजारों में बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सॉल्ट रेंज फूड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक टन सुंदरजा आम की पहली व्यावसायिक खेप हवाई रास्ते से 26 जून को यूएई के लिए रवाना की गयी। इससे आने वाले समय में दुनिया के अन्य देशों में भी इसके निर्यात का रास्ता खुलेगा। मंत्रालय ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आमों की तुड़ाई निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार की गयी। इसके बाद उनकी ग्रेडिंग, छंटाई और निर्यात-योग्य पैकेजिंग उत्तर प्रदेश के भदोही स्थित ट्राइसागर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के पैक हाउस में की गयी। वाराणसी से हवाई मार्ग से यह खेप संयुक्त अरब अमीरात पहुंचाई गयी। सुंदरजा आम के निर्यात से मध्य प्रदेश के रीवा क्षेत्र के आम उत्पादक किसानों को उल्लेखनीय आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है। स्थानीय बाजार में इस आम का मूल्य लगभग 100-110 रुपये प्रति किलोग्राम है। वहीं, निर्यातक ने किसानों से यह आम 150 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीदा है। इस प्रकार किसानों को 40-50 रुपये प्रति किलोग्राम का अतिरिक्त लाभ मिला है।



# जीएसटी में अनुलोम शुल्क ढांचे से उत्पन्न बाधाओं को दूर किया जाये

नई दिल्ली (वार्ता)।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमी चाहते हैं कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में अनुलोम शुल्क ढांचे से उत्पन्न बाधाओं को दूर किया जाये ताकि उनके समक्ष कार्यशील पूंजी की समस्या न पैदा हो। आगामी एक जुलाई को देश में जीएसटी व्यवस्था लागू हुए नौ साल पूरे हो जायेंगे।

इस अवसर पर लेखा कंपनी डेलॉयट द्वारा कराये गये एक सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाले आधे से अधिक एमएसएमई ने अनुलोम शुल्क ढांचे और रिफंड में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

डेलॉयट साउथ एशिया के इनडायरेक्ट टैक्स लीडर महेश जयसिंग ने कहा, भारत के एमएसएमई ने अनुलोम शुल्क ढांचे से उत्पन्न होने वाली कार्यशील पूंजी की बाधाओं को दूर करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। लगभग 69 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अनुलोम शुल्क की रिफंड व्यवस्था में इनपुट सेवाओं और पूंजीगत वस्तुओं को शामिल करने का समर्थन किया है। वहीं, 63 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इनवर्जन से जुड़ी विसंगतियों को कम करने के लिए जीएसटी दरों को और अधिक तर्कसंगत बनाने की जरूरत बतायी



है। उत्तरदाताओं में 51 प्रतिशत एसमएसई ने संचित आईटीसी शेष के साल के अंत में रिफंड का समर्थन का समर्थन किया है जबकि 49 प्रतिशत पिछली अवधियों के लिए अनंतिम रिफंड शुरू करने का समर्थन करते हैं। सर्वेक्षण में पता चला है कि व्यापक प्रणालीगत सुधारों की भी मजबूत मांग है। उत्तरदाताओं में 72 प्रतिशत केंद्रीयकृत ऑडिट प्रणाली का समर्थन कर रहे हैं। लगभग 89 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने विलंबित जीएसटी रिफंड और प्री-डिपॉजिट पर ब्याज के स्वत: भुगतान का समर्थन किया, जबकि 88 प्रतिशत ने इनवॉइस-आधारित आईटीसी पात्रता और 87 प्रतिशत ने तिमाही कर भुगतान व्यवस्था का समर्थन किया। एमएसएमई के बीच तिमाही रिटर्न फाइलिंग का सबसे व्यापक समर्थन मिला है। डेलॉयट साउथ एशिया के अध्यक्ष (कर) गोकुल चौधरी ने देश के एमएसई पारितंत्र को मजबूत करने में जीएसटी की भूमिका पर कहा, भारत के एमएसएमई हमारे देश के कुल उत्पादन का एक-तिहाई हिस्सा तैयार करते हैं। कुल निर्यात में उनका योगदान लगभग 50 प्रतिशत है। देश की आपूर्ति श्रृंखला के कामकाज और एक पारदर्शी, औपचारिक पारितंत्र बनाने में जीएसटी एक प्रमुख उत्प्रेरक है। अगली पीढ़ी के सुधारों के तहत रिफंड में सुधार करके, इनपुट टैक्स क्रेडिट नियमों को सरल बनाकर और क्रेडिट के निर्बाध उपयोग को सक्षम करके दक्षता और नकदी को बढ़ावा देना चाहिये।

# सिंहस्थ विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला

## दिव्य और भव्य आयोजन के लिए तेजी से चल रही हमारी तैयारी: डॉ. यादव



भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हर 12 साल में होने वाला सिंहस्थ भारत का ही नहीं, विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है। यह हमारी अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति, दर्शन, पीढ़ियों से चली आ रही विरासत, अटूट आस्था और हमारी आध्यात्मिक परम्पराओं का महासंगम है। इस धार्मिक उत्सव में मां शिप्रा के जल में स्नान करने से पापों का शमन होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सिंहस्थ: 2028 को नव्य प्रारूप में भव्य, दिव्य और आध्यात्मिक बनाने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इसके लिए हमारी सभी तरह के प्रबंधन एवं तैयारियां तेजी से जारी हैं। हम सब मिलकर पूरी निष्ठा, लगन और समर्पण से काम करेंगे, तभी सिंहस्थ-2028 एक नई मिसाल कायम करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन में 'सिंहस्थ-2016 के अनुभव, 2028 का संकल्प' विषय पर हुई एक वृहद प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत् शुभारंभ किया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ-2028 के महाआयोजन से जुड़े सभी प्रशासनिक, पुलिस, स्वास्थ्य, नगर निगम और अन्य निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों एवं अन्य प्रतिनिधियों से कहा कि सिंहस्थ केवल एक मेला नहीं, करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बिन्दु है। यह हमारी परम्पराओं, विरासत का भव्य प्रतीक है। इसकी गरिमा बनाए रखने हम सभी की जिम्मेदारी है। अधिकारी-कर्मचारी-स्वयंसेवी संगठन-जनप्रतिनिधि सभी लोग एक टीम की तरह सेवा भावना से कार्य करें, क्योंकि टीम वर्क ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि 'स्वच्छ सिंहस्थ, स्वस्थ सिंहस्थ' ही हमारा संकल्प है। सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भीड़ प्रबंधन, आपातकालीन सेवाओं और त्वरित राहत व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उज्जैन और इसके आस-पास के सभी जिलों में वर्तमान में 25 हजार करोड़ रूपए से अधिक की लागत के विभिन्न श्रेणी के कई विकास कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों के पूरा होने पर उज्जयिनी सम्राट विक्रमादित्य के काल का वैभव पुन: प्राप्त कर धार्मिक, आध्यात्मिक और आर्थिक समृद्धि का एक नया अध्याय लिखेगी। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ - 2028 के दौरान करीब 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का उज्जैन आने का अनुमान है। शिप्रा के नवीन घाटों और मौजूदा घाटों पर 24 घंटे में लगभग 4 करोड़ श्रद्धालु अमृत स्नान कर सकेंगे। हमारी सरकार हर तरह के प्रबंध कर रही है ताकि सभी श्रद्धालु मां शिप्रा के जल से ही स्नान कर सकें।

### विरासत से विकास का अनुष्ठान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। देशभर में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिली है। विरासत से विकास का अनुष्ठान चल रहा है। हमारी धार्मिक और ऐतिहासिक नगरियां देश-दुनिया के श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं।

उज्जैन काल और महाकाल की नगरी है। सौभाग्यशाली लोगों को ही उज्जैन आने का अवसर मिलता है। सिंहस्थ 2028 के भव्य और दिव्य आयोजन के लिए उज्जैन में दूरगामी दृष्टि के साथ अधोसंरचना विकास के कार्य जारी हैं। यहां किए जा रहे कार्य परमात्मा के आशीर्वाद से हो रहे हैं। सिंहस्थ के सफल आयोजन के लिए हर बार पिछली चुनौतियों को लेकर मंथन हुआ है। यह कार्यशाला भी इसी उद्देश्य के लिए आयोजित की गई है।

### समितियों का होगा गठन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 1980 के सिंहस्थ में उन्होंने स्वयं भी स्काउट एंड गाइड वॉलेंटियर के रूप में श्रद्धालुओं की सेवा की थी। वर्ष 1992 में सिंहस्थ समिति की बैठकों में शामिल होने का अवसर भी मिला। सिंहस्थ समितियों में हर वर्ग के अनुभवी लोगों को शामिल कर उनके सुझाव लिए जाते हैं। आगामी सिंहस्थ के लिए सभी समितियों का गठन होना है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी का सिंहस्थ है। सिंहस्थ में पहले साधु-संतों और श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था कराने की चुनौती थी। वर्ष 2022 के बाद उज्जैन शहर में होटल निर्माण, सड़क चौड़ीकरण और विकास के अनेक कार्य शुरू हुए।

### रोड कनेक्टिविटी बढ़ा रहे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन आने-जाने के लिए आसपास के सभी शहरों तक बेहतर रोड कनेक्टिविटी विकसित की जा रही है। पड़ोसी राज्यों से भी चर्चा कर श्रद्धालुओं के लिए सुगम आवागमन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। दूसरी ओर रेलवे लाइन के विकास कार्य भी आवागमन के लिए महत्वपूर्ण हैं। अब फतेहाबाद का ट्रैक चालू हो गया है और नागदा जाने के लिए रेलगाड़ियों को उज्जैन आने की आवश्यकता नहीं है। प्रधानमंत्री और केन्द्रीय रेल मंत्री ने उज्जैन में एक नए रेलवे स्टेशन की सौगात दी है।



# नव आरक्षकों को 'नशा-मुक्त' समाज निर्माण का दिया संदेश

### पुलिस प्रशिक्षण शाला उज्जैन में नशा मुक्ति की दिलाई गई शपथ

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

नशे से दूरी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। इसी संदेश के साथ विश्व मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पुलिस प्रशिक्षण शाला, उज्जैन में संचालित 6वें नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा पाठक सोनी द्वारा किया गया। उन्होंने मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, नशा मुक्ति के महत्व, पुलिस की सामाजिक जिम्मेदारी तथा समाज में नशा विरोधी जन-जागरूकता अभियान की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, इंदौर के निरीक्षक गौरव जायसवाल ने मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, अवैध तस्करी की कार्यप्रणाली, नशे की लत से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं नैतिक दुष्परिणाम तथा इससे जुड़े अपराधों के संबंध में बताया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को मादक पदार्थों से संबंधित सूचना देने हेतु संचालित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1933 की जानकारी दी गई तथा नागरिकों से इस हेल्पलाइन का अधिकाधिक उपयोग कर नशे के विरुद्ध अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में युवाओं से अपील की गई कि वे स्वयं नशीले पदार्थों से दूर रहें, अपने साथियों को भी नशे की ओर बढ़ने से रोकें तथा स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

कार्यशाला के समापन पर उपस्थित सभी नव आरक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। उन्होंने स्वयं नशीले पदार्थों से दूर रहने, समाज में नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने तथा युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

# राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने किया 9.32 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन



भोपाल (स्वतंत्र मत)।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने शनिवार को नर्मदापुरम रोड स्थित नट बाबा शिव मंदिर परिसर में 9 लाख 32 हजार रुपए की लागत से बनने वाली बाउंड्री वॉल एवं वैष्णो भवन का भूमिपूजन किया। इस गरिमामय अवसर पर राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की कर्मठता और निरंतर परिश्रम के कारण ही गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य अनवरत जारी हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर हमारी आस्था के प्रमुख केंद्र होते हैं, जो हमारी मनोकामनाओं को भी पूर्ण करते हैं। ऐसे में आस्था के इन केंद्रों को व्यवस्थित, स्वच्छ और सुविधा संपन्न बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने बताया कि क्षेत्र की जनता की सुविधाओं का निरंतर ध्यान रखते हुए विकास की योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने क्षेत्रीय रहवासियों द्वारा की गई सामुदायिक भवन की मांग को भी जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। वार्ड 53 में आयोजित इस भूमि-पूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद प्रताप वारे, जितेन्द्र शुक्ला, शीला पाटीदार और किशोर पटेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 8 में मनाया बेटी का जन्मदिन

दमोह (स्वतंत्र मत)।

भाजपा नगर उपाध्यक्ष वेद प्रकाश दुबे ने अपनी छोटी बेटी विधि दुबे का जन्मदिन सिविल वार्ड 4 के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 8 में मनाया। जिसमें अध्यनरत बच्चों के बीच आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निशा राय एवं सहायिका विमला सेन की उपस्थिति रही। सभी बच्चों को उपहार दिए एवं मुंह मीठा कराया गया सभी बच्चों ने विधि को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। विधि की बड़ी बहन वेदिका दुबे अपना जन्म दिवस पिछले कई वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र, वृद्ध आश्रम, मूक बधिर विद्यालय एवं पौधारोपण कर अपना जन्मदिन मनाती है। उसी से प्रेरणा लेकर अपना जन्मदिन आंगनबाड़ी केंद्र में मनाने का निर्णय किया। सभी के प्यार एवं स्नेह के लिए विधि की मां अमृता दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।



### पल्स पोलियो अभियान एवं 'सुमन पंचायत' का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

भोपाल (स्वतंत्र मत)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 28 जून को आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की जनस्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान एवं जनभागीदारी आधारित अभिनव पहल सुमन पंचायत का शुभारंभ करेंगे। साथ ही वे स्टेट एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस एक्शन प्लान 2.0 का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री एचपीवी टीकाकरण अभियान एवं स्वस्थ यकृत मिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को सम्मानित भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में संकल्प को साकार करने सशक्त प्रयास किए जा रहे हैं।



# खेजरा गांव में करंट लगने से युवक की मौत

### बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

**हटा (स्वतंत्र मत)।** हटा जनपद के खेजरा गांव में शनिवार रात करंट लगने से एक 30 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने हादसे के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसारए खेजरा निवासी हल्ले भाई 30 वर्ष पिता छप्पन सिंह घर में चल रहे कूलर को बंद करने गए थे। इसी दौरान वे अचानक करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें तत्काल निजी वाहन से हटा के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सद्भाव पूर्ण माहौल में मनाया गया मुहर्रम पर्व

### प्रमुख मार्गों पर निकाला गया ताजिया अखाड़ा जुलूस

हिण्डोरिया (स्वतंत्र मत)।

हजरत इमाम हुसैन रजि. एवं शहीदाने कर्बला वालों की अजीमुश्शान कुर्बानी की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम पर्व नगर में आपसी सद्भाव पूर्ण माहौल में बनाया गया। सबसे पहले नगर एवं आसपास के सैकड़ों मुस्लिम भाई एवं अकीदतमंद हजरात 10 मुहर्रम याने 26 जून की शाम स्थानीय मदार चिल्ला पठानी मुहल्ला वार्ड 8 हिण्डोरिया मे एकत्रित हुए। यहां से एक शानदार अखाड़ा जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों पर सादगी पूर्ण ढंग से शासन प्रशासन की गाइड लाईन का पालन करते हुए बाजे गाजे, स्लामी झण्डे, शहीदे आजम जिन्दाबाद, नारा ए तकबीर अल्लाहो अकबर या अली, या हुसैन आदि गगन चुम्बी नारेबाजी लगाते हुए निकाला गया। झण्डा चौक पर अखाड़ा जुलूस पहुंचने के पश्चात सबसे पहले गंगा जमुनी तहजीब के अलमबरदार एवं पैरोकार अतिथि हेमेन्द्र सिंह बड़े मुन्ना भैया, सुधांशु चौबे, एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी, नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह, टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय, लक्ष्मण खटीक, बड़ेपुरा घराने के नारान सिंह, प्रहलाद सिंह ठाकुर, झब्बू सिंह ठाकुर, पप्पू सिंह ठाकुर, महेन्द्र सिंह ठाकुर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, गजेन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, मकुन्दी खटीक, डॉ. अंशुल खटीक, आरआई धनीराम तेकाम, रामगोपाल नामदेव आदि का नगर मुहर्रम पर्व इंतजामियां कमेटी के सदर मुहम्मद सामी उर्फ शमीम खान एवं उनकी कमेटी के सदस्यों के व्दारा शानदार इस्तकबाल किया गया।इसके बाद अखाड़े के कलाकारों के व्दारा झण्डा चौक पर अपनी परंपरागत चहुमुखी कला का शानदार प्रदर्शन किया गया। अखाड़ा प्रदर्शन के बाद सभी ताजिया, जहूरा, बुर्राक जुलूस झण्डा चौक से इमाम चौक, जामा मस्जिद परिसर, पठान चौक होते हुए जमादार तालाब पहुंचा। जहाँ तालाब में पानी ना होने की वजह से बड़े ताजिया. बुर्राक को विसर्जित नही किया गया। छोटे जहूरा तालाब में जरूर ठण्डे कर दिये गये। फिलहाल बड़े ताजिया बुर्राक को नूरी फरीदी खानकाह शरीफ में रख दिया गया है। इन्हें मुहर्रम पर्व के चालीसवां तक बरसात होने एवं तालाब मे भराव होने के पश्चात विसर्जित किया जायेगा।

सदर मुहम्मद सामी ने कहा कि मुहर्रम पर्व मे नगर परिषद, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, बिजली विभाग एवं पर्व मे शिरकत करने वाले सभी हिन्दू-मुस्लिम अकीदतमंद हजरात की उपस्थिति रही।





### दमोह के पुरैना तालाब में ठंडे हुए ताजिए

मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मुहर्रम को शहर के सभी अखाड़े एवं ताजिया गढ़ी मोहल्ला होते हुए पठानी मोहल्ला पहुंचे। अखाड़ा प्रदर्शन के बाद कर पुरैना तालाब में दो-तीन दर्जन से अधिक ताजिए शांतिपूर्ण ढंग से ठंडे किए गए जिसके बाद सभी लोग अपने घरों को रवाना हुए। इस दौरान एसडीईआरएफ टीम विशेष रूप से तैनात रही। पुरैना तालाब का पानी गंदा होने के कारण कुछ ताजिए नरसिंहगढ़ नदी में ठंडे होने के लिए रवाना हुए। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव और पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी आईपीएस के निर्देशन में जिलेभर में पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। इस दौरान एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया, एसडीएम सौरभ गंधर्व, सीएसपी एचआर पांडे, तहसीलदार रॉबिन जैन, रघुनंदन चतुर्वेदी, पारूल चौधरी मौजूद रहे।

पुलिस व्यवस्था में टीआई कोतवाली मनीष कुमार, टीआई देहात अमित गौतम, टीआई महेंद्र सिंह जगेत, जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, प्लाटून कमांडर प्राची दुबे, सब इंस्पेक्टर नीतेश जैन, यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को के अलावा राजस्व निरीक्षक, पटवारीगण और विद्युत विभाग से श्री राय व उनकी टीम सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# घर में मिले सेवानिवृत्त दंपति के शव

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुदामा नगर में एक मकान के भीतर सेवानिवृत्त दंपती के शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शवों पर चोट के निशान मिलने के बाद हत्या की आशंका के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 64 वर्षीय हेमंत बारीक और उनकी 62 वर्षीय पत्नी शकुंतला बारीक के रूप में हुई है। हेमंत रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे, जबकि शकुंतला कस्तूरबा अस्पताल से नर्स के पद से सेवानिवृत्त हुई थीं। दंपती घर में अकेले रहते थे और मकान के एक हिस्से में छात्र किराए पर रहते हैं। किराएदार छात्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों से दंपती घर से बाहर नहीं निकले थे।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल जबलपुर**

रा.प्र.क्र.911/6/2026-2027
जबलपुर, दिनांक 19/06/26

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अंकुर खरे पिता राजेन्द्र खरे निवासी केजी बोस नगर गढ़ा जबलपुर के द्वारा मौजा कचपुरा स्थित भूमि खसरा नं. 752/2 वर्गफुट में से रकवा 826 वर्गफुट भूमि पर पुष्पा खरे पति राजेद्र खरे की मृत्यु दिनांक 27.12.2025 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किए जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 05/07/26 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 19/06/2026
पेशी दिनांक 05/07/2026

सील

**तहसीलदार**
**आधारताल जबलपुर**

**नाम सुधार सूचना**

मैं राहुल साहू (RAHUL SAHU) पिता रमेश कुमार साहू उम्र-49 वर्ष निवासी-मकान नं. 939, लार्डगंज, राधा कृष्ण मंदिर के सामने, जवाहरगंज वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) पिन कोड-482001 का शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि- यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। 2. यह कि मैं मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा राहुल साहू (RAHUL SAHU) पिता रमेश कुमार साहू दर्ज है। जबकि मेरी कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की अंकसूची में एवं मेरे अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम राहुल कुमार साहू (RAHUL KUMAR SAHU) पिता रमेश कुमार साहू दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। 3. मेरा सही नाम राहुल साहू (RAHUL SAHU) पिता रमेश कुमार साहू जो कि मेरे सभी दस्तावेजों में आधार कार्ड, पेन कार्ड में दर्ज है। 4. अतः मुझे मेरे सही नाम राहुल साहू (RAHUL SAHU) के नाम से जाना पहचाना और पढ़ा लिखा जावे।

**त्रुटिपूर्ण नाम - राहुल कुमार साहू (RAHUL KUMAR SAHU)**
**सही नाम :- राहुल साहू (RAHUL SAHU)**

## ➤ सड़कों पर नहीं थम रही लूट की वारदातें



### झपट्टा मारकर युवक का छीना मोबाइल

**जबलपुर।** गढ़ा थाने में 23 वर्षीय करन जायसवाल निवासी ग्राम धूमा लखनादौन सिवनी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अंधमुख वायपस में बस से उतरकर आटो से रेल्वे स्टेशन जबलपुर जा रहा था देवताल ,गढ़ा के पास पहुंचा और बात करने के लिये अपना मोबाइल निकाला तभी बाइक सवार तीन लड़के आये और चलते आटो से मोबाइल झपटा मारकर भाग गये।

## ➤ बेलबाग थाना क्षेत्र में वारदात, जांच में जुटी पुलिस



### सवारी ले जा रहे युवक को मारा चाकू

**जबलपुर।** बेलबाग थाने में 18 वर्षीय गुलाम गोस निवासी पचकुईया ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया वह साथी फैज अंसारी एवं मोह.फैज के साथ मोहर्रम में सफीक बाबा की सवारी के साथ कसाई मंडी से भानतलैया होते हुये गुरंदी की ओर जा रहे थे तभी भानतलैया प्रेम सागर रोड के पास एक अज्ञात व्यक्ति आकर शराब पीने लिए रूपये मांगने लगा, मना किया तो नुकीली चीज से हमला कर उसे चोट पहुंचा दी।

## ➤ युवक के साथ धोखाधड़ी, जांच में जुटी पुलिस




### लिंक क्लिक करते ही निकल गई रकम

**जबलपुर।** गोरखपुर थाने में नीरज पाल निवासी- गुप्तेश्वर वार्ड गोरखपुर ने लिखित शिकायत कर बताया कि उसके फेसबुक पर एक अंजान लिंक आई जिससे उसका मोबाईल हैक हो गया और उसके बचत खाता जो कैनरा बैंक नेपियर टाउन ब्रांच मे है उसमे से 30000 रूपये फेसबुक चलाते समय एक लिंक आने के बाद बिना जानकारी के किसी अज्ञात व्यक्ति व्दारा निकाल लिये गये है।



# नर्मदा नदी में नहाने गए 8 दोस्तों में से 3 की डूबने से हुई मौत

### तिलवारा थाना अंतर्गत दद्दा घाट का मामला, जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नर्मदा नदी में हुए एक दर्दनाक हादसे ने 3 परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। दरअसल तिलवारा थाना क्षेत्र स्थित नर्मदा के दद्दा घाट पर नहाने गए 3 दोस्तों की नदी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक युवक के गहरे पानी में जाने पर उसे बचाने के लिए दोनों दोस्तों ने हाथ बढ़ाया, लेकिन संतुलन बिगड़ने से तीनों नदी में समा गए। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने तीनों के शव बरामद किए।





### गोताखोरों की ली गई मदद

घटना को लेकर गढ़ा सीएसपी आशीष जैन ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान शुरू कराया। गोताखोरों की मदद से तीनों युवकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि तीनों मृतक अपने-अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे और निजी संस्थानों में काम करते थे। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बरसात के मौसम में नदी-घाटों पर नहाने के दौरान विशेष सावधानी बरतें और गहरे पानी वाले क्षेत्रों में जाने से बचें, ताकि इस तरह की दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।

**एक को बचाने गई 3 की जान**

जानकारी के मुताबिक मुजावर मोहल्ला निवासी सोहिल, साहिल और साबिर (उम्र 16 से 18 वर्ष) सहित 8 दोस्त शनिवार दोपहर दद्दा घाट पर नहाने पहुंचे थे। नहाने के दौरान सोहिल अचानक गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने के लिए साहिल और साबिर ने हाथ बढ़ाया, लेकिन सोहिल ने घबराहट में दोनों को पकड़ लिया, जिससे तीनों का संतुलन बिगड़ गया और वे गहरे पानी में डूब गए। इस घटना की सूचना मिलते ही तिलवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घाट पर तीनों के कपड़े पड़े मिले, जिसके बाद अनहोनी की आशंका जताते हुए गोताखोरों को बुलाया गया। लगभग 3 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद तीनों के शव नदी के बीच झाड़ियों में फंसे हुए मिले। शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।

# जिनसार में 5 दिवसीय एड ऑन कोर्स का सफल आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



हितकारिणी सभा द्वारा संचालित जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च (जिनसार) द्वारा प्राचार्या प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी के मार्गदर्शन में तथा कोर्स समन्वयक भानु प्रिया राजक एवं अरविंद यादव के समन्वय से 22 जून से 27 जून 2026 तक फिसियोलॉजीकल फर्स्ट ऐड विषय पर विषय पर पांच दिवसीय ऐड-ऑन कोर्स का सफल आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को फिसियोलॉजीकल फर्स्ट ऐड, तनाव एवं संकट की पहचान, प्रभावी संचार एवं सक्रिय श्रवण, बच्चों, वयस्कों, वृद्धजनों एवं शोकग्रस्त व्यक्तियों की सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. सुरभि केहरी, ऋषिका कोठारी, आशी साइमन, आशीष दाऊद, एवं स्वप्निल मसीह ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

इस ऐड-ऑन कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संकट की परिस्थितियों में प्रभावी एवं संवेदनशील सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करना था। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

## मामी के पुनर्विवाह से नाखुश मामा ने भांजी को पत्थर मारा

**जबलपुर** । खमरिया थाने में 30 वर्षीय दिवांगी उपाध्याय निवासी पटरा उमरिया, पनागर वर्तमान पता सोनपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने मायके सोनपुर अपनी छोटी मामी के पुर्नविवाह में सम्मलित होने आयी थी। उसकी छोटी मामी के विदा होने के बाद उसके रिश्ते के मामा माधव प्रसाद तिवारी इस विवाह से नाखुश थे। जिस कारण गुस्से में आकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। युवती ने अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिय। तब माधव प्रसाद बोले कि बाहर निकलेगी तो जान से खत्म कर दूंगा, युवती ने तुरंत उसने सूचना पुलिस को दी पुलिस को देखकर माधव प्रसाद तिवारी भाग गया । पुलिस के जाने के बाद माधव प्रसाद तिवारी लौट आया और उसे पत्थर फैंककर मारा। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए तफ्तीश शुरू कर दी है।



### रेलवे स्टेशन पर परिजनों से बिछड़ी मासूम को सुरक्षित मिलाया

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर मंडल के कटनी स्टेशन पर रेलवे स्टाफ की सतर्कता के चलते एक 5 वर्षीय मासूम बच्ची सकुशल अपने माता-पिता की गोद में पहुंच गई। घटना के दौरान उप स्टेशन प्रबंधक अभिषेक दुबे प्लेटफॉर्म का रूटीन निरीक्षण कर रहे थे। तभी उनकी नजर एक असहाय और रोती हुई मासूम बच्ची पर पड़ी। संवेदनशीलता दिखाते हुए बिना समय गंवाए बच्ची को अपने संरक्षण में लिया। इसके बाद बच्ची से मिली थोड़ी-बहुत जानकारी के आधार पर स्टेशन के लाउडस्पीकर से लगातार अनाउंसमेंट करवाई गई। घोषणा सुनकर बच्ची को ढूंढते हुए उसके घबराए हुए माता-पिता तुरंत स्टेशन कार्यालय पहुंचे। रेलवे अधिकारियों ने पूरी सावधानी बरतते हुए आवश्यक पहचान और जरूरी सत्यापन प्रक्रिया पूरी की, जिसके बाद बच्ची को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

## एमपीजीसीएल की नई इकाई पहुंचे डायरेक्टर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के डायरेक्टर कमर्शियल मिलिंद भान्दक्कर ने सारनी स्थित सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में निर्माणाधीन 660 मेगावाट क्षमता की सुपरक्रिटिकल इकाई ,यूनिट-12 का गहन निरीक्षण किया। प्रबंध संचालक मनजीत सिंह के निर्देशों के तहत उन्होंने वरिष्ठ अभियंताओं और निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट हिदायत दी कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को तय समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता और कड़े सुरक्षा मानकों के साथ पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान भान्दक्कर ने बॉयलर और टरबाइन क्षेत्र में चल रहे सिविल, मैकेनिकल और तकनीकी कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने भेल स्टोरेज यार्ड, साइट कार्यालय, भेल कॉलोनी और बैचिंग प्लांट का भी दौरा किया। वहां उन्होंने उपकरणों के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था और श्रमिकों को मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने तकनीकी उपकरणों और महत्वपूर्ण अभिलेखों को सुरक्षित रखने के लिए नवनिर्मित 'नवीनीकृत शेड्स' का लोकार्पण भी किया।

## पमरे जीएम ने देखी वैगन रिपेयर वर्कशॉप की व्यवस्थाएं

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने अपने दो दिवसीय कोटा मंडल निरीक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कोटा रेलवे स्टेशन एवं न्यू कोटा स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत महाप्रबंधक कुलकर्णी सभागार में आयोजित एसएनटी कॉन्फ्रेंस में भी शामिल हुए। इसके पश्चात उन्होंने न्यू कोटा स्टेशन पहुंचकर यात्री सुविधाओं एवं स्टेशन पुनर्विकास से संबंधित कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके उपरांत महाप्रबंधक ने कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप का निरीक्षण कर व्हील एवं सीटीआरबी शॉप, बोगी शॉप तथा बॉक्स शॉप की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया।





### दुष्कर्म से संबंधित मामलों पर मप्र हाईकोर्ट का एट्रोसिटीज एक्ट पर ऑर्डर

# अपने बयान से नहीं मुकरने का देना होगा शपथपत्र , तभी मिलेगी आर्थिक सहायता

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। दुष्कर्म पीड़िता को आर्थिक मदद मिलने के बाद उसे एक एफिडेविट पेश करना होगा। जिसमें लिखा जाएगा कि पीड़िता सहायता राशि लेने के बाद अपने बयान से न मुकरेगी और न ही आरोपी से समझौता करेगी। दरअसल मप्र हाईकोर्ट ने प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटीज एक्ट (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम) के कथित दुरुपयोग से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की है।

जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अपने फैसले में एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं को दुष्कर्म के मामलों में मिलने वाली शासकीय आर्थिक सहायता का उल्लेख करते हुए कहा कि पीड़िता को यह स्पष्ट लिखना होगा कि वह अपने आरोपों पर कायम रहेगी, जिससे इस अधिनियम का दुरुपयोग न हो।

***ये है पूरा मामला***- जानकारी के अनुसार खमरिया थाना क्षेत्र की एसटी वर्ग की एक महिला ने अपने साथ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद दुष्कर्म की धाराओं के साथ प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटीज एक्ट भी लगाया था। प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटीज एक्ट में प्रावधान है कि यदि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति की किसी महिला के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज होता है, तो उसे सरकारी खजाने से 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। पीड़िता का कहना है कि वर्ष 2022 से अब तक 4 साल बीत चुके हैं, लेकिन उसे अभी तक केवल 75 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिली है। जस्टिस विशाल मिश्रा ने कहा कि नियमों के अनुसार पीड़िता को लगभग 75 प्रतिशत राशि दी जानी चाहिए। हालांकि इसके लिए उसे अपनी ओर से एक एफिडेविट देना होगा कि सहायता राशि लेने के बाद वह अपने बयान से नहीं मुकरेगी और न ही आरोपी से कोई समझौता करेगी।

***3 चरणों में मिलती है सहायता*** - आदेश में यह भी कहा कि पीड़िता को एफिडेविट में स्पष्ट लिखना होगा कि उसके आरोपों पर वह कायम रहेगी। यदि महिला 15 दिनों के भीतर ऐसा एफिडेविट प्रस्तुत कर देती है, तो शासन की ओर से उसे शेष राशि दे दी जाएगी। हालांकि कि जस्टिस विशाल मिश्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि एफिडेविट प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो याचिकाकर्ता को यह राशि नहीं मिलेगी। हाईकोर्ट ने यह भी कहा यदि एफिडेविट देने के बाद महिला समझौता कर लेती है, बयान से मुकर जाती है या होस्टाइल हो जाती है, तो उसके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाएगा और दी गई पूरी राशि की वसूली भी की जाएगी। दरअसल प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटीज एक्ट में प्रावधान है कि एससी-एसटी वर्ग की दुष्कर्म पीड़िता को आर्थिक सहायता तीन चरणों में दी जाती है। पहली 50 प्रतिशत राशि मेडिकल परीक्षण में पुष्टि होने के बाद, 25 प्रतिशत राशि चार्जशीट दाखिल होने के बाद और शेष 25 प्रतिशत राशि ट्रायल समाप्त होने के बाद दी जाती है।

### बिजली विभाग की बैठक में किसानों ने रखी मांगे

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** भारतीय किसान संघ जिला जबलपुर की तहसील सिहोरा ऊर्जा आयाम की बैठक मझगवां डीसी में सब इंजीनियर लखेरा की मौजूदगी में आयोजित हुई। बैठक में खम्हरिया के कृषक कौशल पटेल, लक्ष्मण पटेल और रामभक्त पटेल के 25-25 केवीए के जले ट्रांसफार्मर तत्काल बदलने की मांग उठी। कृषि लाइन के दो झुके पोल, भटली व खिरहनी-छिनिगाम लाइन के मेंटीनेंस तथा पराखेड़ा में रोकड़ पटेल व दिलीप पटेल के टूटे पोल का मुद्दा भी रखा गया। गलत बिलिंग को लेकर रघुनाथ पटेल, जयराम पटेल, महेंद्र पटेल तथा प्रदोष पटेल के प्रकरण उठाए गए। बैठक में बताया गया कि मझगवां उपकेंद्र से 50 गांव, 350 किमी 11 केवी लाइन, 600 किमी एलटी लाइन और 1500 ट्रांसफार्मर संचालित हैं, जबकि केवल तीन लाइनमैन व छह आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं। मुरवारी 33 केवी लाइन तैयार होने तथा कुम्ही सतधारा में नया उपकेंद्र स्थापित करने की मांग भी रखी गई। सब इंजीनियर ने सूर्य ऊर्जा कनेक्शन और पांच रुपये में स्थायी कनेक्शन योजना की जानकारी दी।




# चार लाख बच्चों को पिलाई जाएगी 2 बूंद जिंदगी की

### आज से होगी पल्स पोलियो महाअभियान की शुरूआत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



संस्कारधानी में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो मुक्त रखने के लिए रविवार, 28 जून से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शंखनाद होने जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विनोद कुमार गुप्ता के अनुसार, इस बार जिले में कुल 3,89,226 बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाने का बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी कमर कस ली है। इस महाअभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए जिलेभर में 2,468 पल्स पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जहां 4,936 वैक्सीनेटर्स तैनात रहेंगे। अभियान की सुचारू निगरानी के लिए 363 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी शासकीय अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों को पल्स पोलियो बूथ का रूप दिया गया है, जहां पहले दिन बच्चों को मुफ्त खुराक पिलाई जाएगी। प्रशासन ने हाई-रिस्क क्षेत्रों, झुग्गी बस्तियों और ईंट-भट्टों के बच्चों तक पहुंचने के लिए 30 मोबाइल और 106 ट्रांजिट टीमें गठित की हैं। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में सफर कर रहे बच्चों के लिए 40 विशेष टीमें मुस्तैद की गई हैं। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और डॉ. नवीन कोठारी ने जबलपुर के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अभियान के पहले ही दिन बच्चों को नजदीकी बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक जरूर पिलवाएं।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**